सुप्रभात
रांची, गुरुवार
10.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

आजादी का अमृत महोत्सव

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, नवमी /दसमी , संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 31

06 वन संपदा को हर हाल में बचाना ही होगा

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## समापन समारोह

पहले दिन की झलकियां



# झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023

समृद्ध
आदिवासी
जीवन दर्शन
की झलकियां

मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय **मुख्यमंत्री, झारखण्ड**

विशिष्ट अतिथि
समस्त माननीय **मंत्री, झारखण्ड सरकार**
तथा
**माननीय मंत्रीगण, माननीय सांसदगण,**
**माननीय विधायकगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की**
गरिमामयी उपस्थिति में

10 अगस्त 2023
समय: सायं 05:00 बजे से
**बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची**



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 304311 (IPRD) 23-24

## खबर एक नजर में

### भैरव सिंह की याचिका हाईकोर्ट में खारिज

**सीएम हेमंत सोरेन का काफिला रोकने के मामले का मुख्य आरोपी है भैरव सिंह**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन का काफिला रोके जाने के मामले का मुख्य आरोपी भैरव सिंह की ओर से दायर क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को हुई। कोर्ट ने भैरव सिंह की याचिका खारिज कर दी। इससे पहले सुनवाई के दौरान राजकीय अधिवक्ता मनोज कुमार ने भैरव सिंह की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि निचली अदालत का फैसला सही है। भैरव सिंह के खिलाफ कई साक्ष्य मिले हैं जिसके आधार पर निचली अदालत ने उनके डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज किया। दरअसल, भैरव सिंह की ओर से निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने एवं चार्जफ्रेम किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी है।

### सिद्धांत बने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य



**रांची।** रांची के रातू रोड में इंद्रपुरी के सिद्धांत सुमन राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य मनोनीत किए गए हैं। उनका मनोनयन सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री द्वारा गैर सरकारी सह चयनित सदस्य के लिए नामित व्यक्ति के रूप में हुआ है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष की ओर से परिषद का पुनर्गठन किया गया है। इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ की ओर से गजट का प्रकाशन भी हुआ है।

### मिशन इंद्रधनुष का जायजा लेने चतरा पहुंची टीम



**रांची।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित मिशन इंद्रधनुष का जायजा लेने को लेकर राष्ट्रीय टीम चतरा पहुंची। इस दौरान टीम के सदस्यों ने कई स्वास्थ्य केंद्रों का जायजा लिया और स्वास्थ्य कर्मियों को दिशा निर्देश दिये। चतरा आने वाली टीम में डॉ. यशिका नेगी शामिल थी। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके साथ चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सिंडरेला बालमुचू भी उपस्थित थीं। क्षेत्र भ्रमण के बाद सदर अस्पताल पहुंची टीम के सदस्यों ने सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में उप स्वास्थ्य केंद्र के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और कई जानकारियां ली।

### स्वर्णरेखा परियोजना की प्रभारी विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी रंजना पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा की अधिकारी व तत्कालीन प्रभारी विशेष-भू अर्जन पदाधिकारी संख्या 1, सुवर्णरेखा परियोजना मानगो के रंजना मिश्रा पर विभागीय कार्यवाही संचालित की जायेगी। उनके विरूद्ध प्राक्कलन की बिना जांच किए अभिलेख उपायुक्त सरायकेला-खरसावां को उपस्थापित करने, अभिलेख के गहन छानबीन किए बिना एवं स्थल जांच किए बिना प्राक्कलन तैयार कर वादी के दावा को सही बनाकर वरीय पदाधिकारी के समक्ष अनुमोदन के लिए भेजना, आयुक्त कार्यालय, कोल्हान प्रमंडल के सात दिसंबर 2007 के पद द्वारा की गयी कारण पृच्छाओं पर चार साल से अधिक समय तक कोई कार्रवाई नहीं करने सहित अन्य आरोप हैं। पूरे मामले पर जलसंसाधन विभाग झारखंड द्वारा 23 नवंबर 2022 को आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की गयी थी। मामले की जांच में प्रथमदृष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया। झाप्रसे सेवा की उक्त अधिकारी से 15 दिनों में जवाब मांगा गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### एनआइए ने मांगा इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर

रांची। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को इंस्पेक्टर व सब-इंस्पेक्टर की जरूरत है। एनआइए ने झारखंड पुलिस से इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और एएसआई को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया है। एनआइए ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि एनआइए को 33 इंस्पेक्टर, 39 सब-इंस्पेक्टर और 25 एएसआई की जरूरत है। उन्हें एनआईए के विभिन्न ब्रांच में प्रतिनियुक्त किया जाएगा।

**रांची समेत अन्य ब्रांच में होगी पोस्टिंग :** इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और एएसआई की प्रतिनियुक्ति एनआइए के दिल्ली, रांची, गुवाहाटी, हैदराबाद, मुंबई, लखनऊ, कोलकाता, कोच्चि, रायपुर, चंडीगढ़, इंफाल, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, जयपुर, पटना और अहमदाबाद में होगी।

### उत्पाद विभाग के पांच अधिकारियों का तबादला

**रांची।** उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पांच पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है।

**पंकज कुमार :** सहायक आयुक्त उत्पाद कार्यालय रांची।
**अमित कुमार** : गुप्ता सहायक आयुक्त उत्पाद कार्यालय धनबाद।
**मो. गुरफान :** सहायक आयुक्त उत्पाद कार्यालय जमशेदपुर।
**मणिकांत कुमार** : अधीक्षक उत्पाद कार्यालय देवघर
**जितेंद्र कुमार :** सहायक आयुक्त कार्यालय धनबाद।

# झारखंड में आइएएस समेत 13 लोग बने इडी के शिकार



**13 लोग हो चुके हैं गिरफ्तार**

| | |
|---|---|
| -छवि रंजन | -फैयाज खान |
| -अमित अग्रवाल | -मोहम्मद सद्दाम |
| -प्रदीप बागची | -राजेश राय |
| -भानु प्रताप | -भरत प्रसाद |
| -अफसर अली | -विष्णु अग्रवाल |
| -इम्तियाज खान | - दिलीप घोष |
| -तल्हा खान | ------------ |

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड में आइएएस समेत 13 लोगों को सलाखों के पीछे भेजा है। तीन माह के दौरान इडी ने यह कार्रवाई की है। कार्रवाई में सबसे अधिक आरोपी रांची में जमीन घोटाले मामले से संबंधित है। इडी ने मनरेगा घोटाले मामले में दो, अवैध खनन घोटाला में पांच और टेंडर फॉर कमीशन मामले में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

**आइएएस की रिपोर्ट पर इडी हुई थी सक्रिय** : इडी ने जमीन घोटाले की जांच रांची के तत्कालीन आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी की रिपोर्ट के आधार पर शुरू की थी। सेना के कब्जे वाली जमीन के सिलसिले में जांच कर आयुक्त ने रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट था कि फर्जी नाम और पता के आधार पर सेना की जमीन पर कब्जा किया गया। रांची नगर निगम ने इस मामले में बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इडी ने प्राथमिकी को इसीआइआर के रूप में दर्ज कर जांच शुरू की थी।

**कब-कब हुई छापेमारी** : इस मामले की जांच शुरू हुई तो इडी ने पहला छापा नवंबर 2022 में व्यापारी विष्णु अग्रवाल, अमित अग्रवाल के ठिकानों पर की थी। इडी ने दूसरी बार छापा मारा 13 अप्रैल को रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के अंचलाधिकारी मनोज कुमार, कर्मचारी भानु प्रताप समेत जमीन के कारोबार से जुड़े 21 ठिकानों पर छापेमारी की गयी थी। छापेमारी में कई अहम सबूत मिले थे। सरकारी दस्तावेज घर में रखने के आरोप में कर्मचारी भानु प्रताप सहित सात जमीन कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया। रिमांड पर इन अभियुक्तों से हुई पूछताछ के दौरान जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ करने में शामिल अन्य लोगों की जानकारी मिली थी। इसके बाद 24 अप्रैल इडी ने मुख्यमंत्री सचिवालय में पदस्थापित पीपीएस उदय शंकर के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इडी को जानकारी मिली की जमीन कारोबारियों को प्रशासनिक मदद पहुंचाने की कोशिश इसी जगह से होती थी।

## विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज के प्रबुद्धजनों से किया संवाद

# आदिवासियों की लोक परंपरा और रीति-रिवाजों में जीवंतता : राज्यपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बुधवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने जनजातीय समुदाय की विभिन्न हस्तियों व प्रबुद्धजनों से संवाद किया। इस मौके उन्होंने कहा कि समाजहित में सक्रियता से कार्य करने के लिए सदैव प्रयासरत रहें। शिक्षित और ज्ञानवान समाज के निर्माण में अपनी अहम भागीदारी निभायें। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड वीरों की भूमि है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा समेत कई महान हस्तियों ने मातृभूमि और समाज के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। प्रधानमंत्री ने उल्लेखनीय पहल करते हुए भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।



राजभवन में आयाजित कार्यक्रम में जनजातीय समुदाय के प्रबुद्धजनों से संवाद करते राज्यपाल

राज्यपाल ने कहा जनजातियों की कला, संस्कृति, लोक परंपरा और रीति-रिवाजों में जीवंतता है। पारंपरिक गीत और नृत्य बहुत आकर्षक होते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड एवं तमिलनाडु की संस्कृति और खानपान में काफी एकरूपता है। सिर्फ भाषायी अंतर है। उन्होंने कहा कि झारखंड, लैंड ऑफ आर्चरी : उन्होंने कहा कि यहां आदिवासी समाज की महिलाएं परिश्रमी हैं। वे स्वयं सहायता समूह से जुड़ रही हैं, इससे जुड़ने के बाद उनके सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। यहां के जनजाति समुदाय के लोग कई क्षेत्रों, विशेषकर कला, साहित्य और खेल के विभिन्न रूपों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। झारखंड को लैंड ऑफ आर्चरी के रूप में जाना जाता है। यहां के विभिन्न खिलाड़ियों व एथलीटों ने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है।

### जनजातियों की भूमि मामले में चिंतन जरूरी

राज्यपाल ने कहा कि जनजातियों की भूमि हड़पने के कई मामले आते हैं। इस पर गंभीरता से चिंतन करने की आवश्यकता है। जनजाति समाज प्रकृति प्रेमी होते हैं। ग्लोबल वार्मिंग के इस युग में प्रकृति के संरक्षण के लिए इनसे प्रेरणा लेनी चाहिये। उन्होंने कहा कि लोग बड़े शहरों में रहते हैं, उनके पास बड़ी इमारतें हैं, सुख-सुविधाओं से घिरे हुए हैं, लेकिन वे दुखी हैं।

**जनजातीय समुदाय से संवाद उल्लेखनीय प्रयास** : झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव ने कहा कि राज्यपाल द्वारा जनजातीय समुदाय के लोगों को आमंत्रित कर संवाद करना उल्लेखनीय प्रयास है। इस अवसर पर डॉ नारायण उरांव ने लोक गीत प्रस्तुत किया। सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी महादेव टोप्पो ने राज्यपाल को विभिन्न विषयों पर लिखित सभ्यों के बीच आदिवासी एवं आदिवासी विश्व चेतना पुस्तक भेंट की। इस मौके पर पर्यावरण कार्यकर्ता पद्मश्री जमुना टुडू, राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो ई बाला गुरुसवामी, निदेशक एक्सआईएसएस डॉ जोसेफ एम कुजूर मौजूद थे।

### डॉ. लंबोदर महतो को मिला महात्मा गांधी बेस्ट एमएलए अवार्ड



**रांची।** इंडिया इंटरनेशनल फ्रेंडशिप सोसायटी ने आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो को महात्मा गांधी बेस्ट एमएलए अवार्ड से सम्मानित किया है। उन्हें नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल सभागार में एक भव्य समारोह में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने सम्मान प्रदान किया। विधायक डॉ लंबोदर महतो को यह सम्मान राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए तथा विधानसभा में शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने, विधायी कार्यों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने को लेकर दिया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने डॉ लंबोदर महतो को व्यवहार कुशल बताया और उनके कार्यों की सराहना की। वहीं डा. लंबोदर महतो ने कहा कि यह सम्मान हमें नहीं बल्कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र की जनता को मिला है।

## अपराधियों की गिरफ्तारी में अन्य जिलों से रांची टॉप पर

**झारखंड में एक माह में 2334 अपराधी गिरफ्तार रांची में सबसे अधिक 199**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में पिछले एक माह के दौरान 2334 अपराधी गिरफ्तार हुए हैं। जिनमें रांची जिले में सबसे अधिक 199 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। इन अपराधियों के पास से झारखंड पुलिस ने 68 हथियार, 127 जिंदा कारतूस और सात बम बरामद किये।

**किस जिले में कितने अपराधी हुए गिरफ्तार**

| जिला | गिरफ्तार | जिला | गिरफ्तार | जिला | गिरफ्तार |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची | 199 | लातेहार | 75 | दुमका | 24 |
| खूंटी | 57 | गढ़वा | 125 | गोड्डा | 81 |
| गुमला | 86 | हजारीबाग | 163 | जामताड़ा | 40 |
| सिमडेगा | 26 | रामगढ़ | 51 | देवघर | 111 |
| लोहरदगा | 45 | कोडरमा | 90 | साहेबगंज | 97 |
| चाईबासा | 94 | चतरा | 93 | पाकुड | 54 |
| सरायकेला | 49 | गिरिडीह | 188 | रेल जमशेदपुर | 12 |
| जमशेदपुर | 158 | धनबाद | 121 | रेल धनबाद | 12 |
| पलामू | 83 | बोकारो | 101 | कुल | 2334 |

## राज्य के 10 एएनएम ट्रेनिंग स्कूलों का 3.15 करोड़ रुपये से होगा कायाकल्प

**स्वास्थ्य विभाग तैयारी में जुटा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के 10 एएनएम ट्रेनिंग स्कूलों का कायाकल्प की तैयारी है। स्वास्थ्य विभाग इसकी तैयारी में जुट गया है। इसी कड़ी में विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 3 करोड़ 15 लाख 66 हजार 599 रुपये का आवंटन किया है। इस राशि से ट्रेनिंग स्कूलों में किताब, फर्नीचर, मशीन, उपकरण आदि की खरीदारी होगी। आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिले के उपायुक्त होंगे। वहीं राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव खुद होंगे।



**इन एएनएम ट्रेनिंग स्कूलों के लिए इतनी राशि का आवंटन**

| जिला | राशि आवंटित |
|---|---|
| रांची | 25,81,880 |
| सिमडेगा | 35,33,351 |
| गिरिडीह | 26,81,132 |
| देवघर | 36,26,181 |
| दुमका | 35,61,738 |
| पलामू | 34,97,623 |
| हजारीबाग | 30,65,383 |
| धनबाद | 26,05,766 |
| पूर्वी सिंहभूम | 29,33,709 |
| प. सिंहभूम | 34,79,636 |

## हाईकोर्ट का राज्य सरकार को निर्देश

# कमेटी का गठन कर निवेशकों के पैसे वापसी की शुरू करें प्रक्रिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चिटफंड घोटाला मामले को लेकर नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति समेत अन्य याचिकाओं पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र एवं न्यायाधीश आनंद सेन की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए चिटफंड घोटाला मामले में निवेशकों के डूबे पैसों की वापसी को लेकर राज्य सरकार को निर्देश दिया है।

अदालत ने कहा है कि निवेशकों के डूबे पैसे उन्हें मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार एक प्रक्रिया अपनाये जिसके तहत ठगे हुए निवेशकों को पैसा वितरण के लिए एक कमेटी गठित हो, अगर ऐसा नहीं होता है तो कोर्ट अपना आदेश फैसला सुनाएगा। हालांकि राज्य सरकार ने पहले से ही कमेटी गठित की थी, जिसमें आईजी सीआईडी की अध्यक्षता में 6 सदस्य टीम शामिल थी। हालांकि इस गठित निर्णय को अदालत ने नहीं माना और नई कमेटी बनाने का आदेश दिया। अदालत में अगली सुनवाई 22 अगस्त मुकर्रर की है और इस संदर्भ में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस पोलिटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक संपन्न

# पार्टी के लिए संगठन की पूर्णता जरूरी : अविनाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस पोलिटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखण्ड प्रभारी अविनाश पाण्डे ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद माननीय राहुल गांधी की सदस्यता बहाल कर दी गयी है, जो हर्ष का विषय है। आखिरकर सत्य की जीत हुई है। एक बार फिर से राहुल गांधी देश के युवाओं, महिलाओं, किसानों और आम जनता की समस्याओं को लोकसभा में अपना बात रखने लगे हैं। इससे भाजपा के नेता तिलमिला गये हैं। श्री पाण्डे ने कहा कि संगठन की पूर्णता सबसे महत्वपूर्ण है। प्रदेश में संगठन की अधिकतम इकाईयों का गठन हो चुका है और मण्डल एवं पंचायत स्तर की कमिटियां लगभग बन चुकी है और जो कुछ बची है वो पन्द्रह दिन के अन्दर गठित हो जायेगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर हमारी कोर कमिटी मण्डल एवं पंचायत कमिटी के माध्यम से जनता के बीच जायेगी।



पोलिटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक करते कांग्रेसी नेता।

अविनाश पाण्डे ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार आरक्षित लोकसभा/विधानसभा क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की झारखण्ड में पब्लिक मीटिंग का प्रस्ताव रखा गया है। इस प्रस्ताव को उनके सामने रखा जायेगा ताकि जितना जल्दी हो सके चुनावी रैलियां और संगठन के कार्यकर्ताओं से उनकी भेंट के लिए सहमति लिया जा सके।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि संगठन सशक्तिकरण को लेकर प्रदेश के नेता अपने-अपने प्रभार जिलों में कार्यक्रम आयोजित करा रहे हैं।

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि लोकसभा एवं विधानसभा को देखते हुए संगठन को पूरी तरह से मजबूत करने का कार्यक्रम प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक किया जा रहा है। निश्चित तौर पर 2024 में राज्य के अधिक से अधिक सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। भाजपा जिस तरह से पूरे देश में आपसी सौहार्द्र को बांटने का काम कर रही है, उसे पूरा देश देख रहा है। बैठक में कांग्रेस विधायक दल के बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, सुबोधकांत सहाय, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, सुखदेव भगत, फुरकान अंसारी, केएन त्रिपाठी, ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, भीम कुमार एवं संजय लाल पासवान शामिल थे।

## एनटीपीसी भूमि अधिग्रहण मुआवजा घोटाला

# इडी ने कहा प्रारंभिक जांच शुरू, हाइकोर्ट ने सीबीआई और सरकार से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग में एनटीपीसी के लिए हुए भूमि अधिग्रहण के दौरान कथित रूप से हुए तीन हजार करोड़ केभूमि-मुआवजा घोटाला की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी मंटू सोनी के अधिवक्ता अभिषेक कृष्ण गुप्ता और राहुल मिश्रा ने सीबीआई और राज्य सरकार द्वारा जवाब दाखिल नहीं किए जाने की बात कोर्ट के समक्ष रखी। वहीं ईडी की तरफ से अधिवक्ता अमित दास ने कोर्ट को बताया कि ईडी की तरफ से प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने सीबीआई और राज्य सरकार को दो सप्ताह में जवाब देने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई।

**2016 में गठित हुई थी एसआईटी टीम :** हजारीबाग में भूमि-मुआवजा से संबंधित गड़बड़ियां सामने आने के बाद वर्ष 2016 में तत्कालीन उपायुक्त मुकेश कुमार की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की थी। एसआईटी की टीम ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट में 3000 करोड़ के भूमि मुआवजा घोटाले किए जाने और 300 करोड़ मुआवजा बांट दिए जाने की जानकारी दी थी। प्रार्थी के मुताबिक, राज्य सरकार द्वारा कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ एनटीपीसी के प्रबंध निदेशक और हजारीबाग उपायुक्त को पत्राचार किया गया है।

## आदिवासी जीवन दर्शन के नाम पर सिर्फ हेमंत सोरेन और शिबू सोरेन को दर्शाने का लगाया आरोप

# भारत की समृद्ध सामाजिक, सांस्कृतिक और धरोहरों में आदिवासियत भी समाहित : सुदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह दिन अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा को याद करते हुए मनाया जाता है। यह आदिवासी समाज कि उपलब्धियों और योगदानों को स्वीकार्य करने का दिन है। देश की समृद्ध सामाजिक, सांस्कृतिक और धरोहरों में आदिवासियत भी समाहित है। भारत का पारंपरिक ज्ञान संसार इनके योगदान का ऋणी है। वर्ष 2023 का आदिवासी दिवस 'युवा आदिवासियों' पर केंद्रित है। यह थीम आत्मनिर्णय के लिए परिवर्तन के प्रेरक के रूप में युवा शक्ति के कार्यों को सलाम करता है।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दिवस के अवसर पर दो दिनों का महोत्सव मना रही है। यह महोत्सव समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन के तौर पर प्रचारित प्रसारित किया जा रहा है। इसके लिए प्रमुख मार्गों और स्थानों पर बड़े बड़े होर्डिंग लगाए गए हैं जिनके ऊपर करोड़ों रूपए खर्च किये गए हैं। ये होर्डिंग्स समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन के नाम पर केवल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिबू सोरेन को दर्शाने का कार्य कर रहे हैं। यह प्रदर्शन झारखण्ड की अस्मिता के साथ खिलवाड़ है। हमारा राज्य आंदोलन और बलिदान की उपज है। यह भूमि भगवान बिरसा, सिदो-कान्हू, चाँद भैरव, तिलका मांझी, रघुनाथ महतो, फूलो झानो और ठाकुर विश्वनाथ सहदेव के बलिदान और साहस का गवाह है। होर्डिंग लगाकर सरकार का यह प्रदर्शन आदिवास दिवस की थीम और राज्य के बलिदानियों दोनों का उपहास उड़ाने वाला है।

उन्होंने कहा कि आज के दिन सरकार को धरती पुत्रों के और आदिवासी समाज के लिए किये गए कार्यों से राज्य की जनता को अवगत कराना चाहिए था। मुख्यमंत्री को राज्य में हो रहे विकास और आने वाले समय में झारखण्ड किस रूप में नजर आएगा इसकी तस्वीर पेश करनी चाहिए थी लेकिन सरकार केवल एक परिवार, एक व्यक्ति के बारे में बताने का कार्य कर रही है।

आज प्रदेश की वर्तमान स्थिति क्या है। आदिवासी समाज की किस स्थिति में खड़ा है। सरकार के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने का वादा क्या उस आखिरी व्यक्ति तक पहुँच भी पाया है क्या ? इस सवाल का जवाब राज्य की जनता को देना है। अनुसूचित क्षेत्रों में 5वीं अनुसूची के प्रावधानों को अबतक सरकार ठीक से लागू नहीं करवा सकी। झारखण्ड में जनजातीय समाज की सुरक्षा की गारंटी देने वाले कानून को बहस और विवाद में उलझाकर रख दिया गया।

कार्यक्रम के समापन पर मीडिया से बात करते हुए राज्य के पूर्व मंत्री सुदेश महतो ने आदिवासी समाज को प्रकृति का संरक्षक बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में युवा प्रतिभाओं का सम्मान कर उनके आगे आने के लिए प्रेरित किया गया है।

### पत्थरबाजी के खिलाफ बने कड़े कानून : संजय



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने बुधवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत देशभर में बढ़ रही पत्थरबाजी की घटनाओं पर चिंता जताई और इसके विरुद्ध एक कड़ा राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग की। सांसद श्री सेठ ने कहा कि पत्थरबाजी की घटना पूरे देश में सामान्य हो चुकी है। राष्ट्र विरोधी तत्वों के संरक्षण में असामाजिक तत्व अपने प्रदर्शन के दौरान पत्थरबाजी कर सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाते हैं। पत्थरबाजी से प्रशासन और पुलिसकर्मियों को घायल करते हैं। उन्होंने कहा कि विगत एक साल में झारखंड की राजधानी रांची सहित पूरे देश में ऐसी लगभग 100 घटनाएं हुई, जहां सामूहिक रूप से पत्थरबाजी कर सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने इस मामले की राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा करने, एक कठोर कानून बनाने की मांग की।

सुप्रभात
रांची, गुरुवार
10.08.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, नवमी/दशमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 31
06 वन संपदा को किसी भी हाल में बचाना ही होगा

### रंगारंग प्रस्तुति के साथ शुरू दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव में बोले हेमंत सोरेन

# अस्तित्व बचाने को एकजुट हो आदिवासी समाज

**मुख्य बातें**

- एकजुट होंगे तो आगे बढ़ेंगे विशेष डाक टिकट जारी
- शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि सखुआ का पौधा और अंगवस्त्र देकर स्वागत
- महोत्सव के दौरान हुआ 35 पुस्तकों का लोकार्पण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रंगारंग प्रस्तुति के साथ दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव का बुधवार को शुभारंभ हो गया। राज्य सरकार द्वारा आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व सीएम दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ किया। इस मौके पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि देश का आदिवासी बिखरा हुआ है। हमारा लक्ष्य और हमारी समस्या एक जैसी है, तो लड़ाई भी एक होनी चाहिए। उन्होंने समस्त आदिवासियों से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम एकजुट रहेंगे तो कोई हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा। तभी हमारा अस्तित्व बचा रहेगा। देश के लगभग 13 करोड़ आदिवासी समुदाय को एक होकर सोचना होगा। हम विभाजित और असंगठित हैं। यही वजह है कि एक राज्य से दूसरे राज्य के आदिवासी का विषय एक साथ नहीं मिल पा रहा है। जब लड़ाई अस्तित्व को हो, तो सामने आना ही पड़ता है। आदिवासी नाचने-गाने वाले हैं लेकिन जब गुस्सा होते हैं जो जबान नहीं तीर चलता है।


दीप प्रज्ज्वलित कर झारखंड आदिवासी महोत्सव का शुभारंभ करते दिशोम गुरु शिबू सोरेन और सीएम हेमंत सोरेन। साथ हैं मंत्री चंपई सोरेन, विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह, माले विधायक विनोद सिंह व अन्य। (फोटो : समीर)

महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिबू सोरेन ने आदिवासी समाज को शिक्षा के प्रति सजग किया और कहा कि शिक्षा के बल पर ही आदिवासियों को सम्मान और अधिकार मिलेगा। मौके पर आये सभी अतिथियों को सखुआ का पौधा और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य के साथ अतिथियों को मुख्य मंच पहुंचाया। मंच पर पहुंचते ही अतिथियों ने बेदी पर पुष्प अर्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

**सबने हमसे बेईमानी की :** बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि इतिहासकारों ने भी आदिवासियों से बेईमानी की है। देश की आजादी के लिए आदिवासियों ने बलिदान दिया। इतिहासकारों ने हमारे पूर्वजों को जगह नहीं दी। देश में आदिवासियों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ रहा है। हमारी व्यवस्था इतनी निर्दयी है कि उन्होंने यह भी पता नहीं किया कि खदानों, उद्योगों के दौरान विस्थापित हुए लोग आज साइकिल से कोयला बेचने को मजबूर हैं। इसमें 80 प्रतिशत आदिवासी हैं। कल का किसान आज बंधुआ मजदूर बन गया है। लाखों एकड़ जमीन कोयला कंपनियों को दी गयी। कोयला कंपनियों और केंद्र सरकार को इसका जायजा लेना चाहिए, लेकिन कंपनी और केंद्र कान में तेल डालकर सो गयी है। किसकी संपत्ति खत्म हुई, किसकी जमीन गयी, जो विकसित हैं वो कौन हैं, किसी को कुछ पता नहीं।

**हमारी जमीन छीनी जा रही है :** सीएम कहा कि आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है। देवी-देवताओं को दूसरे लोग हथिया रहे हैं। लोग अब तो नाम तक छीनने में लगे हुए हैं। कहा कि आदिवासी समाज की भूमिका की व्याख्या की जानी चाहिए। (शेष पेज 11 पर)

## गुरुजी ने कहा- खूब पढ़ो, आगे बढ़ो

झारखंड आदिवासी महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिबू सोरेन ने समाज से आह्वान किया कि खूब पढ़ो, आगे बढ़ो। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर ही आदिवासियों को सम्मान और अधिकार मिलेगा। राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन ने कहा कि देश-दुनिया में आदिवासियों की अपनी अलग पहचान है। पेट की खातिर मजदूरी करने के लिए उन्हें बाहर जाना पड़ता है। आदिवासी समुदाय की संस्कृति एक जैसी है। आदिवासियों से मेरा आग्रह है कि वे अपने बच्चे-बच्चियों को शिक्षित जरूर करें। जब बच्चे शिक्षित होंगे तभी आदिवासी समुदाय उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। यह महोत्सव आदिवासी समुदाय की एकजुटता और आपसी भाईचारा को दर्शाता है। आने वाली पीढ़ी भी इसी तरह अपनी संस्कृति और सभ्यता से जुड़ी रहे, इसके लिए उन्हें प्रेरित करने की आवश्यकता है।



## एक तीर, एक कमान, आदिवासी एक समान

राजधानी में बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस पर अलग-अलग आदिवासी संगठनों में एकता देखने को मिली। हजारों की संख्या में आदिवासी महिला-पुरुषों ने शहर के कई इलाकों में पैदल मार्च किया। उनके हाथों में विश्व के आदिवासी एक हों, प्रकृति के रक्षक हो, आदिवासी जिंदाबाद के नारे लिखे तख्तियां थीं। इस दौरान महिलाएं लाल पाड़ साड़ी पहनकर मांदर की थाप पर नृत्य करते नजर आयीं। महिलाएं एवं पुरुष हाथ में हाथ डालकर थिरक रहे थे। सरना झंडा थामे और पारंपरिक लिबास पहने नौजवानों ने आदिवासियों के अधूरे हक की मांग की। एक तीर एक कमान, आदिवासी एक समान... के जमकर नारे लगाये गये। विभिन्न आदिवासी संगठनों ने इसे खुशी के रूप में नहीं मनाने की घोषणा की। मार्च में शामिल लोग यूसीसी कानून का विरोध करते दिखे।

## आज होगा आदिवासी लोक नृत्य

दो दिवसीय विश्व आदिवासी महोत्सव के दूसरे दिन दस अगस्त को पाइका नृत्य, उरांव आदिवासी समुदाय का लोक नृत्य, गोंड आदिवासी समुदाय का किहो नृत्य, कर्नाटक का दमनी लोक नृत्य, लखन गुड़िया का मुंडारी गायन वादन, पद्मश्री मधु मंसूरी की गायन प्रस्तुति होगी। इसके अलावा रमेश्वर मिंज द्वारा बांसुरी वादन, अरुणाचल प्रदेश के निशि आदिवासी समुदाय द्वारा रेखम पड़ा नृत्य, असम के हाजोंग आदिवासी समुदाय द्वारा लेवा टाना नृत्य, दिओरी आदिवासी समुदाय का बिहू नृत्य, झारखंड का डोमकच नृत्य व गुजरात के अफ्रीकन आदिवासी समुदाय द्वारा सिद्धि धमाल नृत्य की प्रस्तुति होगी।

SURJABASHA

# कोर्ट ने साइबर फ्राड रोकने का मांगा प्लान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड से हो रहे साइबर फ्रॉड को लेकर हाईकोर्ट बेहद गंभीर है। कोर्ट ने राज्य सरकार एवं आरबीआइ को निर्देश दिया कि वह एक माह में कोर्ट के समक्ष झारखंड में साइबर फ्रॉड रोकने का प्रपोजल लेकर आयें। इसके बाद कोर्ट उचित आदेश पारित करेगी। कोर्ट में देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम घटना की रोकथाम को लेकर मनोज राय की जनहित याचिका की बुधवार को सुनवाई हुई। मामले में प्रतिवादी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शपथ पत्र दाखिल कर बताया कि वह राज्य सरकार को साइबर फ्रॉड रोकने को लेकर दिशा-निर्देश जारी नहीं कर सकती है।

### 20 सितंबर को होगी अगली सुनवाई

आरबीआई का मोबाइल बैंकिंग फ्रॉड से संबंधित नियम, रेगुलेशन एवं दिशा-निर्देश कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मौखिक कहा कि साइबर फ्रॉड की घटनाएं रुक नहीं पा रहे हैं, ऐसे में इसे लेकर एक ठोस कदम उठाने की जरूरत है। मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर को होगी। जनहित याचिका में कहा गया है कि देवघर, जामताड़ा और साहिबगंज में साइबर अपराधी सक्रिय हैं। इनके द्वारा बड़े पैमाने पर साइबर क्राइम की घटनाएं को अंजाम दिया जाता है। यहां के साइबर क्रिमिनल्स झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों के लोगों के भी बैंक अकाउंट से पैसे उड़ा रहे हैं। पुलिस का साइबर सेल है, लेकिन यह खास एक्टिव नहीं है। ऐसे में साइबर अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है।

**न्यूज डायरी**

### महामुकाबले में भारत ने पाक को 4-0 से रौंदा

**चेन्नई।** भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को 4-0 से हरा दिया। पाकिस्तान इस पराजय के साथ ही प्रतियोगिता से बाहर हो गया। वहीं भारत अगले दौर में पहुंच गया। यह भारत की पाकिस्तान पर ओवरऑल 65वीं जीत है।

### छवि रंजन ने हाईकोर्ट से मांगी डिफॉल्ट बेल

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए डिफॉल्ट बेल की गुहार लगायी है। इससे पहले निलंबित आइएएस छवि रंजन ने निचली अदालत में 167 याचिका दाखिल की थी।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

### भारत छोड़ो आंदोलन के शहीदों को नमन कर बोले मोदी

# भ्रष्टाचार, वंशवाद, तुष्टिकरण भारत छोड़ो

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' में भाग लेने वाले लोगों को बुधवार को श्रद्धांजलि अर्पित की और महात्मा गांधी द्वारा शुरू किये गये इस आंदोलन को याद करते हुए कहा कि भारत अब भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण के खिलाफ एक स्वर में बोल रहा है। मोदी ने विपक्ष पर परोक्ष रूप से ऐसे समय में निशाना साधा है जब भाजपा बुधवार को इसी तर्ज पर देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। बापू के नेतृत्व में देश में भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत हुई और इस आंदोलन ने अंग्रेजों से आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभायी। आंदोलन शुरू होने के पांच वर्ष बाद 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ था। मोदी ने ट्वीट किया, 'भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले महान लोगों को श्रद्धांजलि। गांधी जी के नेतृत्व में, इस आंदोलन ने भारत को औपनिवेशिक शासन से मुक्त करने में एक प्रमुख भूमिका निभायी। उन्होंने कहा, 'आज भारत एक स्वर में कह रहा है- भ्रष्टाचार भारत छोड़ो। वंशवाद भारत छोड़ो। तुष्टिकरण भारत छोड़ो। मोदी ने विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने का बार-बार आरोप लगाया है।

### लोकसभा में प्रस्ताव पर बोले गृह मंत्री अमित शाह

# अविश्वास आपको हो सकता है, जनता को नहीं है

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश में पीएम और इस सरकार को लेकर कोई अविश्वास नहीं है... यह अविश्वास प्रस्ताव सिर्फ भ्रम पैदा करने के लिए लाया गया है। अविश्वास नये गठबंधन में ही है। यह अविश्वास प्रस्ताव देश में विपक्ष का असली चरित्र दिखायेगा। देश को जब सरकार को लेकर कोई अविश्वास ही नहीं है, तो यह प्रस्ताव सिर्फ भ्रम पैदा करने के लिए लाया गया है। शाह ने विपक्षी गठबंधन पर हमला किया और कहा, विपक्षी गठबंधन का चरित्र अपनी सरकार बचाने के लिए भ्रष्टाचार करना है।

**मणिपुर पर राजनीति शर्मनाक :** मणिपुर हिंसा को लेकर श्री शाह ने कहा, यह घटना शर्मनाक है लेकिन इसपर राजनीति उससे भी ज्यादा शर्मनाक है। (शेष पेज 11 पर)

### मोदी ने देश का मान-सम्मान बढ़ाया



बहस पर केंद्रीय गृह मंत्री ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, आजादी के बाद पीएम मोदी की सरकार ही ऐसी है जिसने सबसे ज्यादा लोगों का भरोसा जीता है। मोदी दुनिया के एकमात्र नेता हैं, जिन्हें 14 देशों ने सम्मानित किया है। उन्होंने जी20 का कार्यक्रम 55 स्थानों पर आयोजित कर देश का नाम बढ़ाने का काम किया है। ऑपरेशन राहत, वंदे भारत मिशन, बजट में छह गुना वृद्धि, खाद्यान्न का उत्पादन में वृद्धि, किसानों के लिए बजट में वृद्धि, एमएसपी पर धान की सबसे ज्यादा खरीदी करने वाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। पीएम मोदी सरकार ने कुछ ऐतिहासिक फैसले लिए और वंशवाद और भ्रष्टाचार को खत्म किया। यूपीए का चरित्र सत्ता की रक्षा करना है लेकिन एनडीए सिद्धांत की रक्षा के लिए लड़ता है।



## स्पीड न्यूज

### विश्व आदिवासी दिवस पर लोगों ने किया राजा मेदिनीराय की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**सतबरवा पलामू।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के फुलवरिया गांव के औरंगा नदी के तट पर पलामू किला जतरा मेला स्थल के समीप स्थापित राजा मेदनी राय के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज के लोग भारतीय सभ्यता संस्कृति के अभिन्न अंग रहे हैं। उनकी सभ्यता संस्कृति में भारत की झलक दिखती है। इसलिए उनके संस्कृति व साहित्य समेत अन्य चीजों को विकसित करने की जरूरत है। कार्यक्रम के उपरांत सतबरवा थाना परिसर में पौधारोपण किया गया। जिसमें फलदार पौधा के अलावा अन्य पौधे शामिल थे। इस दौरान सदस्य सुधा कुमारी, थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, मुखिया रिंकी देवी, समाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, अजय उरांव, एसआई कौशल किशोर दुबे, भाजयुमो के प्रखंड अध्यक्ष ज्योति सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, अनिल सिंह के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस मौके पर राम लखन सिंह, आशुतोष सिंह, गंगेश्वर सिंह, सुनील सिंह, मंटू प्रसाद, संतोष कुमार, उमेश सिंह, जयप्रकाश सिंह, अरुण उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### पत्रकार की चाची का निधन

**निलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ढेला गांव निवासी पत्रकार राजीव रंजन की चाची 65 वर्षीय रेणु प्रसाद का निधन मंगलवार को हो गया। वे पिछले 1 सप्ताह से काफी बीमार चल रही थी। मेदिनीनगर में इलाज कराया गया था। विदित हो कि पत्रकार राजीव रंजन की चाची रेणु प्रसाद ढेला गांव निवासी स्व वीरेंद्र प्रसाद की पत्नी थी। रेणु प्रसाद अपने पीछे दो पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। बुधवार को दाह संस्कार गांव स्थित श्मशान घाट पर किया गया। इनके निधन पर प्रखंड के सभी पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। वही पंचायत के मुखिया पति वीरेंद्र कुमार, यूके सुमन अंतिम संस्कार में शामिल थे।

### रामगढ़ : झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ बीडीओ द्वारा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया है। जिसमें रामगढ़ प्रखंड कार्यालय में दिन के 10:25 बजे, रामगढ़ थाना में 10:40 बजे, स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में 10:30 बजे, रामगढ़ उच्च विद्यालय में 11 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा। रामगढ़ के प्रमुख की उपस्थिति में उच्च विद्यालय में झंडोत्तोलन किया जायेगा। बीडीओ ने पत्र के माध्यम रामगढ़ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, थाना प्रभारी व उवि प्रधानाध्यापक को स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन सुनिश्चित कराने को कहा है।

### कांग्रेस ने विश्व आदिवासी दिवस पर किया महान विभूतियों को याद



**मेदिनीनगर।** विश्व आदिवासी दिवस पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में आदिवासी गौरव दिवस मनाया गया। मौके पर बिट्टू पाठक ने शॉल ओढ़ाकर दर्जनों आदिवासी समाज के लोगों को सम्मानित किया। बिट्टू पाठक ने कहा कि आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम बाबा तिलका मांझी, भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कन्हो, राणा पूंजा, तेलंगा खड़िया, पोटो हो, फूलों झानो, पातोगान, संगमा, जतरा भगत, कोमाराम, भीमा नायक कंडा भील, बुधु भगत जैसे वीर नायकों को नमन करते हैं। आदिवासियों की कहानी लंबे संघर्ष एवं कुर्बानियों की कहानी है। संघर्षों के मूर्ति हम अपने महापुरुषों और वीरांगनाओं पर गर्व करते हैं। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, सुरेश कुमार पाठक, भिखारी राम, विद्या सिंह चेरो, शमीम अहमद राइन, रूद्र शुक्ला, कृष्णमणि दुबे, राजेंद्र अग्रवाल, ओमप्रकाश अमन, विश्राम दुबे, सत्येंद्र सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा, सोनू खान, सागर दास, जतरू उरांव मनोज शुक्ला, खुर्शीद आलम, सुरेंद्र कुमार शुक्ला, शैलेश कुमार मेहता, अनिल सिंह, मुन्ना खान, रामचंद्र दीक्षित, अजय साहू, श्यामा जमुना राम, देवांग शुक्ला, रिजवी आलम,श्याम उरांव, विश्वास सिंह, जमुना उरांव, राजेंद्र उरांव, सोनू सिंह, अभिषेक चौधरी, शशि उपाध्याय, सुनील पासवान, उदय यादव, उमेश यादव, प्रभात अग्रवाल सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### क्या सदस्यता बहाल होते लोकतंत्र खतरे से बाहर हो गया : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने एक बयान जारी कर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संसद की सदस्यता बहाल होने पर बधाई देते हुए सभी कांग्रेसियों से जनमानस में व्याप्त जिज्ञासाओं और वर्षों से लगाते आ रहे हैं बेबुनियाद आरोपों के संदर्भ में कुछ उत्तर की अपेक्षा की है। अविनाश ने बयान के माध्यम से यह जानना चाहा है कि क्या राहुल गांधी के संसद में अंदर जाते ही लोकतंत्र खतरे से बाहर आ गया? क्या देश की संवैधानिक संस्थाएं अब सुरक्षित है? क्या केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग बंद हो गया? क्या अब भी विपक्ष को खत्म करने के आरोप लगते रहेंगे? यह कुछ ऐसे प्रश्न है जो विपक्षी पार्टियों ने विगत 9 वर्षों से नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में ऐतिहासिक फैसले लेने वाले एनडीए सरकार पर लगाकर देश की जनता को दिग्भ्रमित करने का कार्य करती आ रही है और जिसका उत्तर देने का वक्त आ गया है।

### सहायक लोक अभियोजक को दी गयी विदाई



मेदिनीनगर। पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के सहायक लोक अभियोजक अनुराग शुक्ला के स्थानांतरण उपरांत जिला अभियोजन कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बिदित को की अनुराग शुक्ला का स्थानांतरण साहेबगंज सिविल कोर्ट में हो गया है। विदाई समारोह की अध्यक्षता प्रभारी लोक अभियोजक राजेश शर्मा ने की। मौके पर सहायक लोक अभियोजक को पुष्प गुच्छ देकर माल्यार्पण कर व अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके राजेश शर्मा ने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है। शुक्ला जी की कमी हमेशा पलामू के लोगों को खलेगी। अपर लोक अभियोजक मनोज सिंह ने कहा कि शुक्ला समय के बाहर पावन्द रहे हैं। मेहनत से ये कभी पीछे नही हटे। अनुराग कुमार सिंह ने कहा कि अनुराग शुक्ला का कार्यकाल काफी यादगार रहा। इस मौके पर अपर लोक अभियोजक ओम कुमार व एल ए डी सी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने भी सहायक लोक अभियोजक के कार्य की प्रशंसा की। मौके पर देव प्रताप तिवारी, रविन्द्र नाथ चौरसिया के अलावे सुनील कुमार, बबन प्रसाद, एम डी ताज उद्दीन,नन्दलाल राम, सोनू कुमार गुप्ता, संतोष पांडेय, धर्मेंद्र कुमार, राजमणी तिवारी राजेश कच्छप एवं अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

### पलामू के लिए महादेव खोलें अपनी जटा से धारा : देवेंद्र तिवारी



**मेदिनीनगर।** पलामू में बारिश की कमी से होने वाली अकाल से मुक्ति एवं पलामू में सुख, शांति, समृद्धि के लिए राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के द्वारा बुधवार को रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पूजा-अर्चना और संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रुद्राभिषेक के मुख्य पुजारी पंडित हृषीकेश पाण्डेय पराशर वेदाचार्य ने मंत्रोच्चार से जहां पलामू मुख्यालय को गुंजायमान किया। वहीं मुख्य यजमान के रूप में पलामू जिला प्रभारी रिंकू तिवारी के बड़े भाई पंडित मुकेश तिवारी एवं उनकी अर्धांगिनी अंजनी तिवारी ने महादेव का अभिषेक किया। जहां बारिश, हरियाली, सुख शांति समृद्धि की मंगलकामना की गई। मौके पर युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि पलामू दशकों से पानी के लिए तरस रहा है। महादेव अपनी जटा से पलामू के लिए धारा खोले।

## सांसद ने लोकसभा में उठाया डालटनगंज शहर में पेयजल संकट से निजात दिलाने का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत डालटनगंज शहर में गर्मी के दिनों में पेयजल की संकट से निजात दिलाने हेतु अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। राम ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत मुख्य शहर डालटनगंज है जो कोयल नदी के तट पर बसा हुआ है और यह नदी वहां के लोगों के लिए लाइफ लाइन है परंतु दुर्भाग्यवश गर्मी के दिनों में यह बिल्कुल सुख जाती है। डालटनगंज शहर का जल स्तर काफी नीचे चला जाता है जिसके चलते शहर में पाइप के माध्यम से वहां के निवासियों को पेयजल उपलब्ध कराना दुष्कर हो जाता है। इतना ही नही वहां इतनी प्रचंड गर्मी पड़ती है कि जलस्तर नीचे चले जाने से सारे चापाकल एवं बोरिंग बेकार हो जाते हैं। सांसद ने कहा कि पलामू जिला रेन शेडा एरिया में पड़ता है जहां पर हर साल पर्याप्त मात्रा में वर्षा नही होती है। हमेशा सुखाड़ की स्थिति बनी रहती है साथ ही पेयजल का भी संकट उत्पन्न हो जाता है। उपरोक्त स्थिति में जलस्तर को बनाये रखने के लिए यह आवश्यक है कि कोयल नदी में दो-तीन जगहों पर बियर बनाया जाये ताकि कोयल नदी में हमेशा पानी मौजुद रहे। सांसद ने कहा कि आपसे अनुरोध है कि जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार को निर्देश देने की कृपा की जाय ताकि इस योजना को क्रियान्वित करने की दिशा में कार्यवाई सुनिश्चित की जा सके जिससे गर्मी के दिनों में भी पानी की उपलब्धता बनी रहे एवं डालटनगंज के निवासियों को पेयजल के संकट से उबारा जा सके। साथ ही साथ मेदिनीनगर फेज-2 की योजना जो वर्षो से लंबित पड़ी है उसका क्रियान्यवन शीघ कराने हेतु झारखंड राज्य सरकार को भी निर्देशित करने की कृपा की जाय। उक्त जानकारी सांसद राम के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

## पांकी विधायक ने की बजरंगबली मंदिर के सुंदरीकरण कराये जाने की घोषणा

खबर मन्त्र संवाददाता



**तरहसी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता क्षेत्र के दौरान ग्राम छेछानी पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। बजरंग बली मंदिर परिसर में बैठक कर गांव की समस्याओं से ग्रामीणों ने विधायक को अवगत कराया। साथ ही बजरंग बली मंदिर की स्थिति से अवगत कराया। इस पर विधायक ने मंदिर के सुंदरीकरण कराये जाने का घोषणा किया। साथ ही साथ सड़क पर जल जमाव हो जाने से ग्रामीणों को परेशानी होती है इसे भी दूर करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति को बचाये रखना हमसभी का कर्तव्य है। विधायक ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को हिंदू देवी देवताओं से अवगत कराते हुए सनातन धर्म संस्कृति के विषय में जानकारी दें ताकि आगे चलकर बच्चे धार्मिक एवं संस्कारी बन सकें। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के जनता ने मुझे जिस आशा व विश्वास के साथ अपना आशीर्वाद दिया है आज उनके कसौटी पर खरा उतरने का काम कर रहा हूं। इस मौके पर देवेंद्र साव, विधायक प्रतिनिधि गोपाल साव, सुधीर तिवारी, समाजसेवी कमेश यादव, प्रो बच्चन ठाकुर समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## पांकी विधानसभा क्षेत्र का एक भी गांव अंधेरे में नहीं रहेगा : डॉ शशिभूषण मेहता

### विधायक ने फीता काटकर ट्रांसफार्मर का किया उदघाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ग्राम दारूडीह के द्वारका नगर टोला में ट्रांसफार्मर का उदघाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस टोला के लोग ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण गत कई दिनों से अंधेरे में रह रहे थे। इतना ही नहीं बच्चों को पठन पाठन करने, बुजूर्ग एवं बीमार लोगों को उमस भरी गर्मी व अंधेरा में कई प्रकार के कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। इस बावत टोला के ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर जलने की सूचना दिया गया तो फौरन बिजली विभाग से 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया। जिससे लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानियों का सामना अब नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में पांकी विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव व टोला अंधेरो में नहीं रहेगा। बिजली की परेशानी से किसी भी जनता को जूझने नहीं देंगे। मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांव-गांव में बिजली पहुंचाया गया। साथ ही साथ गरीब बीपीएल परिवार के घरों में निःशुल्क बिजली का कनेक्शन दिया गया। प्रधानमंत्री का सोच रहा कि कोई भी व्यक्ति अंधेरे में नहीं रहेगा। सभी के घरों में बिजली सुलभता पूर्वक पहुंचे इसके लिए उन्होंने युद्धस्तर पर देश के सभी राज्यों एवं जिला के प्रत्येक गांवों में बिजली पहुंचाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा के पूर्व सरकार के कार्यकाल में पंचायत स्तर व प्रखंड स्तर पर पावर ग्रीड का निर्माण कराया गया लेकिन वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार ने बिजली की व्यवस्था बद से बदत्तर हो गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार को जनता के परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। इस मौके पर कमेश यादव, सुधीर तिवारी, धर्मेंद्र मेहता, अनुज मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, राजेश मेहता, युगल किशोर सिंह, प्रदीप सिंह, श्याम किशोर सिंह, श्रवण मेहता, कमलाकांत मेहता समेत अन्य मौजूद थे।

## शरीर को स्वस्थ व तनाव को दूर करने के लिए खेलकूद जरूरी : मैनक चक्रवर्ती

### हिंडालको का इंटर डिपार्टमेंट फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



विजयी टीम को ट्राफी देते यूनिट हेड।

**मेदिनीनगर।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस में आयोजित इंटर डिपार्टमेंट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आपरेशन टू बनाम सिक्यूरिटी के बीच खेला गया। जिसमें आपरेशन टू की टीम ने सिक्यूरिटी टीम को 1-0 से पराजित कर कप पर कब्जा जमाया। माइंस हेड मैनक चक्रवर्ती ने विजेता व प्रोडक्शन मैनेजर अश्विनी कुमार ने उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। मौके पर मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के साथ साथ मानसिक तनाव को दूर करने के लिए खेलकूद जरूरी है। हिन्डालको कंपनी सिर्फ व्यवसाय नहीं करतीं हैं, बल्कि यह कंपनी अपने कर्मियों के साथ साथ कार्य क्षेत्र के परिधि में आने वाले लोगों के बेहतरी के बारे में हमेशा सजग व संवेदनशील होकर सोचती है। उन्होंने बताया कि माइंस कर्मी समय के अभाव में बाहर में खेल-कूद नहीं कर पाते हैं इसलिए प्रबंधन ने कर्मियों को स्वस्थ व तनाव मुक्त रहने के लिए समय समय पर इस तरह का आयोजन करतीं हैं। बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार आपरेशन टू के कप्तान सागर चौधरी को दिया गया। इस मौके पर माइंस मैनेजर राजु सिंह, कैसी मोदक, प्रवीण सिंह, राकेश सिंह, योगेश द्विवेदी, जयंत शुक्ला, उज्जवल डे, संजय कुमार, अरविंद सिंह, रविन्द्र सिंह, रासबिहारी प्रसाद, रणवीर सिंह, विशाल कश्यप, आर आर शुक्ला,संतन चक्रवर्ती, शैलेन्द्र सिंह, सुनील सिन्हा, गौतम सिन्हा, आशीष वर्णवाल, चिरादीप मिश्रा, प्रिंस सिंह, देवेन्द्र सिंह कई लोग मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस



**मेदिनीनगर।** युवा कांग्रेस के 63वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस भवन डालटनगंज में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष परवेज अली मुन्ना खान और कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने युवा कांग्रेस का झंडा फहराकर स्थापना दिवस मनाया गया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस के शपथ-पत्र का शपथ ग्रहण किया गया। इस अवसर पर परवेज अली मुन्ना खान ने कहा कि आज ही के दिन 9 अगस्त 1960 ई को युवा कांग्रेस की स्थापना भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी जी ने सामाजिक कार्य करने और दक्षिणपंथी दलों के खिलाफ मोर्चा खोलने के उद्देश्य से, कांग्रेस पार्टी के एक फ्रंटल संगठन के रूप में स्थापित करके युवा कांग्रेस को एक नया आयाम दिया। बिट्टू पाठक ने कहा कि आज स्वस्थ लोकतंत्र के लिए राजनीति में युवाओं का सशक्तिकरण और भागीदारी काफी महत्वपूर्ण है। मौके पर युवा कांग्रेस मीडिया सेल जिला संयोजक तौसीफ कमर, इफ्तेखार अली नन्हे, जिला सचिव राजा खान, सोनू खान, मोनू अग्रवाल पांकी के कार्यकारी अध्यक्ष शहीद अली, देवांग शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## सीएचसी के पुराने भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने की मांग को लेकर सड़क पर लोगों का प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र में एनएच 98 किनारे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने की मांग को लेकर बुधवार को मध्य विद्यालय के समीप सड़क पर लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व राजद के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार यादव ने किया। राजद नेता ने कहा कि विधायक द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि सीएचसी के पुराने भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित होगा। परंतु अभी तक इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया है। उक्त भवन में स्वास्थ्य केंद्र रहने से आस पास के लोगों तथा सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को आपदा की परिस्थिति में स्वास्थ्य लाभ आसानी से मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि अगर एक सप्ताह में शहरी स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शुरू नहीं किया जाता है तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर रघुपत शर्मा, महेंद्र प्रजापति, नीरज कुमार, जगदीश पासवान, सत्येंद्र पासवान, छोटू कुमार, अर्जुन सिंह, काजू कुमार, शंकर चौधरी, शिवनाथ चौधरी, शक्ति पासी, मुनारिक यादव, सुरेंद्र चौधरी, मुमताज, मुख्तार अंसारी, इंद्रदेव राम, गोपाल गुप्ता, समीर कुमार, संजीत कुमार सहित कई लोग उपस्थित है।

### झामुमो नेता विवेकानंद ने एसपी से भेंट कर पुराना थाना परिसर को स्थाई पिकेट बनाने की मांग



हैदरनगर पलामू। झामुमो के जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने पलामू के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विधि व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के प्रति सुझाव दिया। साथ ही उन्होंने पुलिस पब्लिक समन्वय को और प्रगाढ़ता कायम रखने को लेकर सभी थाना को आवश्यक दिशा निर्देश देने की मांग की है। साथ ही कहा कि संबंधित क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पंचायत स्तर पर सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्यों को भी सजग करने की जरुरत है। उन्होंने हैदरनगर बाजार क्षेत्र और रेलवे स्टेशन से आवाजाही करने वाले यात्रियों की बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के लिए जपला हैदरनगर मुख्य पथ स्थित पुराना थाना भवन में स्थायी पिकेट के स्थापना कराने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।

### पाटन : विश्व आदिवासी दिवस पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित, लाभप्रद होगा जांच शिविर : बीडीओ



**पाटन पलामू।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत किशुनपुर के पंचायत सचिवालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मुखिया सुमन गुप्ता और पारस हॉस्पिटल रांची के सहयोग से कराया गया। कार्यक्रम का उदघाटन पाटन के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, किशुनपुर पिकेट प्रभारी नीरज कुमार, मुखिया किशनपुर सुमन गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस जांच शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अंकुर सौरभ एवं जनरल फिजिशियन डॉ राजीव रंजन सिंह के द्वारा मरीजों का इलाज किया गया। मौके पर मुखिया सुमन गुप्ता व बीडीओ मनोज तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सराहनीय है। यह स्वास्थ्य शिविर आमलोगों के लिए लाभप्रद होगा। गरीब लोग पैसे के अभाव में अपना स्वास्थ्य जांच व ईलाज नहीं करा पाते थे वे शिविर का लाभ उठायें।

### पहाड़ी टोला राजकीय न्यू प्राथमिक विद्यालय में चोरी

**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के पहाड़ी टोला राजकीय न्यू प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने छह अगस्त की रात स्कूल का ताला तोड़कर चोरी कर ली। विद्यालय के सहायक अध्यापक इक्तेखार अंसारी ने विद्यालय में चोरी होने की जानकारी पाटन थाना प्रभारी व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को दी है। अंसारी ने बताया कि जब सुह स्कूल खोलने गया तो देखा कि कार्यालय का ताला टुटा हुआ है। विद्यालय व माता समिति को बुलाया। साथ ही पंचायत के मुखिया व ग्रामीणों को स्कूल में चोरी को दिखाया। उन्होंने कहा कि चोरों ने चावल, गैस सिलिंडर, चुल्हा, किताब, लाईब्रेरी बुक चुरा लिये हैं।

### सेसा स्वतंत्रता दिवस पर लगायेगा हस्तशिल्प की प्रदर्शनी

**मेदिनीनगर।** सेसा द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को बेतला रोड भुखड़िया सेसा व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र में भारत के विभिन्न प्रदेशों के हस्तशिल्प की प्रदर्शनी सह बिक्री कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

### विश्व आदिवासी दिवस पर झामुमो ने निकाली शोभा यात्रा

## हेमंत सोरेन के कार्यकाल में आदिवासियों का सम्मान बढ़ा है : राजेंद्र सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झामुमो जिला कार्यालय जगत कुटीर से शोभा यात्रा निकाली गई। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए स्टेशन चौक पर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्याण किया गया। इसके पूर्व जिला कार्यालय में आदिवासी परंपरा के अनुसार शहीद बेदी की पूजा पाहन के द्वारा कराया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि झामुमो के हेमंत सरकार के कार्यकाल में राज्य के आदिवासियों का सम्मान मिला है। मुख्यमंत्री के प्रयास से आदिवासी दिवस को एक उत्सव के रूप में पूरे झारखंड में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह दिवस संतुलित विकास व स्थिरता प्राप्त करने के लिए तथा आदिवासियों के आवाज को सुनने व साझेदारी को बढ़ावा देनेवाला है। इस मौके पर बालकिशुन उरांव, पाहन मनेष उरांव, दिलीप कोरबा, निरंजन सिंह चेरो, दाउद केरकेट्टा ने आदिवासी धर्म संस्कृति पर प्रकाश डाला। इस मौके पर हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, रमेश सिंह, नवीन सिन्हा, सहबाज आलम, अनुराग सिंह, सन्नी शुक्ला, संजय साहनी, आशुतोष विनायक, दीपू चौरसिया, डॉ यशवंत सिंह, मुकेश चौधरी, राजिया नियाजी, कमरूदीन अंसारी, सन्नु सिदिकी समेत कई लोग शामिल थे।

## उप महापौर ने किया योग साधकों साधिकाओं के बीच पौधा वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी में जल संकट से उत्पन्न समस्याओं व पर्यावरण संतुलन के मद्देनजर नगर निगम के प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह और उनकी टीम द्वारा वृक्षारोपण एवं जल संचयन हेतु संकल्प अभियान कार्यक्रम के निहित नगर निगम मेदिनीनगर बड़ा तालाब सह बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क में निशुल्क योगाभ्यास करने वाले योग साधको व साधिकाओ के बीच पौधा वितरण किया गया। साथ ही उनके द्वारा पार्क में वृक्ष भी लगाया गया। सभी से प्रथम उपमहापौर व उनकी टीम ने अपील किया कि अपने अपने घरों में एक-एक पौधा अवश्य लगाएं। साथ ही अपने घरों में वर्षा का जल स्त्रोत को वाटर हार्वेस्टिंग आदि की जानकारी दी। मौके पर योगाचार्य पवन जी, मंजय कुमार, निलय कुमार, किशोर सिन्हा, जितेंद्र सिंह, मनदीप प्रजापति, राहुल कुमार, पवन कुमार, सहित काफी संख्या योग साधक साधिकाएं उपस्थित रही।

## किसान के खेत सूखे, सड़क पर धनरोपनी यही हमारे क्षेत्र का दूर्भाग्य : कर्नल संजय कुमार सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र झरगाड़ा पंचायत अंतर्गत ग्राम चरकौल में सड़क न बनने से परेशान ग्रामीणों ने बदहाल सड़क को लेकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया है। किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जगह-जगह सड़कों में गड्ढों पर धान रोपाई करते हुए प्रदेश सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त रास्तों को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है। बता दें कि ग्राम चरकौल की हालात बेहद खराब है। जहां बारिश के दिनों में ग्रामीणों की चुनौतियां और भी ज्यादा बढ़ जाती हैं। यहां सड़क खस्ताहाल है, क्षेत्र में नालियां भी नहीं बनाई गई, जिसकी वजह से गंदे पानी की निकासी नहीं हो पाती। सारा पानी सड़क पर भर जाता है। चरकौल निवासी विष्णुदेव पासवान ने कहा तीन दिन पहले एक किशोरी को विषैले जन्तु ने काट लिया सड़क खराब होने के कारण कोई वाहन यहां नहीं पहुंच पाई जिसके कारण उसे काफी मशक्कत से चारपाई के सहारे झरगाड़ा मुख्य पथ पर ले जाया गया तब उसकी जान बच सकी। कर्नल सिंह ने कहा कि पहले सड़कों में गड्ढे होते थे लेकिन अब हेमंत सरकार में गड्ढों में सड़क समा गई है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे के अलावा किसी भी ग्रामीण सड़क का हाल अच्छा नहीं है। क्षेत्रीय लोग जलजमाव से काफी परेशान है। जिससे क्षेत्र में बीमारियां फैलने का डर है।जन प्रतिनिधि कागज पर विकास का ढिढोंरा पीट रहे हैं और अपने जेब भरने में लगे हुए हैं। किसान के खेत सुखे है और सड़क पर धनरोपनी हो रही है यह हमारे क्षेत्र का दूर्भाग्य हैं। यदि इस सड़क का निर्माण जल्द नहीं कराया गया तो हमलोग उग्र प्रदर्शन करेंगे। मौके पर अरुण कुमार पासवान, सनोज यादव, मनोज शर्मा, अजय सिंह, डबल सिंह, गणेश प्रजापति, विजय प्रजापति, इशरार अहमद (गुड्डू), अमित सिंह, प्रदीप पासवान, सरोज पासवान, मनोहर सिंह, सत्यनारायण यादव आदि मौजूद थे।

## वाइजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने की परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जिला सचिव मोहित साहू के नेतृत्व में नीलांबर पितांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक शिवपूजन सिंह से मुलाकात की। साथ ही विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि कि विद्यार्थियों की बी .एड सत्र 21- 23 की परीक्षा की तिथि 22 अगस्त से 25 अगस्त तक है और उसी अवधि में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा की तिथि भी घोषित की गई है।

ऐसी स्थिति में बहुत से छात्र छात्राएं ऐसें भी हैं जिन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी की है और उन्हें परीक्षा देनी है। वे सभी असमंजस की स्थिति में है कि क्या किया जाए। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि विद्यार्थियों के इस समस्या का समाधान होना जरूरी है क्योंकि उनके लिए दोनों परीक्षाएं काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए हम नीलांबर पितांबर विश्वविद्यालय प्रशासन से यह मांग करते हैं कि बी.एड की परीक्षा की तिथि में बदलाव किया जाए ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या सामना ना करना पड़े। इस पर परीक्षा नियंत्रक ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए परीक्षा परीक्षा तिथि को 26 और 29 अगस्त को बढ़ा दिया। इस मौके पर अभिषेक मौर्य, चीतेश मिश्रा, रवि रंजन मिश्रा, विवेक कुशाग्र आदि लोग मौजूद थे।

# आदिवासी विचारधारा पर चल कर ही हो सकती है दुनिया में शांति


गोपाल मैदान में एकता प्रदर्शित करते जसाई मार्डी, इंद्रो हेम्ब्रम एवं अन्य आदिवासी नेता।


गोपाल मैदान में जुटा आदिवासी समुदाय।


सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करती युवतियां।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**विश्व आदिवासी दिवस पर गोपाल मैदान से गुड़िया मैदान तक में हुआ समारोह**

**जमशेदपुर।** विश्व आदिवासी दिवस पर गोपाल मैदान से लेकर बिरसानगर गुड़िया मैदान तक में समारोह का आयोजन किया गया। मानगो से साकची बिरसा चौक तक शाम में आदिवासी समुदाय ने रैली निकाली। गोपाल मैदान में आदिवासी आक्रोश रैली निकाल कर आदिवासी महासभा एवं बिरसा सेवा दल ने आदिवासी हितों को संरक्षण नहीं मिलने की स्थिति में आंदोलन करने की चेतावनी दी। विश्व आदिवासी दिवस पर बुधवार को बिष्टुपुर के गोपाल मैदान में आदिवासियों का महा जुटान हुआ। हजारों आदिवासियों ने गोपाल मैदान में जुड़कर विश्व शांति का संदेश दिया।

इस अवसर पर आदिवासी नेताओं ने कहा कि अगर विश्व में शांति लानी है तो आदिवासी विचारधारा पर काम करना होगा और उसे अपनाना होगा। नेताओं ने कहा कि आदिवासी प्रकृति के साथ काफी जुड़े हुए हैं।

आदिवासी विचारधारा से ग्लोबल वार्मिंग कम होगी। ,इस कार्यक्रम में असम की बांसुरी उड़ीसा का मांदर, बंगाल का ढाक और झारखंड का नगाड़े की एक साथ आवाज गूंजी। कार्यक्रम के दौरान आदिवासियों की ज्वलंत समस्याओं पर भी चर्चा हुई यूनिफॉर्म सिविल कोड के विरोध का ऐलान हुआ और सरना धर्म कोड की मांग की गई। साथ ही नेताओं ने हो मुंडारी समेत अन्य आदिवासी भाषाओं को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने की मांग उठाई। इस अवसर पर लोक गीत एवं नृत्य तारों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांधी।

## बिरसानगर में निकाली आदिवासी आक्रोश रैली

**जमशेदपुर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी महासभा एवं बिरसा सेवा दल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बिरसानगर स्थित गुड़िया मैदान में दोपहर 1 बजे से आदिवासी आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। यह रैली विगत तीन महीना से मणिपुर में लगातार हिंसा एवं आपसी संघर्ष तथा भारत के अन्य राज्यों में आदिवासियों के साथ अमानवीय एवं अनैतिक करवाई, आदिवासी महिलाओं के साथ अत्याचार एवं जल जंगल जमीन की लूट के खिलाफ निकाली गई। इस अवसर पर आदिवासी महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष विजय कुजूर एवं महासचिव कृष्णा हांसदा ने संयुक्त रूप से कहा कि केंद्र सरकार लोकुर कमेटी के सुझाव को मानते हुए आदिवासी होने का मापदंड बनाकर विभिन्न गैर आदिवासी समुदायों को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने से मणिपुर की तरह अन्य राज्यों में भी जातीय हिंसा भड़क सकती है। इसलिए हमारी मांग है कि लोकर समिति की सिफारिश को संवैधानिक घोषित किया जाए एवं अनुसूचित जनजाति आदेश 1950 को ही आधार बनाकर सिर्फ उन्हें आदिवासियों को ही अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की कोशिश की जाए जो 1950 में संविधान लागू होने पर अनुसूचित जनजातियों की सूची में सूचीबद्ध होने से छूट गए थे।

स्पीड न्यूज

## परसुडीह में गीत व कविताओं के माध्यम से कविगुरू को दी गयी श्रद्धांजलि



जमशेदपुर। निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन टाटानगर शाखा द्वारा परसुडीह में गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर के महा प्रयाण दिवस पर उन्हीं के गीत एवं कविताओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का याुभारंभ गुरुदेव की तस्वीर पर को पुष्पांजलि देकर की गयी। शहर के जाने माने रवींद्र संगीत गायक एवं संस्था के सांस्कृतिक सचिव राजेन्द्र साह राज ने बहुत ही हृदय स्पर्शी रविन्द्र संगीत गाकर खुब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में सचिव शंकर सुर, अनामिका सुर, मनातोष बासु, अनिता बासु, अंजना दी, लीला राय चौधरी, इंद्राणी मजूमदार, मीना दास गुप्ता, सोमा बोस, विदुषी नुपुर गोस्वामी ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति दी। साथ ही कई सदस्यों ने गुरुदेव की कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जया मुखर्जी ने किया। तबला पर संगत नवेंदु पाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मनोतोष बसु ने किया।

## संपूर्ण झारखंड पुस्तक का हुआ विमोचन

जमशेदपुर। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो द्वारा बोधी मैदान जमशेदपुर में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव प्रोफेसर रवि शंकर मौर्य एवं अजय भगारके द्वारा लिखित पुस्तक संपूर्ण झारखंड का विमोचन किया गया । मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो गोमिया के विधायक डॉ लंबोदर महतो पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिश,पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, पूर्व विधायक कुशवाहा शिव पूजन मेहता, पदम छूटनी महतो एवं डॉ रामदयाल मुंडा के सुपुत्र एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर गुंजन एकिर मुंडा ने संयुक्त रूप से अनावरण किया। इस मौके पर स्पर्धा प्रकाशन की निदेशक अजय भगरके ने अतिथियो स्वागत किया। पुस्तक विमोचन में आजसू सुप्रीमो ने कहा कि यह पुस्तक न केवल छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी है बल्कि यह पुस्तक झारखंड के तमाम जनमानस को पढ़ना चाहिए।

## ब्रम्हर्षि समाज का रक्तदान शिविर 27 को

जमशेदपुर। अखिल भारतीय ब्रम्हर्षि



समाज के द्वारा आयोजित करने वाले रक्तदान शिविर की तैयारी के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष लाल बाबू सिंह की अध्यक्षता में आदित्यपुर दो के रोड नंबर चौदह राममंदिर सामुदायिक भवन में किया गया। रक्तदान शिविर अटल पार्क सामुदायिक भवन, आदित्यपुर में रखा गया है। बैठक में उपस्थित लोगों के द्वारा सुझाव दिया गया की आदित्यपुर एक, आदित्यपुर दो,गमहरिया एवं पुरे सरायकेला खरसावां जिला में प्रचार प्रसार कर शिविर में भाग लेने वाले लोगो को शामिल करने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया जाए।

## शपथ पत्र

मैं अभय कुमार पिता श्री संतोष प्रसाद निवासी बेलवाटिका वार्ड नंबर 21 गुरूद्वारा रोड पोस्ट थाना मेदिनीनगर जिला पलामू झारखंड शपथ पूर्वक बुक संख्या 11, सिरियल नंबर 5980, दिनांक 09-08-2023 एकरार करता हूं।

1. यह कि मैं उक्त नाम व पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरा मैट्रीक के मूल प्रमाण पत्र में नाम अभय गुप्ता दर्ज हो गया है जो कि गलत है।
3. यह कि मेरा सही नाम अभय कुमार है।
4. यह कि मेरा सभी कागजात पर मेरा नाम अभय कुमार है।
5. यह कि मेरा आधार संख्या 6191 7675 5765 हैं।
6. यह कि यह शपथ पत्र मैं सबंधित विभाग में देने के लिए कर रहा हूं।

शपथ कर्ता
अभय कुमार
बिरेंद्र प्रसाद सिंह
नोटरी डालटनगंज पलामू।

# सरदार सरदूल सिंह नहीं रहे, अंतिम संस्कार आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। लौहनगरी के चर्चित सिख उद्यमी एवं समाजसेवी सरदार सरदूल सिंह नहीं रहे। अपोलो कोलकाता में मंगलवार की रात 9 बजे इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वे पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। पहले दिल्ली फिर चेन्नई और उसके उपरांत कोलकाता अपोलो ले जाया गया था। स्व सरदूल सिंह का पार्थिव शरीर बुधवार की रात कोलकाता से जमशेदपुर लाया गया। शव उनके माधव बाग मानगो स्थित आवास पर रखा गया है। सरदूल सिंह के बड़े पुत्र एवं भाजपा कार्यकर्ता हरपाल सिंह हैप्पी ने बताया कि गुरुवार कि सुबह साढ़े दस बजे माधव बाग कॉलोनी स्थित उनके आवास से अंतिम यात्रा शुरू होगी और स्वर्णरेखा बर्निंग घाट


स्व. सरदूल सिंह।

भूइयांडीह में देह को अग्नि को समर्पित किया जाएगा। वह अपने पीछे तीन बेटे हरपाल सिंह हैप्पी, कृपाल सिंह, प्रितपाल सिंह एवं दो बेटियां और भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। सोमू के अनुसार सरदार सरदूल सिंह का जीवन अनुकरणीय है कि उन्होंने लघु उद्योग से शुरूआत की और अपनी मेहनत लगन से सरदूल इंडस्ट्री एवं सरदूल इंफ्रास्ट्रक्चर को व्यापक रूप देने में सफल रहे। उनके निधन पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, झारखंड के मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सरयू राय, तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव इंदरजीत सिंह, झारखंड गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सरदार भगवान सिंह, संरक्षक गुरदीप सिंह पप्पू, बारीडीह गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान कुलविंदर सिंह, मानगो गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान हरजिंदर सिंह, खालसा क्लब के ट्रस्टी संता सिंह, अध्यक्ष भगवंत सिंह रूबी, रामगढ़िया सभा के प्रधान केपीएस बंसल, ट्रस्टी जसबीर सिंह संधू, संत कुटिया गुरुद्वारा के कृपाल सिंह भारद्वाज, भाजपा युवा नेता सतबीर सिंह सोमू, कुलवंत सिंह बंटी पूर्व जिला अध्यक्ष रामबाबू तिवारी ने शोक जताया है।

# शहर में पहली बार 12 अगस्त से लग रहा 3 दिवसीय चॉकलेट मेला

**गोल्डेन आइरिस में 22 तरह के फ्लेवर वाले चॉकलेट खरीद सकेंगे लोग**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। लौहनगरी के युवा उद्यमी प्रतीक कुमार के स्टार्ट अप फर्म कोकोआ लेन के तत्वावधान में आगामी 12 अगस्त से तीन दिवसीय चॉकलेट मेला का आयोजन साकची स्थित गोल्डन आइरिस बैंक्वेट परिसर में आयोजित किया जायेगा। यह चॉकलेट फेयर भारत का पहला चॉकलेट फेयर होगा जो जमशेदपुर में आयोजित किया जा रहा है। साकची में बुधवार को चॉकलेट के स्टार्टअप से जाने वाले प्रतिक्स कोकोआलेन के प्रतीक कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में उक्त जानकारी दी। इसमें उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी भारत की पहली कंपनी है जो 100 से ज्यादा प्रकार की नेचुरल हैंड क्राफ्ट चॉकलेट लेकर पैन इंडिया आ रही है, जिसका प्री लॉच भारत के सबसे पहले चॉकलेट फेयर के रूप में जमशेदपुर में होने जा रहा है। चॉकलेट फेयर 12 से 15 अगस्त तक गोलमुरी के गोल्डेन आयरिस बैंक्वेट में रहेगा, जहां लोग कई प्रकार की चॉकलेट का आनंद उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि अभिभावक बच्चों के साथ चॉकलेट का आनंद उठाने के लिए सुबह 11.30 बजे से शाम 7.30 बजे तक जा सकते है। इसके साथ ही इस फेयर में आपको हैंड क्राफ्ट हैम्पर भी मिलेंगे। प्रतीक ने बताया कि उनका स्टार्टअप है, जिसकी शुरूआत उन्होंने 10 साल पहले अपने शौंक के रूप में की थी। इन 10 सालों में देश के अलग अलग राज्यों में उन्होंने अपने चॉकलेट के स्टाल लगाये। उन्होंने लोगों के राय और स्वाद के नजरीये के बाद ये सारे चॉकलेट के प्रकार तैयार किये। प्रतीक ने बताया कि 2023 में वे अपनी कंपनी कोकोआ चॉकलेट प्राइवेट लिमिटेड की शुरूआत कर रहे है, जिसकी प्री लॉचिंग 12 अगस्त से गोलमुरी में होगी। वहीं सभी को एक ही छत के नीचे हैंड मेड चॉकलेट के कई प्रकार और हैंड मेड क्राफ्ट लोगों को मिलेंगे।

खबर एक नजर में

## डेंगू और चिकनगुनिया को लेकर डीसी मंजूनाथ ने जिलावासियों को किया अलर्ट



**जमशेदपुर।** जिले में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिलेवासियों से सुरक्षित रहने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के अनुपालन की अपील की गयी है। उन्होंने कहा कि सतर्कता और जागरूकता से ही इसके प्रसार पर रोकथाम लगाया का सकता है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों/ कर्मियों को जनजागरुकता लाने हेतु गांव गांव में जाकर लोगों को पुराने बर्तनों, टायर आदि में पानी नहीं जमा किये जाने को लेकर जागरूक करने का निदेश दिया गया तथा प्रभावित क्षेत्रों एवं सम्भावित क्षेत्रों में एंटी लार्वा के छिड़काव का निदेश दिया गया है।

**ऐसे होती है मच्छरजनित बीमारियां :** डेंगू/चिकनगुनिया संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होता है । तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें, यह डेंगू/चिकनगुनिया हो सकता है। उक्त लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

**क्या करें :** डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं, इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें।
- जब भी सोयें, मच्छरदानी के अंदर ही सोयें।
- एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू/चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
- मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवायें

क्या नहीं करें
- घर के आस-पास या छत पर प्रयोग में न आने वाले बर्तन, टायर आदि न रखें एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे में पानी जमा नहीं होने दें।
- टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतलें, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं।
- बुखार होने पर उसे अनदेखा नहीं करें।
- बगैर जाली लगे खिड़की तथा दरवाजे शाम एवं सुबह में खुले न रखें, क्योंकि इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक रहता है।

## आदिवासी समाज पर अत्याचार बंद करना चाहिए : कुड़मि समाज



जमशेदपुर। विश्व आदिबासि दिवस के अवसर पर आदिबासि कुड़मि समाज पूर्वी सिंहभूम जिला द्वारा हुड़लुंग गांव में केंद्रीय संयुक्त सचिव रामबिलास महतो के आवासीय परिसर में एक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से इस दिवस के इतिहास, उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय अध्यक्ष प्रसेनजीत महतो ने कहा कि आदिबासियों के ऊपर हो रहे अन्याय अत्याचार और शोषण बंद हो। हम आदिबासियों के जल जंगल जमीन के साथ भाषा संस्कृति धरम परंपरा का अतिक्रमण बंद हो। हम आदिबासि प्रकृति के संरक्षक के तौर पर विश्व में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं इसलिए सरकार हमारे सम्मान हक अधिकार को विशेष संरक्षण प्रदान करे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव प्रकाश महतो ने किया। नगर अध्यक्ष धिरेंद्रनाथ महतो ने कुड़मालि झुमइर गित के माध्यम से आदिबासि दिवस का सुंदर वर्णन किया।

# सौर उर्जा से संचालित होगी एडीएल सोसाईटी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** 9 अगस्त को ए डी एल सोसाईटी में 25.90 ङ्कस्त्र का शौर्य उर्जा सिस्टम का अनावरण किया गया जिससे सोसाइटी का पूरा कैंपस शौर्य उर्जा से संचालित होगा। इस महत्वपूर्ण सिस्टम का उद्धघाटन टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा के द्वारा किया गया। साथ में कंपनी के जीएम संजय कुमार उपस्थित रहे, साथ ही एक कैरम और चेस गेम रूम का भी उद्धघाटन किया गया। सोसाईटी के अध्यक्ष वाई ईश्वर राव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमनें पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाये है और आगे भी सोसाईटी को नये तकनीकों से जोड़ने का प्रयास करते रहेंगे। इस कार्यक्रम में कई तेलुगु संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल हुए जिसमें बी जी विलास ए बी एस राम मंदिरम, आंध्र एसोशिएशन, टिनप्लेट आंध्र समीती, टेल्को गणेश मंदिर, गौरी युवजन संघम, श्रीवारी सेवा दल, साई मंदिर बारीडीह, आंध्र संगम सिदगोडा, वैश्नवी ब्रह्म समाज, जे टी एस के सदस्य शामिल थे। एडीएल सोसायटी में सौर उर्जा से संचालित सिस्टम से सोसाईटी एक नये प्रारूप में काम करेगी, एवं लाभप्रद दिशा में आगे बढ़ेगी। इस कार्य में सोसाईटी के सभी सदस्यों ने अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष एन वी आर मूर्ती, सी एच रमना राव, कोषाध्यक्ष पी सिम्हाद्री राव, सह सचिव के नागेश नायडू, एम कमल कुमार, पी रवि प्रकाश सहायक कोषाध्यक्ष ई सत्यनारायण (रवि), डी रामू बी के राव, ए वेंकट राव (बाब्जी) राम मोहन राव, सूर्या राव, एस रमेश, एम प्रशांत, एन रामकृष्णा, राज कुमार, पी उमाशंकर आदि शामिल थे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर निकाली बाइक रैली



**जमशेदपुर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर खेरवार ऐभेन गवंता एवं आदिवासी एकता मंच के संयुक्त तत्वाधान में पाँच सौ मोटरसाइकिल का रैली एन एच 18 के श्रीघुटू गांव के फूलों झानो चौक से प्रारंभ की गई। बाबा तिलका मांझी चौक तथा तिलका स्टेडियम बालीगुमा, डिमना पहुंचकर वीर शहीद बाबा तिलका मांझी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। मोटरसाइकिल रैली के बाबा तिलका माझी डिमना चौक से साकची तक पदयात्रा किया गया। इस अवसर पर मानगो चौक में शहीद खुदीराम बोस, पुराना कोर्ट मे डॉ भीमराव अंबेडकर, साकची गोल चक्कर में धरती आबा बिरसा मुंडा, कोका करमाली बारीडीह, बिरसानगर मे सिदो कान्हू, बड़ा बाँकी मे गंगा नारायण सिंह,नरगा मे प्रो दिगम्बर हांसदा चौक तथा मोस जोभी मे सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अंत में बढ़हाडी फुटबॉल मैदान में सभा में तब्दील होकर समाप्त किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता और यूनाइटेड फोरम फॉर चीफ एंड जस्टिस के डेमका सोय, मदन मोहन सोरेन, कुलविंदर सिंह आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर खेरवार ऐभेन गवंता के चेयरमेन दीपक मुर्मू, अर्जुन सोरेन, दुर्लभ बेसरा, गालूराम टुडू, रवींद्रनाथ मार्डी, बंगाल सोरेन, राकेश मुर्मू, मंगल टुडू, दुखीराम मुर्मू, अमित टोप्पो, प्रभात किस्कु श्याम चरण हांसदा करिया हंसदा तथा आदिवासी एकता मंच के दीनबंधु भुमिज, छोटू सोरेन,बिजय सोय, रखाल सोरेन, हरीपदो भुमिज, राजाराम मुर्मू, जैकब किस्कू, सतीश सिंह, गुरूपदो हेंम्ब्रम, मंगल टुडू, सुनील हेंम्ब्रम, पन्नालाल सोरेन, मलिन मुर्मू, आदि उपस्थित थे।

# बिष्टुपुर में सावन महोत्सव में खूब झूमी महिलाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सावन के महीने में लौहनगरी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भरमार है जहां अनेक संस्थाएं सावन क्वीन के आयोजन में जुटी हैं.ऐसा ही एक आयोजन कलाकार पूजा सिंह ने बिष्टुपुर में आयोजित किया। फर्क यही रहा कि यहां कोई प्रथम, द्वितीय या तृतीय नहीं आया बल्कि सभी प्रतिभागियों को 'सावन क्वीन' से नवाजा गया।कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिभागियों के रैंप कैटवॉक से हुई। उसके बाद एक एक करके प्रतिभागियों ने डांस का प्रदर्शन किया जिसको देखकर लौग झूम उठे। कार्यक्रम में प्रिया सिंह, पूनम प्रसाद, सुमन सिंह, प्रिया श्रीवास्तव, गुडिया पांडेय,मधुमिता नंदी, प्रियंका उपाध्याय, सरिता शर्मा, सुमीरा, सनी,सपना शर्मा, जया दूबे समेत बीस से भी ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें दो ट्रांस वुमेन भी शामिल हुईं। कार्यक्रम में आयोजिका पूजा सिंह ने भी अपने नृत्य का जलवा दिखाया। नृत्य के बाद कुछ फन गेम्स और पहेली बूझो खेल का आयोजन हुआ जिसमें भाग लेकर प्रतिभागियों ने काफी इंजॉय किया। अंत में अतिथियों ने सभी महिलाओं को 'सावन क्वीन' का अवार्ड दिया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अन्नी अमृता, भोजपुरी एक्टर अनु ओझा, सुनीता जायसवाल और तेजिंदर कौर बतौर अतिथि सह जज मौजूद थीं।

# सीजीपीसी की धार्मिक कमिटी ने पाठीयों का मानदेय बढ़ाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) की धार्मिक कमिटी ने हितों के ख्याल रखते हुए श्री गुरु ग्रन्थ साहिब का पाठ करने वाले पाठीयों (पाठी सिंह) के मानदेय बढ़ाने के फैसला किया है। सीजीपीसी के महासचिव अमरजीत सिंह ने बताया की पिछले दिनों धार्मिक कमिटी की एक बैठक प्रधान भगवान सिंह की अध्यक्षता में रखी गयी थी जिसमे यह निर्णय लिया गया की विभिन गुरुद्वारों में श्री गुरु ग्रन्थ साहिब का पाठ करने वाले पाठीयों मानदेय में बढ़ोतरी की जाएगी। इस पर सरदार भगवान सिंह का कहना है कि मंहगाई के इस दौर में पाठी सिंहो के मानदेय को बढ़ाना अत्यंत आवश्यक हो गया था। बैठक में मुख्य रूप से सुखदेव सिंह खालसा, रविंदर सिंह, भाई गुरप्रताप सिंह, भूपिंदर सिंह, रविंदरपाल सिंह, जसवंत सिंह जस्सू, त्रिलोचन सिंह, दलजीत सिंह, बलजीत सिंह, अमरीक सिंह, रणजीत सिंह एवं अमृतपाल सिंह ने बैठक में पाठीयों के मानदेय बढ़ोतरी करने पर एकस्वर में हामी भरी।

## गणीनाथ सेवा संस्थान की दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह 8-9 सितंबर को



जमशेदपुर। गणिनाथ सेवा संस्थान गोलमुरी अपने 50 वर्ष पूरे होने पर आगामी 8 और 9 सितंबर को स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन करने जा रहा है। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष सुंदर गुप्ता ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। इस अवसर पर मुख्य उप संरक्षक सूरज प्रसाद कार्यकारी अध्यक्ष जय हिंद गुप्ता महासचिव संजय प्रसाद उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार संगठन प्रभारी विनय कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष व प्रवक्ता शैलेश गुप्ता युवा मंच के अध्यक्ष राज गुप्ता युवा मंच के महामंत्री सुजीत कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद युवा मंच के उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद और सह सचिव रितेश गुप्ता भी उपस्थित थे। अध्यक्ष सुंदर गुप्ता ने बताया कि स्वर्ण जयंती के अवसर पर संस्थान की ओर से एक स्मारिका का प्रकाशन किया गया है जिसका आज विमोचन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वर्ण जयंती समारोह मुख्य रूप से 8-9 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। 8 सितंबर को साकची आम बागान मैदान से बाबा गणिनाथ मंदिर गोलमुरी तक सुबह 7:30 बजे से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में गणिनाथ संस्थान के डेढ़ हजार से अधिक स्त्री, पुरुष और बच्चे शामिल होंगे। इसी दिन शाम 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक संस्थान परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जबकि अगले दिन 9 सितंबर को संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ जी का पूजन सुबह 6:30 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर सुबह 9:00 बजे झंडोत्तोलन कार्यक्रम प्रस्तावित है जबकि जयंती समारोह सा अतिथि सम्मान समारोह दिन के 10:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शाम 7:00 बजे महा आरती का आयोजन किया जाएगा। स्वर्ण जयंती समारोह के दिन 9 सितंबर की शाम समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। समाज के वैसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने इस वर्ष सीबीएसई आईसीएसई एवं जैक बोर्ड में 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किया हो उन्हें सम्मानित किया जाएगा इसी तरह नीट, आइआइटी,एनआइटी,जेपीएससी व यूपीएससी आदि प्रति योग्यताओं में सफल छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

# बांस की बनी कंघी भेंट कर अपनी प्रेमिका प्रपोज करते हैं जुआंग आदिवासी युवा

**टाटा स्टील माइनिंग ने जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली जीवंत प्रदर्शनी का आयोजन किया**

**विश्व के मूलनिवासी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


प्रदर्शनी का अवलोकन करते ओडिसा सरकार के मंत्री प्रीति रंजन घराईव टाटा स्टील माइनिंग लि. के एमडी पंकज सतीजा व अन्य अतिथि।

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर।** क्या आपने कभी सोचा है कि आदिवासी समुदाय के लड़के अपनी प्रेमिका को कैसे प्रपोज करते हैं? हवा में प्यार, आंखों में रोमांस, होठों पर मुस्कान और गुलाब नहीं बल्कि एक कंघी, हाथ में बांस से बनी एक जटिल डिजाइन वाली कंघी जिसे वे प्रपोज करते समय लड़की को गिफ्ट करते हैं। हम बात कर रहे हैं ओडिशा की जुआंग जनजाति की। कहानी काफी दिलचस्प है। जुआंग लड़का इसे अपनी पसंद की लड़की को उपहार देता है और अगर लड़की इसे स्वीकार कर लेती है और इसे अपने बालों में लगा लेती है, तो जोड़ी बन जाती है। और बहुत खूब, वे एक दूसरे से शादी करने के लिए तैयार है। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह की इस कम ज्ञात दिलचस्प परंपरा ने बुधवार को टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से टाटा स्टील माइनिंग द्वारा अपनी सुकिंदा क्रोमाइट माइन में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के जश्न में कई दिलों को चुरा लिया। कंपनी ने, पारंपरिक जनजातीय सांस्कृतिक विरासत के उत्सव में, आदिवासी कलाकृतियों, आदिवासी रसोई के बर्तनों, संगीत वाद्ययंत्रों, कृषि उपकरणों, पोशाकों और आभूषणों पर प्रकाश डालते हुए एक मनोरम प्रदर्शनी का आयोजन किया था।

इस कार्यक्रम में हो, संथाल, मुंडा, भूमिज जैसे आदिवासी समुदायों और जुआंग और मैनकिडिया जैसे पीवीटीजी ने भाग लिया और आगंतुकों को आकर्षक कहानियों से मंत्रमुग्ध कर दिया, जो विभिन्न आदिवासी समूहों के अद्वितीय रीति-रिवाजों और परम्पराओं के बारे में बताती हैं। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए, प्रीतिरंजन घराई, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा, ओडिशा सरकार ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस विशेष अवसर पर यहां आना मेरे लिए खुशी की बात है और मैं जनजातीय विरासत के विभिन्न पहलुओं का जश्न मनाने के लिए इतना सुंदर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए टीम के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं। कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के राज्य समन्वयक परमानंद पटेल ने एससी एवं एसटी समुदायों के अधिकारों पर प्रकाश डाला और समुदायों के लिए सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला।

## इनर व्हील क्लब इस्ट ने ओल्ड एज होम में आयोजित किया भजन संध्या



**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट डिस्ट्रिक्ट 325 के द्वारा बाराद्वारी स्थित आशीर्वाद ओल्ड एज होम में भजन संध्या का आयोजन किया। इस सेवा के माध्यम से होम के बुजुर्गों का न केवल मनोरंजन किया गया बल्कि उन्हें आध्यात्मिकता का माहौल भी प्रदान किया गया। संयोजक पी श्रीधर ने टीम के साथ अपनी मधुर आवाज में भजन प्रस्तुत किए और उपस्थित चेहरों पर मुस्कान ला दी। धन्यवाद के प्रतीक के रूप में धूप कोन वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष इरा बंधोपाध्याय ने किया।

## समलैंगिकता बैन

इराक की सरकार ने देश में समलैंगिकता के इस्तेमाल पर पूरी तरह से बैन लगा दिया है। इराक के आधिकारिक मीडिया रेगुलेटर ने सभी मीडिया और सोशल मीडिया कंपनियों को समलैंगिकता शब्द का उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, अरब देश ने समलैंगिकता शब्द के इस्तेमाल पर बैन लगाते हुए इसे यौन विचलन से बदलने के लिए कहा है।जेंडर शब्द के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इराक की संचार और मीडिया आयोग (सीएमसी) ने कहा कि जेंडर शब्द के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। संचार और मीडिया आयोग ने बयान में कहा, रेगुलेटर मीडिया संगठनों को निर्देश देता है कि समलैंगिकता शब्द का उपयोग न करें और इसकी जगह सही शब्द यौन विचलन का इस्तेमाल करें। इस मामले को लेकर एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर जुमार्ना अभी तय नहीं किया गया है, लेकिन इसमें जुमार्ना भी शामिल हो सकता है।इराक स्पष्ट रूप से समलैंगिक यौन संबंध को अपराध नहीं मानता है। हालांकि ईराक ने अपने दंड संहिता में नैतिकता खंड का उपयोग एलजीबीटी समुदाय के सदस्यों को लक्षित करने के लिए किया गया है। इराक की मुख्य पार्टियों ने पिछले दो महीनों में समलैंगिक लोगों के अधिकारों की आलोचना तेज कर दी है। इससे पहले स्वीडन और डेनमार्क में कुरान जलाने के विरोध में शिया मुस्लिम गुटों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान समलैंगिका को दशार्ने वाले रेनबो झंडों को भी फूंक दिया था। हाल ही में कुवैत ने एक ट्रांसजेंडर अभिनेता की हॉरर फिल्म पर भी प्रतिबंध लगा दिया। टॉक टू मी नाम की यह फिल्म यूएई और सऊदी अरब के सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है लेकिन इसके किसी भी दृश्य में समलैंगिकता का कोई स्पष्ट संदर्भ नहीं है।

## आप का बचाव?

अध्यादेश पर आम आम आदमी पार्टी का साथ देना विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए पर भारी पड़ा। संसद में उसे असहज स्थिति का सामना करना पड़ा क्योंकि चर्चा के दौरान आबकारी घोटाला, अरविंद केजरीवाल के शीशमहल निर्माण घोटाला, इससे सम्बन्धी फाइलों को गायब करने के प्रयास आदि भी चर्चा में आ गये। यह भी पता चला कि दिल्ली विधानसभा और केजरीवाल मंत्रिमंडल की बैठकें भी संवैधानिक भावना के अनुरूप नहीं होती थी। इसमें केजरीवाल की मनमानी व्यवस्था लागू रहती थी। इन तथ्यों के सामने आने पर अध्यादेश का विरोध करने वालों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। संदेश यह गया कि विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए आप सरकार के कथित घोटालों और अलोकतांत्रिक तौर-तरीकों का समर्थन कर रहा है, उसका बचाव कर रहा है। विपक्षी आईएनडीआईए पर नरेन्द्र मोदी ने जो आरोप लगाए थे, वह इनकी अपनी हरकतों से प्रमाणित हो गए। मोदी ने कहा कि ये पार्टियां घोटालों से एक-दूसरे को बचाने के लिए एकजुट हुई हैं। जब से संसद का मानसून सत्र प्रारंभ हुआ, तब से विपक्ष मणिपुर को लेकर हंगामा कर रहा है लेकिन आम आदमी पार्टी के समर्थन में हंगामा छोड़ कर संसद की कार्यवाही में शामिल हो गये। कांग्रेस के नेता जानते थे कि उन्होंने दिल्ली के लिए जो संवैधानिक प्रावधान किये थे, अध्यादेश उसी के अनुरूप था। केजरीवाल भी दिल्ली की संवैधानिक व्यवस्था को समझते थे। इसे समझते हुए ही उन्होंने बेशुमार चुनावी वादे किए थे। उन्होंने कभी नहीं कहा कि दिल्ली पूर्ण राज्य होगा तभी वह सब वादे पूरे करेंगे। वह पूर्ण राज्य क्यों चाहते थे, यह भी कुछ घण्टों में पता चल गया। फाइलों को गायब करने और जांच को प्रभावित करने के काम किए गए। इसके चलते ही केंद्र सरकार को अध्यादेश लाना पड़ा।

# वन संपदा को हर हाल में बचाना ही होगा





**- शिवशंकर उरांव**

> कुछ वर्ष पहले तक वन क्षेत्र से बाहर भूमि पर उगने वाले पेड़ों की कटाई पर सख्त प्रतिबंध था। एक राज्य से दूसरे राज्य में उन्हें ले जाने के लिए ट्रांजिट परमिट की आवश्यकता होती थी। इससे निजी भूमि पर प्राकृतिक रूप से उगने वाले पेड़ों का अस्तित्व जोखिम में पड़ गया, क्योंकि भूमि के मालिकों को ऐसे पेड़ों को बेचने की अनुमति प्राप्त करने के लिए बोझिल और जटिल प्रक्रियाओं का अनुसरण करना पड़ता था।

**वानिकी**, कृषि और संबद्ध क्षेत्रों का एक अंग है। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में चार खंड शामिल हैं-फसलें, पशुधन, मात्स्यकी और वानिकी। इन चार खंडों में से पहले तीन खंड हरित क्रांति, श्वेत क्रांति और नीली क्रांति आदि जैसी क्रांतियों के गवाह रहे हैं। इन क्रांतियों के कारण पिछले 50 वर्षों के दौरान इन क्षेत्रों के उत्पादन में 3.05 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि हुई। जबकि वानिकी के उत्पादन में प्रति वर्ष महज 0.54 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई। वानिकी क्षेत्र की यह वृद्धि जनसंख्या में होने वाली वृद्धि दर का एक तिहाई भी नहीं है। आर्थिक और इकोलॉजी की दृष्टि से इसके बेहद गंभीर नतीजे हुए। देश में उत्पादित लकड़ी एवं लकड़ी के उत्पादों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में भारी गिरावट आई और भारत को लकड़ी व लकड़ी के उत्पादों की घरेलू मांग के बड़े हिस्से को आयात के माध्यम से पूरा करना पड़ा। वानिकी में मामूली वृद्धि का सीधा अर्थ पर्यावरण और इकोलॉजी के अनुकूल उत्पादन में कम वृद्धि भी है। कार्बन प्रच्छादन, जल संतुलन और प्राकृतिक इकोसिस्टम के सेहत की दृष्टि से इसके दूरगामी प्रभाव हैं।

वानिकी का उत्पादन तीन स्त्रोतों पर निर्भर है। ये स्त्रोत हैं- सार्वजनिक वन, निजी स्वामित्व वाली भूमि और केंद्र एवं राज्यों, पंचायतों, समुदायों आदि के स्वामित्व वाली अन्य प्रकार की भूमि। विभिन्न कारणों से लकड़ी एवं लकड़ी आधारित उत्पादों के निष्कर्षण और लकड़ी आधारित उद्योग की स्थापना की प्रक्रिया वन संरक्षण अधिनियमों तथा विभिन्न विनियमों द्वारा कड़ाई से विनियमित की जाती है। भारत में वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि 23.4 मिलियन हेक्टेयर है। इन क्षेत्रों में वनोपज, विशेषकर लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के व्यावसायिक निष्कर्षण पर प्रतिबंध या रोक लगाने के पीछे कुछ तर्क हैं। हालांकि आर्थिक विकास, पर्यावरण, इकोलॉजी और स्थिरता से संबंधित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए इस वन क्षेत्र के बाहर वानिकी और पेड़ उगाने को प्रोत्साहित करने की काफी संभावनाएं हैं। सबसे बड़ी संभावना कृषि भूमि पर है, जहां कृषि वानिकी को अपनाकर इस दिशा में बढ़ा जा सकता है। कुल कृषि योग्य भूमि में से 26 मिलियन हेक्टेयर भूमि परती पड़ी रहती है। यह देश में वनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि से अधिक है। भारत में 12 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य बंजर भूमि भी उपलब्ध है। परती भूमि, कृषि योग्य बंजर भूमि और खेत की सीमाओं पर पेड़ उगाने की अपार संभावनाएं हैं। वर्तमान में, वानिकी वृक्षारोपण के तहत निजी गैर-वन भूमि के बहुत छोटे से हिस्से को कवर किया जाता है और वहां पेड़ों की अधिकांश प्रजातियां नैसर्गिक रूप से ही उगती हैं। वे लकड़ी की घरेलू मांग को पूरा करने की दृष्टि से पर्याप्त नहीं हैं। इसके परिणामस्वरूप भारत बड़ी मात्रा में लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों का आयात कर रहा है। इस आयात में 2018-19 तक वृद्धि का रुझान दिखाई देता रहा है। वर्ष 2018-19 के दौरान लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों का आयात 6126 मिलियन अमेरिकी डॉलर या 42841 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। वृक्षारोपण और कृषि-वानिकी में बहुत कम रुचि होने के पीछे के कारणों के गहन परीक्षण की आवश्यकता है। देश में लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों की मांग में कोई कमी नहीं आई है। इनकी मांग बढ़ने से कीमतें दिनों-दिन बढ़ रही हैं और इनका आयात भी बढ़ रहा है। कुछ वर्ष पहले तक वन क्षेत्र से बाहर निजी भूमि पर उगने वाले पेड़ों की कटाई पर सख्त प्रतिबंध था। एक राज्य से दूसरे राज्य में उन्हें ले जाने के लिए ट्रांजिट परमिट की आवश्यकता होती थी। इससे निजी भूमि पर प्राकृतिक रूप से उगने वाले पेड़ों का अस्तित्व जोखिम में पड़ गया, क्योंकि भूमि के मालिकों को ऐसे पेड़ों को बेचने की अनुमति प्राप्त करने के लिए बोझिल और जटिल प्रक्रियाओं का अनुसरण करना पड़ता था। इस बीच देश में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय वन नीति 1988 और राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति 2014 लागू की गई। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 18 नवंबर, 2014 को राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को वन क्षेत्र से बाहर निजी भूमि पर उगाई जाने वाली वृक्ष प्रजातियों के लिए कटाई और पारगमन नियमन के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए। इन दिशानिर्देशों में पेड़ों की कटाई के लिए किसी भी प्रतिबंध से मुक्त प्रजातियों की सूची और निजी भूमि पर उगने वाले वृक्षों की प्रजातियों के लिए उदार पारगमन नियम का स्पष्ट उल्लेख किया गया। इसके बाद, इस मामले को नीति आयोग द्वारा कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित सुधारों के एक भाग के रूप में राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों के समक्ष उठाया गया। कुछ राज्यों ने केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए अपनी ओर से अधिसूचनाएं जारी कीं। निजी भूमि पर उगाए गए पेड़ों की कटाई और पारगमन पर प्रतिबंधों को सीमित तौर पर उदार बनाए जाने से वानिकी के उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के आयात में काफी कमी हुई। निजी भूमि पर उगाई जाने वाली वृक्ष प्रजातियों की कटाई पर प्रतिबंध में छूट की अधिसूचना के एक साल बाद, वन क्षेत्र का उत्पादन लगातार तीन वर्षों के लिए 5 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि दशार्ता है। 1950-51 से ऐसा कभी नहीं हुआ। इसी तरह, 2014-15 के बाद दो वर्षों के दौरान लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के आयात में 5 प्रतिशत की गिरावट आई और उसके बाद की अवधि में आयात में वृद्धि होने के बजाय उतार-चढ़ाव होता रहा। स्थानीय रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि देश में कुछ इलाकों में चिनार जैसी कृषि वानिकी प्रजातियों के रकबे में काफी वृद्धि हुई है। हालांकि, पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध हटाने की जानकारी देश के बड़े हिस्से में नहीं पहुंच पाई है। इस जानकारी को गांव के स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। भारत में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए देश में पेड़ों की कटाई और पेड़ों के उत्पादों की आवाजाही को प्रतिबंध से पूरी तरह मुक्त बनाने की भी आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी के वर्तमान समय में, उत्पाद की आपूर्ति के स्त्रोतों, यानी- भूमि या निजी भूमि - का पता लगाने के उपाय उपलब्ध हैं। **(लेखक भाजपा जनजाति मोर्चा झारखंड प्रांत के अध्यक्ष हैं।)**

### खास बात

## अमित शाह के गंभीर आरोप

**दिल्ली** सरकार संशोधन विधेयक से पारित हो गया। यह निर्णय संविधान के अनुरूप था। गृहमंत्री अमित शाह ने केजरीवाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि आप के निशाने पर सतर्कता विभाग था। जिससे घोटालों की जांच को प्रभावित किया जाए। उसके पास आबकारी घोटाले की फाइल, मुख्यमंत्री के नये बने आवास को अवैध रूप से बनाये जाने से संबंधित फाइल, बीएसईएस से संबंधित फाइल, एक कंपनी पर इक्कीस हजार करोड़ रुपये के बकाया होने के बावजूद उसे फिर फंड देने से संबंधित फाइल जांच के लिए पड़ी हैं।

केजरीवाल सरकार देश की ऐसी सरकार है, जिसके कार्यकाल में विधानसभा का सत्रावसान ही नहीं होता। जब राजनीतिक भाषण देना होता है तो विधानसभा का आधे दिन का सत्र बुला लिया जाता है। 2021 से 2023 के बीच अब तक हर साल केवल एक-एक सत्र बुलाए गये हैं। वह भी बजट के लिए। इसी तरह केजरीवाल सरकार ने वर्ष 2022 में कैबिनेट की मात्र छह बैठकें बुलायीं, वर्ष 2023 में केवल दो ही बैठकें बुलायीं। यह बैठकें भी मुख्यतः बजट को लेकर थीं। पिछले दो वर्षों से विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की एक भी रिपोर्ट सदन के पटल पर नहीं रखी। अगर विपक्ष को मणिपुर या देश के किसानों और अन्य हितों की चर्चा होती तो वे इसी सत्र में पारित नौ विधेयकों की चर्चा में जरूर भाग लेते क्योंकि वे विधेयक भी महत्वपूर्ण थे। विपक्ष को केवल अपना गठबंधन टूटने का डर था और वे इस विधेयक पर चर्चा में केवल अपना गठबंधन बचाने के लिए आये हैं।

आम आदमी पार्टी का जन्म नई राजनीति के दावे के साथ हुआ था। जिसमें ईमानदारी और वीआईपी कल्चर की समाप्ति का वादा किया गया था। इसके लिए अरविंद केजरीवाल ने एक प्रकार का मोहक तिलिस्म भी बनाया था। कभी अपनी चर्चित नीली वैगन आर कार की सवारी, ऑटोरिक्शा की सवारी, मेट्रो की सवारी, ये सब उनके इसी तिलिस्म के हिस्से थे।

**इनर** इंजीनियरिंग, योग के प्राचीन विज्ञान में जड़, शांति, आनंद और स्वास्थ्य को अपने प्राकृतिक स्थिति के रूप में स्थापित करने के उपकरण प्रदान करता है।

**– जग्गी बासुदेव**

### आपके ट्वीट

**भाजपा** ने आज पूरे देश पर केरोसिन फेंक दिया है।मणिपुर पर फेंका, वहां आग लगा दी,हरियाणा पर छिड़का, वो भी जल रहा है।पूरे देश को जलाने में लगे हैं! ये भारत मां के रखवाले नहीं, भारत मां के हत्यारे हैं!

**– राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**





**सशक्त,** समर्थ, आत्मनिर्भर भारत बनाना है, इसीलिए मोदी जी को फिर से लाना है।

**–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## अनुपम सौभाग्य

### विचार-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**



**मानव** जीवन भगवान की दी हुई सर्वोत्तम विभूति है। इससे बड़ा वरदान और कुछ हो ही नहीं सकता। सृष्टि के समस्त प्राणियों को जैसे शरीर मिले हैं, जैसे सुविधा साधन प्राप्त हैं, उनकी तुलना में मनुष्य की स्थिति असंख्य गुनी श्रेष्ठ है। दूसरे जीवों का सारा समय और श्रम केवल शरीर रक्षा में ही लग जाता है। फिर भी वे ठीक तरह उस समस्या को हल नहीं कर पाते। इसके विपरीत मनुष्य को ऐसा अद्भुत शरीर मिला है जिसकी प्रत्येक इन्द्रिय आनंद और उल्लास से भरी पूरी है। उसे ऐसा मन मिला है जो पग-पग पर हर्षोल्लास का लाभ ले सकता है। उसे ऐसी बुद्धि मिली है जो साधारण पदार्थों से अपनी सुख-सुविधा के साधन विनिर्मित कर सकती है। मानव प्राणी को जैसा परिवार, समाज, साहित्य तथा सुख-सुविधाओं से भरा-पूरा वातावरण मिला है, वैसा और किसी जीव को प्राप्त नहीं है।

इतना बड़ा सौभाग्य उसे अकारण ही नहीं मिला है। भगवान की इच्छा है कि मनुष्य उसकी इस सृष्टि को अधिक सुंदर, अधिक सुखी, अधिक समृद्ध और समुन्नत बनाने में उसका हाथ बंटाये। अपनी बुद्धि, क्षमता और विशेषता से अन्य पिछड़े हुए जीवों की सुविधा का सृजन करे और परस्पर इस तरह का सद्व्यवहार बरतें, जिससे इस संसार में सर्वत्र स्वर्गीय वातावरण दृष्टिगोचर होने लगे।

### कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

### लेटर टू एडिटर

#### विसंगतियों की शिक्षा

**आर्थिक** मंदी के चलते मध्य वर्गीय परिवार के लिए मोबाइल-कंप्यूटर खरीद पाना बस की बात नहीं है। शिक्षा नीति योजना के संभावित परिणामों पर विचार किये बिना ही लागू कर दी गयी। घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा ने लाभ की अपेक्षा अधिकतर विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से कमजोर अवश्य कर दिया है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

**– अनिल कौशिक, रांची**

#### शासन की जवाबदेही

**पुलिस** और आबकारी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और मिलीभगत के बिना अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री सम्भव नहीं। अनेक मामलों में उच्च स्तर पर सरकारी संरक्षण उजागर हुआ है। बिहार में नशाबंदी लागू कर नीतीश सरकार ने कमाल किया है। आबकारी कर से धन अर्जित करने वाली सरकार का दायित्व है कि उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण शराब उपलब्ध कराये।

**– सुखबीर, जमशेदपुर**

# अंधाधुंध शहरीकरण से उपजी समस्याओं का निदान जरूरी

### सामयिक

**दीपक कुमार त्यागी**

**भारत** में पिछले कुछ दशकों में ग्रामीण क्षेत्रों से तेजी के साथ शहरों की तरफ बड़ी आबादी का पलायन हुआ है, जिसके चलते देश में जगह-जगह अंधाधुंध अव्यवस्थित शहरीकरण हुआ है। हालांकि किसी क्षेत्र को शहरी क्षेत्र माने जाने के लिए कुछ आवश्यक मानदंड हैं, जिनके अनुसार उस क्षेत्र में 5000 या इससे अधिक व्यक्तियों की आबादी का निवास करना जरूरी है, वहां की 75 फीसदी आबादी गैर-कृषि व्यवसाय करती हो, वहीं इस क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व भी 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर होना चाहिए। शहरी क्षेत्र के लिए कुछ अन्य विशेषताएँ भी होती हैं, जिसमें उस क्षेत्र में उद्योग-धंधे, व्यवस्थित आवासीय क्षेत्र, सुनियोजित ढंग से बिजली-पानी, सीवरेज की व्यवस्था और सार्वजनिक परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था होती है, ऐसे आबादी वाले क्षेत्र को ही शहर के अंतर्गत मानते हैं।

इन सुविधाओं से आकर्षित होकर व ग्रामीण क्षेत्रों की कठिन जीवनशैली के चलते देश में पिछले कुछ दशकों में लोगों ने रोजी-रोटी व सुविधाओं की तलाश में बड़े पैमाने पर गांव से शहरों की तरफ पलायन किया है, जिसके चलते आज आलम यह है कि पुराने शहरों के अव्यवस्थित विस्तार के साथ कुकुरमुत्ते की तरह जगह-जगह अंधाधुंध वैध व अवैध शहरी क्षेत्र बन गये हैं, जिन क्षेत्रों के सभी निवासियों को गुणवत्तापूर्ण मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारे सिस्टम के सामने बड़ी चुनौती बन गयी है। वैसे, शहरीकरण से संबंधित अगर कुछ आँकड़े देखें तो साफ नजर आता है कि कभी गांवों का देश माने जाने वाला भारत अब तेजी से शहरों में बदल रहा है। इन आँकड़ों के अनुसार देश में वर्ष 2001 तक हमारी आबादी का 27.81 फीसदी हिस्सा शहरों में रहता था। जबकि वर्ष 2011 के आँकड़ों के अनुसार यह स्थिति बदल कर 31.16 फीसदी तक पहुंच गई और वर्ष 2018 में तेजी के साथ बदलते हुए शहरीकरण का यह आँकड़ा बढ़ कर 33.6 फीसदी तक पहुंच गया। देश में शहरी आबादी में तेजी से हुई यह बढ़ोत्तरी बेहद आश्चर्यजनक है। वहीं देश में वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार शहर-कस्बों की कुल संख्या 5,161 थी, जो कि वर्ष 2011 की जनगणना में तेजी से बढ़ कर 7,936 हो गई, वहीं अब नयी जनगणना में इस स्थिति में फिर से वृद्धि देखने को नजर आयेगी।

देखें तो संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में विश्व की करीब आधी आबादी शहरों में निवास करने लगी है, वहीं जिस तेजी के साथ भारत में गांवों से रोजी-रोटी व सुविधाओं की तलाश में पलायन अनवरत चल रहा है, उसको देखकर लगता है कि वर्ष 2050 तक हमारे देश की भी आधी आबादी शहरों-कस्बों के क्षेत्र में आकर के निवास करने लगेगी। जो यह दशार्ती है कि भारत में शहरीकरण बहुत तेजी से बढ़ रहा है। देश में तेजी के साथ होते इस शहरीकरण का सबसे दुखद पहलू यह है कि हम लोग नित-नयी समस्याओं से जूझने के चलते औसत स्तर का जीवन जीने से भी वंचित होते जा रहे हैं। आज देश में शहरी क्षेत्रों में आलम यह है गया है कि शहरी आबादी का एक बहुत बड़ा हिस्सा लगभग 17.4 फीसदी लोग तो सुविधाओं के भारी अभाव के साथ ही झुग्गी-झोपड़ियों में जीवन यापन करने के लिए मजबूर हैं। अधिकांश शहर अव्यवस्थित शहरीकरण के गंभीर रूप से शिकार होकर के समस्याओं के अंबार से बुरी तरह से घिर गये हैं। शहरों के मूलभूत सुविधाओं के ढांचे पर तेजी से बढ़ती शहरी आबादी का बोझ इतना अधिक बढ़ गया है, उस बोझ को उठाने में अब हमारे शहरों का सिस्टम जवाब देने लगा है।

# टीकाकरण और अवेयरनेस से जीवनरेखा में उल्लेखनीय सुधार

### स्वास्थ्य

**डॉ राजेंद्र प्रसाद शर्मा**

**दुनिया** के देशों में जीवन रेखा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के समग्र प्रयासों का परिणाम है कि अपने समय की जानलेवा बीमारियां टीबी, मलेरिया, टाइफाइड, पोलियो, पीलिया, डायरिया आदि पर काफी हद तक कंट्रोल कर लिया गया है। दुनिया के देशों में बाल मृत्यु दर लगभग आधी रह गई है तो प्रसव के दौरान मातृ मृत्यु दर भी करीब एक तिहाई रह गई है। संस्थागत प्रसव ने हालात में तेजी से सुधार किया है। दुनिया के अधिकांश देशों में संक्रामक रोगों का असर भी कम हुआ है तो डेंगू, स्वाइन फ्लू व इसी तरह की कुछ जानलेवा बीमारियां सामने आने लगी हैं।

पिछले कुछ दशकों से हमारे देश ही नहीं दुनिया के लगभग अधिकांश देशों में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसके लिए वैक्सिनेशन अभियान और सरकारों द्वारा अनवरत रूप से चलाए जाने वाले अवेयरनेस और नियंत्रण अभियानों से हालात में तेजी से सुधार हुआ है। लोगों की जीवन प्रत्याषा में बढ़ोतरी हुई है। कोरोना के अपवाद को अलग कर दिया जाए तो जहां 2000 में औसत आयु 67 साल होती थी वह 2019 तक बढ़ कर 73 साल हो गई है। यानी 19 सालों में छह साल अधिक जीने लगे हैं आम नागरिक। यह अपने आप में बड़ी उपलब्धी है सरकारों और स्वास्थ्य सेवाओं की।

यदि हमारे देश की ही बात करें तो जच्चा-बच्चा सुरक्षा अभियान के तहत महिला के प्रेगनेंट होने के साथ से ही नियमित जांच, दवा और टीकों का अभियान चलने के साथ ही प्रसव के बाद बच्चों की सुरक्षा और भविष्य में बीमारी ना हो इसके लिए नवजात बच्चों को मासिक, त्रैमासिक, छमाही, वार्षिक के साथ ही पांच-सात साल की उम्र होने तक जिस तरह से अलग-अलग बीमारियों से सुरक्षा के लिए टीके लगाये जा रहे हैं और सरकारी डिस्पेंसरियों में वार विशेष को टीका लगाने की व्यवस्था होने से लोगों में अवेयरनेस आई है और इसका सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगा है। टीकाकरण और समय-समय पर एनिमिया, दस्त निरोधक, कृमि नाशक दवाएं अभियान चलाकर उपलब्ध कराने से सेहत के क्षेत्र में लगातार सुधार आया है। यह वास्तव में चिकित्सा जगत की बड़ी उपलब्धि मानी जानी चाहिए और इसके लिए सरकारों व स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों को श्रेय दिया जाना चाहिए। उन्हीं के प्रयासों से यह संभव हो पाया है।

तस्वीर का धुंधला पहलू यह भी सामने आना लगा है कि जो चीजें हमें प्रकृति से आसानी से मिल जाती है जिन तक सहज पहुंच है उन्हीं की डेफिसिएंसी ज्यादा होने लगी है। यह सब हमारे रहन-सहन, खान-पान और दौड़ती भागती जिंदगी का परिणाम है। आज लोगों में विटामिन डी या सी की कमी आम होती जा रही है। जबकि हम जानते हैं कि चंद मिनटों यानी पांच-सात मिनट प्रतिदिन धूप सेवन ये विटामिन डी की डेफिसिएंसी को दूर किया जा सकता है पर हालात यह हो गए कि हम केमिकल से तैयार दवा लेने को तैयार है पर पांच मिनट धूप सेवन के लिए हमारे पास समय की कमी है। हालांकि मेट्रो सिटीज में गगनचुंबी अट्टालिकाओं के कारण सूर्य भगवान से साक्षात्कार करना लगभग मुश्किल भरा हो जाता है। इसी तरह से काम धंधे की भागदौड़ में धूप सेवन जैसी प्रकृति से सीधे साक्षात्कार का अवसर लाभ नहीं ले पाते हैं। और तो और रंग काला हो जायेगा इसी के चलते धूप से परहेज किया जाने लगा है। इसी तरह से बच्चों का मिट्टी में खेलने तो अब सपना रह गया है। परंपरागत खेल जो शारीरिक व मानसिक व्याधियों से बचाने में सहायक होते थे।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पीवीयूएन ने दिव्यांग को दिया कृत्रिम अंग



**बासल (रामगढ़)।** पीवीयूएन लिमिटेड के सीएसआर/ आरएंडआर समूह अपने सामाजिक दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए जरूरतमंदों के सहयोग के लिए हमेशा आगे रहती है। इसी क्रम में सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में पीवीयूएन लिमिटेड के सीएसआर/आरएंडआर समूह ने स्वर्णरेखा महिला समिति के साथ बुधवार को मनोज महादानी को कृत्रिम अंग के रूप में जीवन बदलने वाला उपहार दिया। स्वर्णरेखा महिला समिति के सदस्यों के साथ पीवीयूएन के कर्मचारी मनोज महादानी के आवास पहुंचे व उन्हें प्रोत्साहित किया। श्री महादानी ने कृत्रिम पैर के उपयोग और रख-रखाव में सावधानीपूर्वक प्रशिक्षण लिया। जो नए अंग को अपने दैनिक जीवन में निर्बाध रूप से एकीत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल का एक मुख्य उद्देश्य मनोज महादानी को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित कर स्वावलंबी बनाना भी है। महादानी ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस उदार कार्य ने मुझे उद्देश्य और आशा की एक नई भावना प्रदान की है।

### सर्वोदय में मना आदिवासी दिवस



**कुजू।** सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकंडरी विद्यालय में बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने अलग-अलग कार्यक्रमों का मंचन किया। आदिवासी इतिहास और संस्कृति से संबंधित प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ छात्रा संजना कुमारी ने किया। छात्र लोकेश महतो ने संथाली भाषा में भाषण दिया। छात्र छात्राओं ने आदिवासी संस्कृति का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया। छात्रों ने पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में ढोल मांदर की थाप पर आदिवासी नृत्य किया। प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने कहा कि किसी भी देश की संस्कृति के मूलनिवासी आदिवासी ही होते हैं। परंतु जीवन की आपाधापी में समाज के अन्य वर्गों के समान उनका विकास नहीं हो पाया। मौके पर सत्य प्रकाश वर्मा, मनीष कुमार प्रसाद, ब्रह्मदेव महतो, अनिल कुमार गुप्ता, रोहित कुमार, सोमा बनर्जी, सिंधु गुप्ता, दीपा कुमारी, रजनी कुमारी, ज्योति कुमारी, पूजा सिंह, संगीता साहू, सूरज कुमार, जगदीश महतो आदि शिक्षक शिक्षिकाओं सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक कल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का 11 अगस्त को तुलसी भवन रामगढ़ में वैश्य क्रांति सम्मेलन सह केंद्रीय समिति की बैठक होगी। इसमें आगे की रणनीति एवं कार्यक्रमों की घोषणा भी की जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा वैश्यों को मान-सम्मान, अधिकार, नौकरियों तथा विकास योजनाओं में आरक्षण के साथ समुचित भागीदारी, व्यवसाय में संरक्षण और सहयोग के साथ-साथ राजनीति में हिस्सेदारी दिलाने की लड़ाई लड़ रही है। और आगे भी इस लड़ाई को जारी रखना है। इन्हीं मुद्दों को लेकर 11 अगस्त को रामगढ़ की पवित्र एवं क्रांतिकारी धरती पर आयोजित इस कार्यक्रम में वैश्य मोर्चा के सभी केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों, जिलाध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों को केवल शामिल ही नहीं होना है। इस बैठक में आगे की रणनीति एवं कार्यक्रमों की घोषणा भी की जायेगी।

### उरेज में मना आदिवासी दिवस



**उरीमारी (रामगढ़)।** उरीमारी के उरेज में बुधवार को धूमधाम के साथ विश्व आदिवासी दिवस मना। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा, प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शाहिद नीलांबर पीतांबर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान आदिवासी समाज के दर्जनों लोगों ने शहीदों के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर झारखंड के धरोहर जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम मेंखरवार गुप्ता समाज विकास संघ के केंद्रीय कोषाध्यक्ष कालेश्वर गंझु, बड़कागांव प्रखंड के संगठन मंत्री महावीर जागेश्वर गंझु, खेतवा गंझु, छोटा मुंडा, गोवर्धन गंझु, नागेश्वर गंझु, कामेश्वर, रुदल गंझु, रविंद्र गंझु, रितु गंझु, अजय कुमार गंझु, दिलीप गंझु मुख्य रूप से मौजूद थे।

### चरही में आदिवासी दिवस पर लगा पौधरोपण

**चरही।** बुधवार को चरही में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर करमाली समाज चरही की ओर से पेड़ लगाया गया।इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि के रूप में करमाली समाज के केंद्रीय महासचिव सह जिप सदस्य बासुदेव करमाली थे।कार्यक्रम कि अध्यक्षता अर्जुन करमाली ने किया।मौके पर जितन करमाली,मेघनाथ करमाली,बिरजू करमाली,गोपाल करमाली,विक्रम करमाली,उमेश करमाली,सीटन करमाली, दिनेश करमाली,प्रदीप करमाली,सुनिल करमाली,रमन करमाली,जंगल करमाली,राजकुमार करमाली, बिनोद करमाली,घनश्याम करमाली,जवाहीर करमाली,शुकर ठाकुर,इंदर करमाली,रवि करमाली, मिर्ची करमाली,राजेन्द्र करमाली, पंकज करमाली,सुरज करमाली, शशि करमाली,सचिन करमाली सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### सात सूत्री मांग जल्द लागू होगा

**चरही।** सीसीएल तापिन साउथ परियोजना कार्यालय में प्रबंधन और विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा की संयुक्त बैठक हुई।यह बैठक विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो के नेतृत्व में किया गया। परियोजना पदाधिकारी और विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने लोकल सेल संबंधित वार्ता किया।इसके अलावे सात सूत्री मांगों पर भी चर्चा की गई।प्रबंधन और सीसीएल पदाधिकारियों के बीच सहमति बनी। कहा गया कि सात सूत्री मांगों को लागू किया जाएगा।इसके लिए अगली बैठक रखी जाएगी। बैठक में बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, विधायक प्रतिनिधि चौलेश्वर महतो,आरिफ अंसारी,पंसस शक्ति देवी,रोशनी देवी,नईम अंसारी,संतोष राय,मुमताज अंसारी,महादेव रविदास, आवेश असरफ ,लतीफ अंसारी, ओम प्रकाश गिरी,गुलजार अंसारी,प्रमोद सिंह, सुरेन्द्र सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

# सरप्लस के नाम पर शिक्षकों से बेइमानी!

## झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने खोली विभाग की पोल, कहा- मनमानी पर आतुर हैं डीएसइ

**खबर मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के शिक्षा विभाग की गजब कहानी में एक और नया आयाम उस समय जुड़ गया जब टीचर ट्रांसफर पोर्टल में सरप्लस शिक्षकों की सूची जारी की गई। इसके साथ ही शिक्षकों ने इसके विरुद्ध आवाज उठाना शुरू कर दिया।

इसी कड़ी में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने बुधवार को श्री कृष्ण आरक्षी उच्च विद्यालय में प्रेस वार्त्ता में सरप्लस शिक्षकों के चयन पर सवाल उठाया है। संघ ने कहा कि डीएसई और उनका कार्यालय मनमानी पर आतुर है। संघ ने डीएसई व उनके कार्यालय की पोल खोलते हुए बताया कि जिस तरह से विद्यालयों से सरप्लस शिक्षकों का चयन किया गया है उसमें काफी विसंगतियां हैं।

बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश को दरकिनार करते हुए जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों में से विद्यालयवार चिन्हित सरप्लस शिक्षकों की जो सूची व रिक्तियां राज्य को भेजी गई, उस डाटा की ना तो जांच-परख की गई और ना ही सरप्लस चिन्हित शिक्षकों से आपत्ति की मांग की गई। संघ ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों में से विद्यालयवार जारी सरप्लस शिक्षकों की सूची के पूर्व जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय से भी विद्यालयवार सरप्लस शिक्षकों को चिन्हित करते हुए सूची जारी की गई थी।दोनों सूचियों में जमीन-आसमान का अंतर है। कार्यालय द्वारा जारी सूची में राजकीय मध्य विद्यालय करियातपुर इचाक में एक भी शिक्षक सरप्लस चिन्हित नहीं थे। जबकि पीएफईएल टीम रांची द्वारा इसी विद्यालय के लिए कुल छह सरकारी शिक्षकों में से पांच शिक्षकों को सरप्लस चिन्हित कर दिया गया। प्रतिनियोजन के दौरान जो शिक्षक प्लस टू को पढ़ाने में सक्षम थे अब उन्हें वर्ग एक से पांच तक का शिक्षक कह कर अपमानित करते हुए सरप्लस शिक्षक के रूप में चयनित किया गया। उदाहरण देते हुए संघ ने कहा कि वैसे शिक्षकों को भी सरप्लस चिन्हित किया गया जिनकी नियुक्ति विषयवार हुई है। कहा कि कई विद्यालयों में मात्र एक सरकारी शिक्षक कार्यरत हैं, ऐसे शिक्षकों को भी सरप्लस शिक्षक के रूप में चिन्हित कर दिया गया है। यदि इन शिक्षकों का स्थानांतरण होता है तो ऐसी स्थिति में 90 से अधिक विद्यालय सरकारी शिक्षकविहीन हो जाएंगे। वहीं सूची में बहुत सारे ऐसे शिक्षकों के नाम चिन्हित है जिनकी सेवा दो वर्षों से कम बची है। जो शिक्षक असाध्य रोग से पीड़ित हैं, उन्हें भी सरप्लस बताया गया है। दिव्यांग शिक्षकों को सरप्लस बताया गया है। सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी सरप्लस में शामिल किया गया है। विद्यालय में कुल कार्यरत शिक्षकों की गणना में सहायक अध्यापकों को भी शामिल किया गया है, जबकि सरप्लस चिन्हित करने में उन्हें छोड़ दिया गया। मौके पर संघ के संरक्षक सुनील सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार, जिलाध्यक्ष अतिकुज्जमा, कोषाध्यक्ष राजेश्वर राम, संयुक्त सचिव विष्णु कुमार, कार्यालय सचिव सुनील कुमार, उपाध्यक्ष नवीन कुमार, प्रवक्ता नरेश कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।



प्रेस कान्फ्रेंस करते शिक्षक संघ के सदस्य।

**▸▸ जो शिक्षक असाध्य रोग से पीड़ित हैं, उन्हें भी बताया गया है सरप्लस : संघ**

# प्रकृति और आदिवासी एक दूसरे के पूरक : उपायुक्त

**मानव सभ्यता के विकास में आदिवासी समाज के योगदान का अहम : डीसी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रामगढ़।** विश्व आदिवासी दिवस पर बुधवार को छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपायुक्त चंदन कुमार,वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य अतिथियों का पौधा व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया ।

डीसी ने कहा कि आदिवासी समाज हमारे समाज की जड़ की तरह है। मानव सभ्यता के विकास में आदिवासी समाज के योगदान का अहम है। आदिवासी और प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। आदिवासी समाज का रीति रिवाज, पर्व त्योहार सहित धार्मिक मान्यताएं भी प्रकृति के संरक्षण से जुड़ी हैं। वर्तमान समय में आदिवासी युवाओं पर आदिवासी समाज का विकास सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है। डीडीसी रोबिन टोप्पो ने आदिवासी संस्कृति, जीवन पद्धति तथा देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों यथा भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो कान्हो, चांद भैरव आदि को स्मरण कर उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की अपील की। छात्र-छात्राओं और कलाकारों ने स्वागत गान, नृत्य, नुक्कड़ नाटक सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कलाकारों, छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### देश का नाम रोशन कर रहे आदिवासी : विजयंत



**भदानीनगर (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय बिरसा चौक स्थित भुरकुंडा में अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस पर बुधवार को सांसतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य विजयंत कुमार ने बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्राचार्य ने कहा कि दुनिया के हर एक कोने में आज आदिवासीयत के प्रति लोगों में जागरूकता आई है। उन्होंने कहा कि आदिवासी विभिन्न देशों के सांसतिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास में योगदान देते हुए राष्ट्र का नाम रोशन कर रहे हैं। मौके पर धर्मेश सोनी, जय किशोर महतो, विश्वक सेन, वैभव कुमार, सूरज देव सिंह, गौरव कुमार साहू, कंचन दास समेत कई लोग मौजूद थे।

# जयंत सिन्हा ने संसद में उठाया झारखंड में जलापूर्ति का मामला



**हजारीबाग।** सांसद जयंत सिन्हा ने लोकसभा में नियम 377 के तहत झारखंड में जलापूर्ति की समस्या के गंभीर मामले पर सदन का ध्यान आकृष्ट करवाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जेएमएम-कांग्रेस सरकार जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के तहत ग्रामीण आबादी को नल का पानी उपलब्ध करवाने में खराब प्रदर्शन कर रही है। जल राज्य का विषय है और इसलिए घरों में नल का पानी उपलब्ध करवाने के लिए जल सम्बन्धी योजनाओं को लागू करवाने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की है। जुलाई, 2023 तक झारखंड में केवल 39.02 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों ने नल कनेक्शन की सूचना दी है। इसे परिप्रेक्ष्य में रखें तो झारखण्ड में 37 लाख से ज्यादा ग्रामीण घरों में नल के स्वच्छ पानी का कनेक्शन नहीं है। इसकी तुलना में गुजरात और हरियाणा जैसे राज्यों में जल जीवन मिशन के तहत 100 प्रतिशत नल कनेक्शन हैं। सांसद ने कहा कि ऐसे समय में जब हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और विश्व गुरु बनने के लिए तैयार है, वहां झारखण्ड राज्य अपनी ग्रामीण आबादी को घरों में नल का पानी उपलब्ध करवाने में भी असमर्थ है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वे 'जल जीवन मिशन' हर घर जल योजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार को सख्त निर्देश दे।

# अदाणी फॉउंडेशन की मदद से महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

**बड़कागांव में सेल्फ हेल्प ग्रुप का उद्घाटन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित जीडीएम चौक के निकट बुधवार को गंगा एसएचजी (सेल्फ हेल्प ग्रुप) का उद्घाटन किया। यह ग्रुप खनन प्रभावित क्षेत्र गोंदलपुरा और रूदी गांव के ग्यारह महिलाओं का एक समूह है, जिसने अदाणी फॉउंडेशन के सहयोग से स्वरोजगार शुरू किया है। अदाणी फाउंडेशन ने लगभग दस लाख रुपए की लागत से गंगा एसएचजी नामक इस मिल की स्थापना की गयी है, जहां शुद्ध सरसों, तिल, नारियल और सूरजमुखी तेल उपलब्ध है। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के शुद्ध तेल मुहैया कराने का भी है। यहां के सरसों तेल की कीमत फिलहाल एक सौ पचास रुपए और नारियल तेल की कीमत 350 रुपए प्रति लीटर तय की गयी है। पहले दिन ही गंगा एसएचजी ने एक सौ लीटर से अधिक शुद्ध सरसों और नारियल तेल की बिक्री की है। अदाणी फॉउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि खनन परियोजना प्रभावित क्षेत्र की महिलाएं और पुरुष को स्वरोजगार के लिए अदाणी फॉउंडेशन सहायता करेगा। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार,थाना प्रभारी विनोद तिर्की, गोन्दलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दूबे, सेवानिवृत डीएसपी सूर्य कुमार सिंह, सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता और शरद मिश्रा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं मौजूद थीं।

# गरीबों के हक के लिए संघर्ष करता रहेगा झामुमो : बेदिया

**संजीव बेदिया के झामुमो के पुनः केंद्रीय सचिव बनने पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी की ओर से संजीव बेदिया को पुनः झामुमो का केंद्रीय सचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। झामुमो के प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल, संजय वर्मा, मुकेश राउत व हरिलाल बेदिया ने बताया कि पदाधिकारी नियुक्ति की घोषणा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने किया है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बुधवार को झामुमो के प्रधान कार्यालय भुरकुंडा में स्वागत सह सम्मान समारोह कार्यक्रम हुआ, जिसमें पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया को बुके देकर स्वागत किया गया। बेदिया ने कहा कि पार्टी ने हमें सबकुछ दिया है, जिसका कर्ज मैं नहीं चुका सकता। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरू शिबू सोरेन एवं हेमंत सोरेन ने मुझे पार्टी का केंद्रीय सचिव एवं झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य और हजारीबाग जिला का संयोजक बनाया है जो पूरे झामुमो परिवार का सम्मान है। श्री बेदिया ने कहा कि झामुमो हमेशा गरीब, वंचित, असहायों के हक-अधिकार के लिए संघर्ष करती रही है जो आगे भी जारी रहेगा। बेदिया ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार सभी क्षेत्रों में कई विकास के कार्य की है जो इतिहास है। हमलोगों को आने वाले चुनाव में भाजपा एवं आजसू गठबंधन को धूल चटाते हुए केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकना है। जिसकी तैयारी में कार्यकर्ता अभी से ही जुट जाएं। सम्मान समारोह में पार्षद जयराम बेदिया, प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी, प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल, संजय वर्मा, हरिलाल बेदिया, रोहन बेदिया, बीरेन्द्र यादव, मुकेश राउत, उदय मालाकार, चरेंद्र बेदिया, शौकत अंसारी, मो.इसलाम, सीताराम बेदिया, गुदरिया बेदिया, टिंकु बेदिया, किशोर प्रजापति, सत्यनारायण यादव, चरकू गंझू, शशिकांत प्रसाद, कामेश्वर करमाली, बिहारी बड़ाईक, मुकेश पासवान, तुला खान, बासदेव उरांव सहित झामुमो के दर्जनो लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### निर्मल महतो के बताए रास्ते पर चलें : आजसू



**बिष्णुगढ़।** ब्लॉक रोड स्थित शिव प्रसाद के आवास में मंगलवार को शहीद निर्मल महतो का 36 वां शहादत दिवस मनाया गया। आजसू के प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल व संचालन हरीश पटेल के नेतृत्व मे सभी लोगों ने मिलकर शहीद निर्मल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष ने कहा कि निर्मल महतो हमेशा अलग झारखंड के लिए लड़ाई लड़ी। झारखंड के लिए उन्होंने अपना बलिदान दिया। इसलिए सभी लोगों को उनके बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। हरीश पटेल ने कहा की सूदखोरों के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले निर्मल दा ने झारखंड अलग राज्य के लिए चलाये गये आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी। शिबू सोरेन इनके आक्रामक छवि से काफी प्रभावित थे। मौके पर आजसू पार्टी के जिला सचिव महादेव देहाती, रंजीत गुप्ता,दीपू अकेला, दामोदर महतो,हेमंत आर्या,बाबू खान,राजेश साव, सुधीर कुमार, कपिल राम, रवि कुमार देवेंद्र कुमार सतीश कुमार, शिव प्रसाद महतो राज कुमार सिंह के अलावे काफी संख्या में कई लोग मौजूद रहे।

### आईफ्लू से सावधानी बरतें : डॉ मेहता



**हजारीबाग।** बरसात में हवा में नमी होने के कारण कंजेक्टिवाइटिस आई फ्लू की समस्या इपिडेमिक रूप से मौसमी आईफ्लू फैल रहा है आमतौर आई फ्लू या आंख आना एक वायरश/बैक्टीरिया जनीत संक्रमक रोग है जो ज्यादातर एक संक्रमित रोगी के संपर्क में आने पर दूसरे व्यक्ति को होता है। कंजेक्टिवाइटिस से बचाव हेतु संक्रमित व्यक्ति के संपर्क वाले सामानों से दूरी बनाएं। स्वच्छता पर ध्यान रखें आंखों को साफ सुथरा रखें, अपनी आंखों को अपने हाथ से बिना हाथ धोवे न छुए। जब भी जरूरी हो हाथ धोकर आंख छुएं। यह बातें मेहता हॉस्पिटल के निदेशक डॉ आरसी प्रसाद ने मेहता हॉस्पिटल के कार्यालय में कही। उन्होंने आम जनता को सुझाव देते हुए कहा की आईफ्लू का इंफेक्शन होने से बचाव बेहतर है। सुझावों का पालन करते हुए बचाव हेतु आइटोन नाम की दवा सभी प्रतिष्ठित दवाखाना में मिलती है दोनों आंख में एक-एक बूंद से बचाव हेतु लगाएं।

### जीएम इंटर कॉलेज में आदिवासी दिवस पर सेमिनार



**इचाक।** जीएम इंटर महाविद्यालय ईचाक मे विश्व आदिवासी दिवस पर हुआ सेमिनार। सेमिनार में आदिवासी समाज के इतिहास, जनसंख्या ,आर्थिक एवम सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला गया। यह समाज इतिहास पर और संस्कृति की एकांगी धारा के विपरीत, उपेक्षित और विस्मृत धारा का स्मरण करता है, जिसमे मनुष्य और सभ्यता के उच्च गुण मौजूद है।यह बताता है कि मनुष्यता का सूचक भिन्न भाषा ,संस्कृति,जीवन शैली,ज्ञान परंपरा और विश्व दृष्टि को स्वीकार करना है। यह आदिवासी समुदायों के लिए गर्व करने का दिन है। छात्र प्रीति कुमारी ने कहा कि यह एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है जो दुनिया भर में आदिवासी लोगो और उनके योगदान का जश्न मनाते है। अंत में सभी ने एक स्वर में सभी ने स्वीकार किया की आदिवासी लोगो की परंपरा , संस्कृति, ज्ञान,भाषा , दर्शन और आध्यात्मिक प्रथाओं को संरक्षित करना आवाश्यक है। इनका भारतीय समाज की परंपरा में अमूल्य योगदान है। कार्यक्रम में शिक्षक रतनेश राणा, अजीत हंसदा, रेयाज अहमद, दीपक प्रसाद, आशीष पांडे,संगम कुमारी, प्रणत कुमार, संजीत यादव, राजकुमार ,विनोद मेहता, कृष्ण कुमार, राजकुमार सिन्हा, प्रिया कुमारी और संजय प्रजापति उपस्थित थे।

### रोजगार मेले में छात्रों को निःशुल्क रजिस्ट्रेशन



**बरही।** प्रखंड के 20 पंचायत में बेरोजगार युवक युवतियों के लिए रोजगार मेला 10 अगस्त को धनवार पंचायत भवन में लगेगा। धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम में धनवार, दूलमहा, करियातपुर, बरसोत और रानीचुवा पंचायत शामिल है। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों का नामांकन निशुल्क किया जायेगा। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत विनायक फंडामेंटल रिसर्च एजुकेशन सोसायटी, आईटीआई कॉलेज बोंगा इचाक हजारीबाग के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में 18 से लेकर 35 वर्ष के युवक-युवतियों के लिए भविष्य निर्माण करने का सुनहरा मौका है।

### खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ायें : अरुण साहू



**बरही।** तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू ने चौपारण प्रखंड के चोरदाहा पंचायत अध्यक्ष शशि सिंह व बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा के नेतृत्व में बरही प्रखंड के गौरियाकरमा पंचायत के खिलाड़ियों को नई जर्सी दिया। श्री साहू ने कहा कि अच्छे प्रदर्शन के माध्यम से खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल को बढ़ाने और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनका प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही, खेल के प्रचार-प्रसार को भी बढ़ावा मिलेगा और फुटबॉल के प्रशंसकों को खेल से और अधिक जुड़ने का अवसर मिलेगा। मौके पर चोरदाहा पंचायत मीडिया प्रभारी चिरंजीवी गुप्ता, बरही के सक्रिय युवा कार्यकर्ता धीरज वर्मा, अक्षय कुमार, सतीश कुमार, पप्पू कुमार, पवन कुमार, किशोर वर्मा, राज कुमार, नीतीश कुमार, नीतीश वर्मा, सागर कुमार, संतोष कुमार, मोहन वर्मा, अशोक कुमार, सुधीर कुमार, पंकज कुमार, वीरेंद्र ठाकुर, बादल वर्मा, राकेश कुमार, पवन शर्मा, बीरबल कुमार, अनिल शर्मा, नीतीश कुमार सहित अन्य कई खिलाड़ी मौजूद थे।

### आदिवासी समाज का इतिहास प्रेरणा का स्रोत : शैलेश



**बरही।** आईलेक्स पब्लिक स्कूल में आदिवासी दिवस पर विशेष कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को आदिवासी वेश भूषा धारण करवा कर आदिवासी परंपरा से सभी को अवगत कराया। इस दौरान बच्चों को बताया कि भारत ही नहीं, दुनिया के तमाम हिस्सों में आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं, जिनका रहन-सहन, खानपान, रीति-रिवाज वगैरह आम लोगों से अलग है। समाज की मुख्यधारा से कटे होने के कारण ये पिछड़ गए हैं। इस कारण भारत समेत तमाम देशों में इनके उत्थान के लिए, इन्हें बढ़ावा देने और इनके अधिकारों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाए जाते हैं। इसी कड़ी में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पहली बार 1994 को अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी वर्ष घोषित किया था। इसके बाद से हर साल ये दिन 9 अगस्त को मनाया जाता है। दुनिया के तमाम देशों में आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं।इनकी भाषाएं, संस्कृति, त्योहार, रीति-रिवाज और पहनावा सबकुछ अलग है। विद्यालय निदेशक शैलेश कुमार ने बच्चों को भारत में विभिन्न जगहों पर पाये जानेवाले आदिवासी समुदाय की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों के बीच आदिवासी समुदाय के पहनावे को लेकर एक एक्टिविटी कराई गई जिसमें कई बच्चों ने हिस्सा लिया। कक्षा 8 आर्यन, अमलेश और जिज्ञासु की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया। साथ ही बच्चों के प्रयास की भी सराहनीय रहा।

## स्पीड न्यूज

### सर्पदंश पीड़ित सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** बिशनपुर थाना क्षेत्र के बोरहा निवासी श्याम उरांव (16) सांप के काटने से जख्मी हो गया। जिसे गंभीर स्थिति में बिशुनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उसे गंभीर देख डॉक्टरों ने सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि खेत में हल चलाने के क्रम में सांप ने पैर में डंस लिया। जिसके बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### शोकाकुल परिवार से मिले सुखदेव भगत



**लोहरदगा।** कांग्रेस कार्यकर्ता मनोज सोन तिर्की के पिता के आकस्मिक निधन पर सुखदेव भगत ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। पूर्व विधायक मनोज सोन तिर्की के पैतृक गांव रातू प्रखंड के ग्राम बिजूलिया पहुंच शोकाकुल परिवार से मिले। कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा कांग्रेस शोकाकुल परिवारों के साथ है। मनोज के पिता कुछ दिनों से बीमार थे।

### विद्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित



**भंडरा।** विश्व आदिवासी दिवस पर आशा आदिवासी विद्यालय बलसोता सरना टोली भंडरा में आदिवासी ड्रेस, पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता करायी गयी। पेंटिग में ज्ञानदीप उरांव, ड्रेस प्रतियोगिता में स्नेहिल उरांव, निबंध प्रतियोगिता में अनुज उरांव विजयी रहे। प्राचार्य रतिया उरांव ने कहा कि विश्व आदिवासी की सभ्यता संस्कृति की विशिष्टता का द्योतक है। बल्कि उसे संरक्षति करने और सम्मान देने के आग्रह का भी सूचक है। मौके पर आशा उरांव, सरिता उरांव भी मौजूद थे।

### आदिवासी रीति-रिवाज को बचायें : बीडीओ



**जारी।** प्रखंड सभागार में विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मना। बीडीओ सुमन गुप्ता ने कहा कि आदिवासी लोग प्रकृति के पुजारी होते हैं। आदिवासी समाज के रीति रिवाज को बचाये रखने और प्रकृती की रक्षा करना जरूरी है। सभी जनप्रतिनिधियों एव प्रखंड के कर्मचारियों को कार्यक्रम में छायादार पौधा एवं गमछा दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर सीओ रेशमा रेखा, भिमसेट एक्का, नगेंद्र उरांव, बिनोद उरांव, जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक, प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा, सीसीकरमटोली मुखिया फुलमाईत देवी, गोविंदपुर मुखिया रजनी मिंज, पंसस हेरमान एक्का, राजेंद्र कोरवा थे।

### नहीं हो सका आदिवासियों का विकास



**घाघरा।** आदिवासी बुद्धिजीवी सांस्कृतिक मंच व कल्याणकारी मानव विकास संस्थान ने विश्व आदिवासी दिवस पर घाघरा प्रखंड के चुंदरी ग्राम में आदिवासी अगुवा सम्मान कार्यक्रम बुधवार को किया। संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि सात्विक और ईमानदारी से जीवन यापन करने वाले आदिवासी समाज के लोगों का आजादी के बाद जिस गति से विकास होना चाहिए था वो नहीं हो पाया। केंद्र और राज्य सरकार को मुखर होकर इस समाज के लिए चिंतन करना चाहिए। मौके पर संजेश उरांव इलाही राय, कैलाश महतो, दुले उरांव सतीश उरांव, एतवा उरांव, रामचंद्र साहू, अमर भगत आदि उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित



**गुमला।** खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग एवं ज़िला प्रशासन गुमला ने विश्व आदिवासी दिवस पर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2023 करायी। जिसका शुभारंभ उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक ऐहतेशाम बकारिब, डीडीसी हेमंत सती, सदर एसडीओ रवि जैन, जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी एवं जिला खेल पदाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बालिका फुटबॉल में 5 टीम, हॉकी बालक में 8 टीम, हॉकी बालिका में 5 टीम, तीरंदाजी में कुल 10 खिलाड़ी तथा एथलेटिक्स में 220 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पहले मैच में संत पात्रिक ने उरांव हॉस्टल को एक गोल से हराया।

### ब्रह्मनी में मना आदिवासी दिवस

**गुमला।** कुडुख भाषा एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान केंद्र बम्हनी गुमला में झारखंड सरकार एवं आदिवासी सरना समाज व सुरक्षा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं आदिवासी महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया हुआ। कार्यक्रम का संचालन कमल उरांव एवं डॉक्टर तेतरु उरोव ने की। स्वागत भाषण आसुस के कार्यकारिणी सदस्य जितेश मिंज ने दिया। कार्यक्रम को मुख्य वक्ता राज्य कर सहायक आयुक्त विनोद कुमार मिंज, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सिंह विरवा, जिप अध्यक्ष किरणमाला बाड़ा, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, प्रदुमन भगत शिक्षक, आसुस अध्यक्ष सह सिसई प्रमुख मीण टोप्पो, नप अध्यक्ष दीप नारायण उरांव, बुद्धू टोप्पो आसुस उपाध्यक्ष, गिदवार अघनु उरांव बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने संबोधित किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में संविधान में आदिवासियों हेतु प्रदत विभिन्न प्रावधानों पेशा कानून, पांचवी एवं छठी अनुसूची, भाषा संस्कृति का संरक्षण, जल जंगल जमीन की सुरक्षा, सीएनटी एसपीटी एक्ट इत्यादि विषयों में अपने विचार रखे। मौके पर देव राम उरांव, प्रेम बडा, बसन्ति उरांव, महेंद्र उरांव, शिव नंद उरांव, माधुरी उरांव, फूलमनी उरांव थे।

# जिले में आदिवासियों की घटती जनसंख्या चिंता का विषय: भूषण तिर्की

- झारखंड की नीव यहां के आदिवासी जनजाति समाज के लोग हैं : डीसी
- आदिवासी समाज कई बुराइयों से लड़ रहा है : एसपी
- विश्व आदिवासी दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन
- विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाले लोग हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**





पारा थ्रो में देश को मेडल दिलाने वाले खिलाड़ी को सम्मानित करते व अच्छा अंक लाने वालों के साथ अतिथि व अन्य।

**गुमला।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कल्याण विभाग गुमला के द्वारा बुधवार को नगर भवन गुमला में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक भूषण तिर्की, उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक ऐहतेशाम बकारिब, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रवि जैन, अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि गुमला जिला लगभग 68 प्रतिशत आदिवासी समाज के लोग निवास करते हैं। लेकिन दिन प्रति दिन आदिवासियों की संख्या घटती जा रही है जो चिंता का विषय है। आदिवासियों की शालीनता व इंसानियत ही उनकी पहचान है। जल जंगल जमीन से प्राचीन काल से आदिवासियों का रिश्ता है। आदिवासियों ने जल, जंगल जमीन की रक्षा कर जीवन यापन की कल्पना को साकार किया है।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि झारखंड की नीव यहां के आदिवासी जनजाति समाज के लोग है। परंतु पिछले दो दशकों से इस समाज का विकास उस प्रकार से नहीं हुआ जैसी इसकी परिकल्पना की गयी थी। उपायुक्त ने सभी को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इस समाज के विकास के लिए अपनी परस्पर भूमिका को निभाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग आदि जैसे विषयों पर विश्व स्तर पर किये जाने वाले बैठकों में आदिवासी समाज की प्राकृतिक संरक्षण के मॉडल को अपनाया जाता है।

## 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 43 विद्यार्थी हुए सम्मानित

- पारा थ्रो में देश को मेडल दिलाने वाला खिलाड़ी व लोगों को रोजगार दिलाने वाला युवक भी हुए सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समुदाय के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिले के आदिवासी समुदाय के 43 छात्र छात्राएं जिन्होंने 2022- 23 के शैक्षणिक सत्र में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाया है उन्हें अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं जिले का गौरव बढ़ाते हुए राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने वाले संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय की टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। जिले में 171 से अधिक पीवीटीजी ग्रामों का सर्वे करने हेतु जे.टी.डी.एस. की टीम को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया एवं नेपाल में पारा थ्रो बॉल में स्वर्ण पद विजेता टीम के सदस्य पवन लकड़ा को सम्मानित किया गया। कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु कुंवर उरांव, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की सहायता से अपना प्रिंटिंग प्रेस खोल खुद को स्वरोजगार बनाया साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार देने वाले शंभू उरांव एवं सिलाई मशीन से अपने रोजगार को पंख देने वाली ममता मुक्ता ग्रेस को भी सम्मानित किया गया। कल्याण विभाग से संचालित सात आवासीय विद्यालय के प्राचार्यों को भी एक-एक मांदर प्रदान किया गया।

जिला प्रशासन के विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम में बोले वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

# विश्व में अपनी संस्कृति व भाषा से पहचाने जाते हैं आदिवासी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में विश्व आदिवासी दिवस पर जिला प्रशासन व आदिवासी कर्मचारी समिति के द्वारा नगर भवन में कार्यक्रम किया गया। जिसके मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव थे। साथ में लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार सहित जिले के कई अधिकारी शामिल हुए। डॉ उरांव और अधिकारियों का स्वागत आदिवासी समिति ने आदिवासी परंपरा से की। स्वागत के बाद मंत्री और अधिकारी आदिवासी वेशभूषा में नजर आये। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। कार्यक्रम में आदिवासी समाज ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मौके पर विधायक डॉ उरांव ने कहा कि देश के आदिवासी इलाके के कई खदानों में बाहरी लोग आकर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन हमारे संविधान के कारण ये नहीं हो पाया और आज पूरे विश्व में आदिवासी अपनी संस्कृति और भाषा से पहचाने जाते हैं। हमारे देश का इतिहास आदिवासी की कुर्बानी से भरी पड़ी है।



आदिवासी वेशभूषा में अतिथि।

**...और क्या बोले मंत्री :** हमें अपनी सांस्कृतिक को बचा कर रखना है। आज झारखंड में हमारी सरकार है राज्य का मुखिया आदिवासी है। इस सरकार से पहले आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्य नहीं किया गया था। राज्य में कितने धूमधाम से आदिवासी दिवस मनाया गया है। आदिवासी संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने के लिए सरकार कई कार्यक्रम आयोजित कर जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विश्व आदिवासी दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा को भूल गया प्रशासन : भूषण भगत

- विश्व आदिवासी दिवस पर मिशन बदलाव युवा टीम ने किया बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे मिशन बदलाव के सदस्य।

**गुमला।** विश्व आदिवासी दिवस पर मिशन बदलाव युवा टीम ने भूषण भगत के नेतृत्व में बिरसा मुंडा एग्रो पार्क जशपुर रोड में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासियों की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास में सहयोग का संकल्प लिया। वहीं आदिवासी समाज से नशापान एवं अंधविश्वासों को दूर करने पर सदस्यों ने जोर दिया। मौके पर मिशन बदलाव के भूषण भगत ने कहा कि आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया है। पूरे जिले में राज्य के मुखिया के पोस्टर भरे पड़े हैं लेकिन आज विश्व के महान क्रांतिकारी एवं सामाजिक अगुआ भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर प्रशासन माल्यार्पण करना भूल गये। ये बहुत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे देश और राज्य के महान सपूत जिन्होंने अपना सब कुछ न्योछावर कर आदिवासी समाज के दे दिया उनको भुलाया जाना पूरे समाज के लिए अपमान की बात है।

**ये भी थे मौजूद :** मौके पर दीपू ठाकुर, छोटेलाल महतो, संदीप उरांव, जगन्नाथ उरांव, चंद्रकला टोप्पो, ज्योति ग्लोरिया कुजूर, सरिता कुजूर, संगीता उरांव, संगीता तिर्की, सैयदा खातून, बिनय गोप, ज्योति वर्मा आदि उपस्थित थे।

# प्रकृति प्रेमियों और आदिवासियों के लिए गौरव का क्षण है : रश्मि

- रायडीह में आदिवासी संगठनों के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड परिसर में बुधवार को आदिवासी संगठन के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शंख मोड़ स्थित बाबा कार्तिक उरांव के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात जुलूस की शक्ल लेकर सभा स्थल पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद सदस्य रश्मि मिंज ने कहा विश्व आदिवासी दिवस प्रकृति प्रेमियों व आदिवासियों के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि आदिवासी दिवस के पावन अवसर पर हम प्रकृति संरक्षण का संकल्प ले। जितना पेड़ काटते हैं उसका दोगुना पेड़ पौधे लगायें। विशेष अवसर पर गुलदस्ता की जगह पौधा भेंट करें। प्रमुख ममता सोरेंग ने कहा कि आदिवासी दिवस जल जंगल जमीन पर्यावरण को बचाने के लिए और लोगों को एकजुट करने के लिए है। उप प्रमुख दीपक एक्का ने सामाजिक एकता के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे सामाज के लोग एक जुट नहीं है। हमें अपने लोगों को जागरूक करना है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर झामुमो ने लोगों को साड़ी देकर किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के अगुवाई में झामुमो जिला कार्यालय में विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज के लोगों को साड़ी एवं आदिवासी गमछा देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज के दिन विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। इस दिन दुनिया के सभी लोगो को आदिवासी के अधिकारों के बारे में बताया जाता है। यह उत्सव आदिवासी लोगों के योगदान और आदिवासियों के उपलब्धियों का पहचान करवाता है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज देश के मोदी सरकार आदिवासियों बहनों के ऊपर अत्याचार कर रहा है जो काफी चिंतनीय है। झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। झामुमो आदिवासी के साथ खड़े होकर आदिवासी पर हो रहा अत्याचार के खिलाफ हमेशा संघर्ष करते रहा है।

### पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**भंडरा।** भंडरा पुलिस ने बुधवार को समकालीन अभियान के तहत एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या धारा 376 आइपीसी के प्राथमिकी अभियुक्त अवधेश ठाकुर (30) पिता देवबीर ठाकुर ग्राम बूड़का बेदाल थाना भंडरा जिला लोहरदगा को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इसके विरुद्ध न्यायालय लोहरदगा से अजमानतीय वारंट निर्गत किया था।

### विश्व आदिवासी दिवस पर मुखिया ने लगाये पौधे



**भंडरा।** विश्व आदिवासी दिवस पर भौरो मुखिया सुमंति तिग्गा ने पंचायत भवन परिसर में पौधारोपण किया। कहा कि हम आदिवासी प्रकृति के पूजक हैं। प्रकृति व पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ों को बचाना व पौधारोपण कर उन्हें संरक्षित करना हमारा दायित्व है। मौके पर पंसस जीतवाहन उरांव, उपमुखिया बसंती देवी, रोजगार सेवक झुनिया उरांव, वार्ड सदस्य मुन्नी देवी व बागवानी सखी समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

### दूसरे-चौथे बुधवार को होगा कैंसर का इलाज

**गुमला।** क्यूरेस्ट ग्रुप हॉस्पिटल रांची व सदर अस्पताल गुमला के संयुक्त तत्वावधान में सदर अस्पताल गुमला में सुपरस्पेशिलिटी ओपीडी सेवा माह के हर दूसरे व चौथे बुधवार को होगा। जिसमें डॉ प्रवीर सिंह मुंडा सभी प्रकार के कैंसर का इलाज व डॉ अनिकेत अग्रवाल पेट दर्द, कब्ज, पिताशय की पथरी, फैटी लीवर, लीवर सिरोसिस व हेपाटाईटिस की जांच करेंगे।

### 36 आदिवासी जातियों में 26 बचे हैं: महेंद्र भगत



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर विश्व आदिवासी दिवस पर बिशुनपुर प्रखंड के सालम गांव के किसानों के बीच त्रिपाल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव श्री महेंद्र भगत ने की। महेंद्र भगत ने कहा कि आदिवासी समाज मूलता परंपरागत भाषा सामाजिक रीति रिवाज विभिन्न फसलों की प्रजातियां का संरक्षण कर रहा है। उन्होंने बताया कि झारखंड में लगभग 36 आदिवासी जातियां थी। लेकिन धीरे-धीरे आज वह 26 की संख्या में हैं।

## पूर्व पीएम इंदिरा ने की थी युवा कांग्रेस की स्थापना : आजाद

- कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस का 63 वां स्थापना दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** युवा कांग्रेस के 63वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस कार्यालय गुमला में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आजाद अंसारी ने युवा कांग्रेस का झंडा फहराकर स्थापना दिवस मनाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस के शपथ-पत्र का शपथ ग्रहण किया गया। जिलाध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा कि आज ही के दिन 9 अगस्त 1960 को युवा कांग्रेस की स्थापना भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी ने सामाजिक कार्य करने और दक्षिणपंथी दलों के खिलाफ मोर्चा खोलने के उद्देश्य से किया था।

### पति से विवाद के बाद खा लिया कीटनाशक

**गुमला।** थाना क्षेत्र के टोटो निवासी एक महिला ने पति से हुए विवाद के बाद आवेश में आकर घर में रखे लक्ष्मण रेखा नामक कीटनाशक का सेवन कर लिया। वहीं स्थिति बिगड़ते देख परिजन तत्काल सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में महिला का इलाज जारी है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि सुबह से ही पति से थोड़ी बहुत नोंकझोक हुई थी। जिसके बाद महिला अपने कमरे में चली गयी और लक्ष्मण रेखा नामक कीटनाशक का सेवन कर लिया।

## पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में पूनम और संदीप उरांव प्रथम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई। सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया। कहा कि अपनी परंपरा और संस्कृति को पीढ़ियों तक बनाए रखने के लिए व्यवहारिक जीवन में भी स्थान देना आवश्यक है ताकि आधुनिकता की दौड़ में हमारी समृद्ध परंपराएं विलुप्त न हो।

# मेरी मिट्टी, मेरा देश अभियान शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी मिट्टी, मेरा देश अभियान नगर परिषद की ओर से प्रारंभ किया गया। देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरूआत की गयी। सर्वप्रथम देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों, वीरों की याद में बड़ा तालाब के किनारे स्थापित शिलापट्ट का अनावरण उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। साथ ही, बड़ा तालाब के किनारे ही अमृत वाटिका का उद्घाटन किया गया। मौके पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, स्वतंत्रता, देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी बुधन सिंह के वंशज ओम सिंह, छेदी लाल आजाद के वंशज शशि गुप्ता व परिवार द्वारा अमृत वाटिका में वृक्षारोपण किया गया।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि भारत सरकार का यह अतिमहत्वकांक्षी अभियान है। इसमें देश के कोने-कोने से शहीदों के घर को मिट्टी नई दिल्ली भेजे जाने का अभियान चलाया जा रहा है। जब नई दिल्ली में यह मिट्टी रखी जायेगी और जब देश के विभिन्न हिस्सों से नई दिल्ली में लोग कर्तव्य पथ घूमने के लिए जाएंगे तो गर्व महसूस होगा। नई पीढ़ी देश के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को इसके जरिये याद करेगी। कार्यक्रम में मातृभूमि की स्वतंत्रता और उसके गौरव की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले वीरों को दीप के साथ पंच शपथ के जरिये याद किया गया। पदाधिकारियों ने शिलापट्ट के साथ सेल्फी भी ली।



अभियान की शुरुआत के मौके पर सेल्फी लेते डीसी।

**खास बातें :** उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा इस मौके पर ध्वजारोहण किया गया और इसके उपरांत सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# हमें अपनी संस्कृति और परंपरा को संजोने की जरूरत है: प्रखंड प्रमुख

- आदिवासी समन्वय समिति घाघरा द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर घाघरा हाई स्कूल मैदान में आदिवासी समन्वय समिति द्वारा बुधवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में पारंपरिक वेशभूषा में सुशोभित होकर कई महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। वहीं विभिन्न विद्यालय के छात्रों के बीच कई प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि हमें अपने संस्कृति परंपरा को संजोय के रखने की जरूरत है।



कार्यक्रम में शामिल लोग।

**खास बातें :** हम सभी प्राकृतिक के पूजक है। हमें अपने धरोहर जल जंगल जमीन की रक्षा करने की जरूरत है। आदिवासी समाज की एक अलग ही पहचान है चाहे वह देश को आजादी दिलाने में हो या अन्य क्षेत्रों में। हम सभी को अपने समाज को सशक्त समृद्ध बनाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। नशा पान से हम सभी को दूर रहने की जरूरत है। कार्यक्रम के उपरांत विजेता बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर बिशनपुर विधायक प्रतिनिधि संजय उरांव, जिला परिषद सदस्य मानती उरांव, शिला कुजूर, चंद्रदेव उरांव, निर्मल भगत, कृष्णा कुमार लोहरा, बिनीता उरांव, जय समीर कुजूर, सुशील टोप्पो, राजकुमार भगत, सत्येंद्र कुमार, विजय साहू, अशोक उरांव, सतीश भगत, भिनेस्वर भगत, रवि पहान, बेचन भगत, सुगेंद्र भगत, बंधन लकड़ा, सुखराम उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### तीन ट्रकों की टक्कर में एक की मौत, 2 अन्य घायल

**चतरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-22 चतरा-डोभी मुख्य पथ पर स्थित जोरी थाना क्षेत्र के संघरी घाटी में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई तथा एक अन्य चालक व दो उपचालक घायल है। सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली समेत अधिकारियों व जवानों की तत्परता से घायलों की जान बच गई है। सभी घायलों को आनन-फानन में रेस्क्यू कर उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। ट्रक में फंसे चालक के शव को गैस कटर से गाड़ी को काटकर पुलिस ने बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि ब्रेक फेल होने के बाद अनियंत्रित तीन ट्रकों के आपस में टकराने से घटना हुई। मृतक चालक सुदामा प्रसाद बिहार के नवादा जिले के बेलखुलड़ा गांव का रहने वाला था।

### ग्राम सभा आयोजित

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत सचिवालय बारीसाखी सभा कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 961 दिनांक 7/8/2023 के निर्देश के आलोक में मेरी मिट्टी मेरा देश से संबंधित प्रचार प्रसार एवं अमृत वाटिका हेतु एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्थल का चयन किया गया। जिसमें 75 पौधे लगाए जाएंग, जिसकी अध्यक्षता मुखिया समीरा कुमारी ने की जिसमें निम्न प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय रोजगार सेवक पार्वती कुमारी उप मुखिया विकास कुमार पांडेय वार्ड सदस्य लक्ष्मण रजक समाजसेवी रामाशीष यादव मुकेश कुमार दांगी उपस्थित थे।

### पांच मामलों का निष्पादन

**इटखोरी।** स्थानीय थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस मनाया गया। सीओ राम विनय शर्मा व थाना प्रभारी बिनोद कुमार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित थाना दिवस पर पांच मामलों की सुनवाई कर निष्पादन किया गया। थाना दिवस में कुल आठ जमीन विवाद के मामले आया। आवेदन के आलोक में दोनो पक्ष की बात सुनने के बाद पांच मामले का निष्पादन मौके पर कर दिया गया। इस मौके पर थाना के अन्य पदाधिकारी ग्रामीण उपस्थित थे।

### विधायक किशुन दास का प्रयास लाया रंग, क्षेत्र की सड़कों की बदलने लगी है सूरत

**चतरा।** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास विधायक निर्वाचित होने के बाद से क्षेत्र की तस्वीर बदलने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को लेकर सड़क से सदन तक आवाज बुलन्द करते रहे हैं। लाइफ लाइन कहे जाने वाले सड़क की सूरत बदलने को लेकर सम्बंधित विभागों पर लगातार दबिश बनाने का काम किया है। यही कारण है कि आज सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के इटखोरी प्रखंड, म्यूरहंद प्रखंड समेत सभी प्रखण्डों में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। सर्वमान्य विधायक के रूप में अपना पहचान किशुन दास ने स्थापित किया है।

### जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने तिरंगा यात्रा में किया शानदार प्रदर्शन

**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस.पब्लिक स्कूल के बच्चों ने आयोजित तिरंगा यात्रा में अपने झांकियों से पूरे शाहरवाशियों का मन मोह लिया। बतादें की हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी डोमचांच युवा शक्ति एक नई सोच की पूरी टीम द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डोमचांच के विभिन्न विद्यालयों ने अपने बच्चों के साथ उपस्थित होकर एक से बढ़कर एक झांकियों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जीएस.पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने पूरे कार्यक्रम की सराहना की व युवा शक्ति टीम के बैनर तले यह कार्यक्रम कराने को लेकर उनकी प्रशंसा की, वहीं सभी बच्चों की खूब तारीफ की।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आदिवासियों के घर जाकर अंग वस्त्र एवं मिठाइयां बांटी

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस एवं आदिवासी गौरव पर्व के उपलक्ष पर सम्मानित आदिवासियों के घर जाकर अंग वस्त्र एवं मिठाइयां वितरित कर महिलाओं एवं पुरुषों को सम्मानित किया गया। मौके पर अशोक सिंह, प्रदीप सिंह, उपेंद्र सिंह, सईद नसीम, दशरथ पासवान, सरोज मेहता, राजू सिंह, मुन्ना राम, दीपक यादव, बब्लू तिवारी, रणधीर रावत, कर्म सिंह, कर्म सिंह मुंडा, रुपेश मुण्डा, बिरसा मुण्डा, केदार मुण्डा, शंकर भुईया एवं सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### मनरेगा योजना में गड़बड़ी, आवेदन

**कोडरमा।** मनरेगा योजना में मशीन से कार्य कराए जाने एवं फर्जी मास्टर रोल बनाकर गड़बड़ी बरते जाने को लेकर डोमचांच के चौधरीडीह गांव निवासी राजू कुमार यादव ने उपायुक्त को आवेदन देकर मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन कहा है कि प्रखंड के जानपुर पारहो, ढोढाकोला में जेसीबी मशीन से कार्य कर फर्जी जॉब कार्ड धारी एवं संपन्न परिवार के बिचौलियों की ओर से गड़बड़ी की जा रही है। वर्तमान में मजदूरों को 400 मजदूरी अन्य कार्यों में मिलता है। जबकि मनरेगा में मजदूरी मात्र 228 मिलने के कारण कोई मजदूर कार्य नहीं करता, जिसका लाभ बिचौलिए उठा रहे हैं।

### सब्जी दुकान से अज्ञात चोरों ने चुराये 60 हजार रुपये

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पेठियाबागी बाजार रोड स्थित घनश्याम साव के सब्जी दुकान में अज्ञात चोरों ने सोमवार की रात 60 हजार रुपए नगद चुरा लिये। इसे लेकर दुकान मालिक ने थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि सोमवार की रात लगभग 10 बजे दुकान बंद करने से पूर्व दुकान से बिक्री हुआ 60 हजार रुपए बॉक्स में रखकर दुकान बंद कर अपने घर चला गया। जब सुबह दुकान खोलकर सामान लाने के लिए पैसा निकालने गया तो देखा कि बॉक्स में रखा पैसा गायब है।

### नक्सली के घर चिपकाया इश्तेहार

**सिमरिया।** सिमरिया और लावालौंग पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को लावालौंग के पुरनाडीह मे टीएसपीसी संगठन के नक्सली चुरामन जी उर्फ चुरामन गंझू के घर पर डुगडुगी बजाई और इश्तेहार चिपकाया। इश्तेहार में कहा गया है कि नक्सली सरेंडर करे, नहीं तो उसके घर की कुर्की जब्ती की जाएगी। शिला ओपी प्रभारी रामदेव वर्मा ने बताया कि नक्सली चुरामन जी उर्फ चुरामन गंझू के विरुद्ध सिमरिया थाना में 128/ 18 तहत मामला दर्ज है और लंबे समय से फरार है। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही है।

---

अलग झारखंड निर्माण का मूल उद्देश्य तभी पूरा होगा

# जब आदिवासियों को मिलेगा पूरा हक व अधिकार : मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा में झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन**



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मंत्री व उपस्थित लोग

**गढ़वा।** विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर गढ़वा में झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया गया। शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में बुावार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विाायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने भगवान बिरसा मुंडा, स्वतंत्रता सेनानी जेठन सिंह खरवार व फेतल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मंत्री सहित सभी आदिवासी नेताओं व समाज के प्रबुद्ध लोगों का पगड़ीपोषी कर स्वागत किया गया। इससे पूर्व आदिवासी समाज के लोग टाउन हल के मैदान से आदिवासी नृत्य के साथ जुलूस निकाल कर कार्यक्रम स्थल उत्सव गार्डेन पहुंचे। यहां मंत्री श्री ठाकुर का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंत्री ने पलामू के प्रखंड सासंद जेठन सिंह खरवार व फेतल सिंह के वंषजों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने आदिवासी समुदाय को विष्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिषोम गुरू शिबु सोरेन ने आदिवासी एवं मूल वासियों के हित की रक्षा के लिए ही अपना सर्वस्व न्यौछावर कर झारखंड को अलग राज्य बनवाया। झारखंड निर्माण का उद्देष्य तभी पूरा होगा जब आदिवासियों को उनका पूरा हक व अधिकार मिलेगा। मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासियों के हित में बेहतर कार्य कर रही है। आदिवासियों के बच्चों को विदेषों में निःषुल्क पढ़ाई, यूपीएससी, जेपीएससी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की निःषुल्क कोचिंग, षिक्षा ऋण आदि कई तरह की योजनाएं चला रही है। राज्य में आदिवासी हित एवं झारखंड वासियों के लिए बेहतर कार्य कर रहे आदिवासी के बेटे हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार पचा नहीं पा रही है। इन्हें सत्ता से हटाने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रही है। केंद्र की यह करतूत पूरे झारखंड की जनता का अपमान है। इस पर सभी को गंभीरता से विचार करना होगा। उन्होंने कहा कि पूरे देष में आदिवासियों की दो प्रतिषत आबादी है। परंतु एक राजनीतिक दल के लोग आदिवासियों का उपयोग वोट बैंक के रूप में करते हैं। वे लोग सत्ता में आते ही आदिवासियों को भूल जाते हैं। झारखंड सरकार आज पूरे राज्य में धूमधाम से विष्व आदिवासी दिवस मना रही है। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार सभी जरूरतमंद लाभुकों को वन पट्टा उपलब्ध करायेगी। यदि इस कार्य में कोई अधिकारी लापरवाही बरततें है, तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासियों के हित की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गर्वनर के साथ भोज में शामिल होने के लिए गढ़वा से भी आदिवासी समुदाय के लोगों का नाम भेजा गया है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पलामू की धरती से कई वीर सपूत पैदा हुए जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये। मौके पर हेमंत लकड़ा, चैतु सिंह खरवार, हिरामन कोरवा, ज्योति लकड़ा, रामसागर उरांव, जिप अध्यक्ष शांति देवी आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह खरवार छोटू ने किया।

---

एक नजर में

## कान्हाचट्टी में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**कान्हाचट्टी।** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए जिला परिषद के उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया।मौके पर आयोजकों द्वरा अंगवस्त्र प्रदान कर तिवारी का शानदार स्वगत किया। प्रखंड मे मूसलाधार बारिश के बावजूद तिवारी ने मांदर के थाप पर खूब थिरके। जिप उपाध्यक्ष तिवारी ने कहा कि यह दिन आदिवासी लोगों को वैश्विक मंच पर अपने विचार और चिंताओं को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। इसका उद्देश्य सरकारों, गैर-सरकारी संगठनों और आम जनता के बीच आदिवासी मुद्दों की बेहतर समझ को बढ़ावा देना है। पिछले कुछ वर्षों में आदिवासी अधिकारों और कल्याण के विशिष्ट पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विभिन्न विषयों को चुना गया है। हम जानते हैं कि हमारा भविष्य आज के निर्णय पर निर्भर करता है। ऐसे में आज आदिवासी युवा जो काम कर रहे हैं, वह मानवता के सामने मौजूद सबसे गंभीर समस्याओं से उबरने के लिए सबसे प्रभावी प्रेरणा के मिशाल हैं। आगे तिवारी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि समय आने पर वे देश की रक्षा के लिए डटे रहे और अपना सर्वोच्च बलिदान भी दिया। आदिवासी समाज के शहीद बिरसा मुण्डा, वीर नारायण सिंह, वीर गुंडाधूर, रानी दुर्गावती, जैसे असंख्य क्रांतिवीरों को मैं इस अवसर पर नमन करता हूं। देश के विकास में आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हर दिवस का एक उद्देश्य होता है।

---

## विश्व आदिवासी दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

### प्रतियोगिता के विजेता को उपायुक्त ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



मंचासीन डीसी व अन्य

**गढ़वा।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बुधवार को जिले के बड़गड़ प्रखंड के परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि उपायुक्त शेखर जमुआर, विशिष्ट अतिथि झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति विभाग निदेशक दिलीप तिर्की आदि ने दीप जलाकर किया। इस दौरान अतिथियों का आदिवासी संसति एवं पारंपरिक ढंग से स्वागत कर एवं अंगवस्त्र व पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा आदिवासी सांसतिक गीत, संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न खेलों में क्षेत्र के लगभग 1000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। खेलों में मुख्य रूप से मशाल दौड़, 100 एवं 200 मीटर बालक एवं बालिका दौड़ समेत अन्य खेल शामिल है। 100 मीटर बालक दौड़ में उज्वल कुजूर, अंकित कुमार सिंह, अनुपम केरकेट्टा, 100 मीटर बालिका दौड़ में सुरभि कच्छप, एंजोय कुमार, प्रसंशा खलखो ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सभी प्रतिभागियों को डीसी ने मेडल एवं सांकेतिक रूप से चेक देकर सम्मानित किया।

## मांगों को लेकर आंदोलित एंबुलेंस कर्मी गये हड़ताल पर

**कोडरमा।** स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जिले में कार्यरत 108 एंबुलेंस के सभी कर्मचारी अपने 5 महीने के लंबित वेतन मांग के भुगतान को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण आकस्मिक सेवा के तहत गंभीर मरीजों को निःशुल्क रिम्स सहित अन्य अस्पतालों में ले जाने की सेवा पूरी तरह से ठप हो गई है। हड़ताल पर जाने को लेकर कर्मियों ने बताया कि एजेंसी की ओर से विगत 5 माह से उन्हें वेतन भुगतान नहीं किया गया है। जिससे उनके समक्ष भुखमरी की संकट खड़ी हो गई है। वहीं उन्होंने बताया है कि कोविड काल के दौरान भी अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करने को लेकर किसी तरह का भुगतान नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले के सदर अस्पताल सहित अन्य प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स ले जाने को लेकर कुल सात 108 एंबुलेंस संचालित हो रहे हैं। हड़ताल पर जाने को लेकर कर्मियों की ओर से जिले के उपायुक्त सहित अन्य पदाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा है।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भद्रकाली मन्दिर प्रबंध समिति की हुई बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के इटखोरी में स्थित मां भद्रकाली मंदिर में हुई दान-पेटी की चोरी की वारदात के बाद भद्रकाली मंदिर परिसर की सुरक्षा को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बैठक की। इसकी अध्यक्षता सीओ सह प्रबंधन समिति के पदेन सचिव राम विनय शर्मा ने की। बैठक में भद्रकाली मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं में सुधार तथा मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने को लेकर समीक्षा की गई। जिसमें सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने, क्षतिग्रस्त चहारदीवारी का निर्माण करने पर चर्चा की गई। इसके अलावा भद्रकाली मंदिर, शिव मंदिर , राम-जानकी मंदिर में समिति के सदस्यों ने बैठक कर मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले श्रावण मास मेला के तैयारियों के संबंध में भी प्रशासनिक अधिकारियों व मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ चर्चा की गई। बैठक में मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मां भद्रकाली मंदिर में लोगों की अपार श्रद्धा है। इस कारण श्रावण मेले के अवसर पर दूर-दूर से भारी संख्या में भक्तगण देवतालाब शिव मंदिर में पहुंचेंगे।

## सम्पूर्ण विकास के लिए पढाई के साथ खेलकूद भी जरूरी : डीसी



**कोडरमा।** विश्व आदिवासी दिवस पर झारखण्ड आदिवासी महोत्सव के तहत स्थानीय बागीटांड़ स्टेडियम में तीरंदाजी और एथलीट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उदघाटन उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए पढाई के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी है, उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ बेहतर खेल का प्रदर्शन करने की अपील की, प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को उपायुक्त के द्वारा मेडल के साथ नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजूर, विशाल सिंह, सोनू कुमार, अमित राय, आदर्श कुमार, टिंकू कुमार विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## निकाला गया ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

### विभिन्न सरकारी, निजी स्कूलों व कोचिंग संस्थानों के पांच हजार बच्चे हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**डोमचांच (कोडरमा)।** युवा शक्ति एक नई सोंच के तत्वावधान में बुधवार को ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें प्रखंड के लगभग 30 सरकारी, निजी विद्यालयों व कोचिंग सेंटर के लगभग पांच हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बता दें कि 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, डोमचांच ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आंदोलन का केंद्र बना था। तिरंगा यात्रा में अतिथि के रूप जिप अध्यक्ष रामधन यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, प्रखंड प्रमुख डोमचांच, नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, पूर्व मुखिया सुरेश कुमार, महेंद्र प्रसाद वर्मा, रोहित मेहता आदि उपस्थित थे। यात्रा की शुरुआत राष्ट्रगान से सीएम हाई स्कूल से शुरू हुई जो गिरिडीह रोड, महेशपुर, कालीमंडा, ढाब रोड होते हुए पुनः सीएम हाई स्कूल के प्रांगण में आकर संपन्न हुई। इस दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता की जय, वंदे मातरम के साथ-साथ शहीद जवान अमर रहे आदि के गगन भेदी नारों की गूंज से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक देशभक्ति पर आधारित झांकी प्रस्तुत की गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र तिरंगे झंडे से पटा हुआ था। घंटो खड़े होकर लोगो ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान सर्व धर्म एक समान और एकता का संगम देखने को मिला। मुस्लिम भाईयों ने पूरी यात्रा में शामिल लोगों पर फूल बरसाया और पानी, बिस्किट, चॉकलेट बांटा। यात्रा के दौरान डोमचांच शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों के नाम के जयकारे लगाए गए।

## एच के मिस्टर मिस मिसेज इंडिया

### इंटरनेशनल में झारखंड की 05 बेटियों ने फाइनल में अपनी जगह बनाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** पिंक रोजेस एंटरटेनमेंट एच के मिस्टर मिस मिसेज इंडिया इंटरनेशनल, सीजन 5 का ग्रैंड फिनाले कोलकाता में दिनांक 13 अगस्त 2023 (रविवार) को होने जा रहा है। हर साल की तरह इस साल भी देश के असम, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, पंजाब, झारखंड समेत कई राज्यों से प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं इसके अलावा नेपाल तथा बांग्लादेश से भी कई लोग का कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस बार शो में 44 प्रतिभागयों में से 5 प्रतिभागियों ने झारखंड से अपनी जगह बनाई, जिसमे सुमिता टुडू (जमशेदपुर), अनामिका दसवाली (जमशेदपुर), मुस्कान गुप्ता (गढ़वा), संदीपिका रॉय (रांची), प्रियंका कुमारी (रांची) शामिल हैं। कार्यक्रम के बारे में शो की आयोजक ने बताया कि इस कार्यक्रम की खास बात ये है कि ये शो सिर्फ आम युवाओं को ही मंच नहीं देता है बल्कि ऐसे युवक युवती जो आर्थिक रूप से सक्षम नही हैं या जो स्पेशल ऐबल्ड हैं उन्हें भी फैशन रनवे रैंप वॉक करने का अवसर दिया जाता है। और ऐसे लोगों के लिए बिल्कुल निशुल्क व्यवस्था की जाती है। पिंक रोजेस एंटरटेनमेंट की डायरेक्टर और ऑर्गेनाइजर हिना कौशर (मिसेज एशिया विनर, इंटरनेशनल मॉडल, एक्ट्रेस, सोशल एक्टिविस्ट) ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि आने वाले युवा मॉडल्स को ऊंचाइयों तक पहुंचाना और उनके सपने को साकार करना मेरा लक्ष्य है। इस शो के मुख्य अतिथि के रूप में बंगाल से मदन मित्रा (विधायक), वरुण जोशी (एक्टर), अभांश कुमार (एक्टर), राज अरोरा (पंजाबी एक्टर), आभा अनुपमा (नेपाल), चंदन मिश्रा (झारखंड), डॉ आरिफ नासीर बट्ट (झारखंड) शामिल हैं।

## बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में आदिवासी महोत्सव का आयोजन

# आदिवासी संस्कृति का संदेश जन जन तक पहुंचाएं : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उदघाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों को आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपायुक्त ने कहा कि आदिवासी संस्कृति का संदेश जन जन तक पहुंचाएं, आदिवासी समाज के लोगों को शिक्षा के साथ जोड़ने की जरूरत है, ताकि वे शिक्षित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें। महोत्सव की शुरुआत छात्रों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर आधारित नृत्य से किया गया। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय डोमचांच की छात्राओं के द्वारा हमर सोना झारखण्ड पर आकर्षक नृत्य कर दर्शकों का मन मोह लिया, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मरकच्चो की छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य देख दर्शकों के पांव थिरकने लगे तो कस्तूरबा कोडरमा की छात्राओं प्रस्तुत झारखंड की धरती कितना महान गाने को खूब सराहा गया, कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य, गीत, नाटक आदि प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर डीएफओ सूरज कुमार सिंह, डीडब्ल्यूओ नीली सरोज कुजूर, डीईओ नयन कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी बह्मदेव शाह आदि मौजूद थे। विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कई स्टॉल लगाए गए थे, इसमे विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा आदिवासी संस्कृति पर लगाये गए स्टॉल और जेएसएलपीएस द्वारा आदिवासी जीवन दर्शन पर लगाये स्टाल काफी आकर्षक लगा।

**बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को उपायुक्त ने किया सम्मानित :** महोत्सव के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को उपायुक्त ने शील्ड देकर सम्मानित किया, इसमे बेहतर नृत्य के लिए जेएसएलपीएस कलाडिह को प्रथम, कस्तूरबा सतगावां को द्वितीय और तृतीय पुरस्कार झारखण्ड आवासीय विधालय डोमचांच को दिया गया। जबकि प्रदर्शनी में प्रथम सीएच प्लस टू उच्च विधालय डोमचांच, मॉडल स्कूल कोडरमा को द्वितीय और तृतीय पुरस्कार जेएसएलपीएस लोकाई को दिया गया।

## चंदवा में झारखंड मुक्ति मोर्चा का मेगा सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# हेमंत सरकार के कार्यकाल से राज्य वासियों में जगा है विश्वास : विधायक

- झामुमो पार्टी की नीति सिद्धांत से प्रभावित होकर दर्जनों युवाओं ने थामा झामुमो का दामन
- आगामी लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा क्षेत्र से झामुमो करेगी दावेदारी: लाल मोतीनाथ शाहदेव


सदस्यता ग्रहण कराते विधायक व जिला अध्यक्ष।

**खबर मन्त्र संवादाता**

**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी के द्वारा बुधवार को चंदवा प्रखंड के पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में मेगा सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में मो. नौशाद आलम की अगुवाई में प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों से दर्जनों की संख्या में युवाओं ने झामुमों पार्टी का दामन थामा। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, जिला सचिव समसुल होदा, जिला उपाध्यक्ष सीतमोहन मुंडा, झामुयूमो जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रुप से पार्टी में शामिल हुए कार्यकताओं को विधिवत सदस्यता ग्रहण कराया व झामुमो का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि झारखंड सरकार पूरी मजबूती के विकास कार्यो को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। चाहे स्थानीय युवकों को नियुक्ति की बात हो, बालिकाओं व महिलाओं को सशक्त करने की बात हो या फिर वृद्धो को पेंशन देने की बात सभी विषयों पर हेमंत सोरेन सरकार मजबूती से कार्य कर रही है। हेमंत सरकार के कार्यों से राज्य वासियों में सरकार के प्रति विश्वास जागा है। आगे कहा कि गैर भाजपा शासित राज्यों में केंद्र सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। गैर भाजपाई राज्य सरकारों को नैतिक रुप से कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर राज्य सरकार को कमजोर करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। जिसे राज्य की जनता भली-भांति समझ रही है।

## आगामी लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा क्षेत्र से झामुमो करेगी दावेदारी: लाल मोतीनाथ शाहदेव

वहीं जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि साजिश के तहत युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है जो किसी से छिपा नहीं है। लेकिन हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुए झारखंड के विकास की गति को नया आयाम दिया है। श्री शाहदेव ने आगे कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में चतरा संसदीय क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा उम्मीदवारी पेश करेगी। आगामी लोकसभा चुनाव चतरा संसदीय क्षेत्र के साथ पूरे राज्य से भाजपा का सूपड़ा साफ किया जाएगा। इसके अलावे जिला उपाध्यक्ष सीतमोहन मुंडा, केंद्रीय सदस्य दीपू सिन्हा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा माटी की पार्टी है, जो सर्व समाज को साथ चल लेकर चलने में विश्वास रखती है। वहीं पार्टी की सदस्य ग्रहण करने वाले मो. नौशाद आलम व अन्य युवाओं ने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यो से प्राभवित होकर वे पार्टी में शामिल हुए हैं। पार्टी के नीति व सिद्धांतों के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीस सूत्री सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू व संचालन प्रखंड सचिव मो इजहार ने किया। मौके पर वरीय नेता सुदामा प्रसाद, हाजी फिरोज अहमद, मो. अब्दाल, बेलाल अहमद, बबलू राही, जतरु मुंडा, ब्रह्मदेव प्रजापति, डब्लू प्रजापति, अभ्यास शाहदेव, मो. रशीद समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रकृति को सुरक्षित रखने में आदिवासी का बड़ा योगदान : वैद्यनाथ राम

- चंदवा में धूमधाम से मना विश्व आदिवासी दिवस, पौधा रोपण कर लिया गया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प
- आदिवासी समाज के साथ हो रहे अत्याचार व मणिपुर घटना पर किया गया चिंतन


कार्यक्रम में शामिल होते विधायक बैद्यनाथ राम।


मंचासिन अतिथि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड में बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर खीस्त राजा विद्यालत प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक वैद्यनाथ राम, विशिष्ट अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, इंस्पेक्टर बबलू कुमार, सहायक अभियंता सुरेश उरांव, पड़हा राजा धनेश्वर उरांव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रीति रिवाज में मंदिर की थाप के साथ किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने खीस्त राजा विद्यालय प्रांगण में पौधरोपन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके उपरांत आयोजन समिति के द्वारा कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथियों को बुके प्रदान कर स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि आदिवासी समाज विश्व की पुरातन सभ्यता व संस्कृति में से एक है। जिसका सीधा संबंध प्रकृति से है। जब तक आदिवासी समाज है, तब तक प्रकृति भी सुरक्षित है और जब तक प्रकृति सुरक्षित है हम सभी सुरक्षित हैं। इन्होंने आगे कहा की राज्य के आदिवासियों और मूल निवासियों के विकास को लेकर हेमंत सोरेन सरकार गंभीर है। जल्द ही चंदवा में एक सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का भी भरोसा विधायक ने दिया। वही कार्यक्रम में आदिवासी समाज के प्रबुद्ध जनों ने आदिवासी समाज के साथ हो रहे अत्याचार व मणिपुर की घटना पर चिंता व्यक्त किये। हो रही हिंसा खिलाफ संगठित होकर लड़ाई लड़ने और समाज को सशक्त बनाने की बात कही। कहा कि आदिवासी समाज के साथ हो रहा अत्याचार सभ्य समाज के लिए बदनुमा दाग है।आदिवासियों के साथ हो रही हिंसा को सरकार को गंभीरता से लेनी चाहिए व हिंसा और अपराध पर तत्काल रोक लगे इसको लेकर सख्त कदम उठानी चाहिए। वही कार्यक्रम के दौरान खीस्त राजा विद्यालय समेत गांव से आए मंडलियों के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमन सुनील सोरेंग ने किया। कार्यक्रम के मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, मुखिया रंजीत उरांव, दुर्गावती देवी, जतरु मुंडा, अनूप बड़ाइक, फादर अल्फोंस, कुलदीप लकड़ा, विनेश्वर उरांव, प्रमोद कुजूर, बीरबल भगत समेत सैकड़ो की संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी आक्रोश रैली के साथ मनाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**


रैली में शामिल लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ के जोगियाडीह मैदान में विश्व आदिवासी दिवस ऐश्वर्य उरांव की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में आदिवासी वेश भूषा में हाथों में हसुआ, तीर धनुष तथा तख्ती लिए बालूमाथ आरके प्लस हाई स्कूल के मैदान में जमा होकर आक्रोश महा रैली निकाली गई जो छठ तालाब, थाना चौक, मुरपा मोड़ ब्लॉक होते हुवे जोगियाडीह मैदान पहुँच कर एक सभा मे तब्दील हो गया। जहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे पड़हा राजा प्रभुदयाल उरांव ने कहा कि आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार को केंद्र सरकार तुरंत रोक लगाए नहीं तो चरणव्बद्ध तरीके से आदिवासी समाज आंदोलन करेगा। कोल कंपनी आदिवासी का जमीन लेकर शोषण करने आया है। इन कंपनियों से सचेत रहने की जरूरत है। वहीं प्रेम भोक्ता ने कहा कि सरकार और संगठनों द्वारा आदिवासियों के उत्थान के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। वहीं ऐश्वर्य उरांव ने कहा कि आदिवासी महिलाओं पर आये दिन जिस तरह से शोषण बढ़ता जा रहा है आदिवासी महिलाओं को झांसी की रानी बनकर आगे आना है ताकि आने वाले भविष्य में उन पर कोई आंख उठाकर ना देख सके। वहीं प्रदीप गंझू ने कहा कि हम आदिवासियों को एक होकर अपना हक और अधिकार के लिए लड़ना होगा तब मणिपुर जैसे घटना का पूर्णविर्ती नहीं होगा। रैली में शामिल महिला पुरुषों ने हाथों में तख्ती लिए आदिवासी पर शोषण करना बंद करो, यूसीसी आदिवासी विरोधी कानून नहीं चलेगा,एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान, संविधान से छेड़छाड़ करना बंद करो, अनुसूचित क्षेत्र में जमीन अधिग्रहण विस्थापन करना बंद करो, आदिवासी महिलाओं को निवस्त्र घुमाने वाले दोषियों को फांसी दो जैसे कई नारे लगा रहे थे। इस मौके पर नरेश उरांव, नागदेव भगत, नरेश लोहरा, प्रितलाल यादव, शन्तु उरांव, रामलाल भगत, रमेश उरांव, दिलीप उरांव, रूपों उरांव, शांति उरांव, तेतरा उरांव, अनुज उरांव, सुरेन्द्र उरांव, राजेन्द्र गंझू, चर्न्देव उरांव, राकेश लोहरा, रामवृक्ष गंझू, राजेन्द्र गंझू, प्रेम भोग्ता, विजय उरांव, बलराम भगत, मो. इमरान, प्रमेशवर गंझू, सम्भू गंझू, भगवती उरांव, उर्मिला उरांव,रोहनी मुंडा, संध्या उरांव प्रकाश भोगता, माधो सिंह, प्रभात मिंज, सुरेन्द्र गंझू, उदय उरांव, रामकेवल उरांव समेत कई लोग मौजूद रहे। वहीं सभा का संचालन जगदीस उरांव ने किया।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



- फूट ओवरब्रिज और अंडर पास नहीं बना तो रेल का चक्का होगा जाम : प्रेम सिंह

**बरवाडीह।** डालटनगंज-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत मंगरा रेलवे स्टेशन के डाउन मेन लाईन पर मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध मोहन परहिया 61 की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त उसके शव के पास से मिले आधार कार्ड से हुई। मृतक पलामू जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसडीह खुर्द के पिण्डरहे ग्राम का रहने वाला था। जो मंगरा पंचायत के चंद्रदाहा ग्राम में अपनी बेटी के यहां आया था और बुधवार की सुबह चार बजे के करीब पैदल वापस अपने घर पिण्डरहे जाने के लिए निकला था। इसी दौरान वह ट्रेक पार करने में मालगाड़ी की चपेट में आ गया। उसका शव क्षत-विक्षत अवस्था में रेलवे ट्रेक पर इधर-उधर बिखरा हुआ था। इधर घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय निवासी सह सांसद प्रतिनिधि विवेक सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह और मुखिया बिपिन बिहारी सिंह ने मंगरा स्टेशन पहुंच पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उधर बरवाडीह आरपीएफ और डालटनगंज जीआरपी ने शव के सभी हिस्से को एकत्रित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया। विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह ने बताया कि मंगरा स्टेशन में फूट ओवरब्रिज या अंडर पास नहीं होने के कारण अक्सर इस तरह की बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती है। इस घटना के बाद लोगों का आक्रोश चरम पर देखा जा रहा है। अगर जल्द ही यहां फूट ओवरब्रिज या अंडर पास का निर्माण नहीं होता है तो मंगरा पंचायत की जनता रेल का चक्का जाम करने को विवश होगी। जिसकी सारी जवाबदेही रेल प्रशासन की होगी।

## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर किया पौधा रोपण

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कार्यक्रम में शामिल लोग।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी पहड़ा भवन परिसर मे पौधा रोपण कर शांतिपूर्ण ढंग से विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा प्रखंड महासचिव सह हिंदी दैनिक संवाददाता रामप्रीत लोहरा ने विश्व आदिवासी दिवस के संबंध में बताया कि विश्व में आदिवासी आबादी को बढ़ावा देना, उनकी रक्षा और दुनिया को बेहतर जगह बनाने मे उनकी योगदान एवं उपलब्धियां को स्वीकार करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा (युएनजीए) ने 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने की घोषणा की। शिक्षक सुरेश उरांव ने आदिवासी समुदाय को शिक्षा के महत्व से संबंधित विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना हम विकास नहीं कर सकते, शिक्षा के माध्यम से ही अपने अधिकार को पा सकते हैं। जिला अध्यक्ष अशोक उरांव ने कहा कि प्रकृति मानव जीवन के साथ जन जीवन के लिए धरोहर है। प्रकृति में पेड़ पौधे के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। जल जंगल जमीन से हम आदिवासियों का अटूट संबंध है। इस लिए हमे पेड़ पौधे के रक्षा एवं प्रर्यावरण संरक्षण के प्रति अधिक सजग एवं कटिबद्ध रहना चाहिए। प्रर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु पेड़ पौधे का रोपन एवं उसका संरक्षण करना जरूरी है। इस सभा में देश मे आदिवासीयों के दशा-दिशा पर चर्चा की गई। मणिपुर में हुई घटना क्रम को भी घोर निंदा करते हुए उपस्थित आदिवासी समुदाय द्वारा आक्रोश व्यक्त किया। राजदेव उरांव ने कहा कि जब तक हम एकजुट नहीं होगें, शिक्षित नहीं होगें। तब तक हमें प्रताड़ित किया जाता रहेगा, हमारा अधिकार छिनता रहेगा, और मणिपुर और मध्य प्रदेश जैसा घटना जारी रहेगा। हम सभी को शोषण होते रहेगा। रामप्रीत सहित अन्य अतिथियों ने पौधा रोपण किया। मौके पर सुरेश उरांव, राजकुमार उरांव, उमेश उरांव सचु उरांव, रिक्शोना उरांव, मुनिया उरांव,सुमन उरांव, मालती उरांव सहित भारी संख्या में आदिवासी महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में विश्व आदिवासी दिवस दिन बुधवार को ग्राम स्वराज मजदूर संघ के बैनर तले धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हाई स्कूल से एक विशाल सांस्कृतिक रैली निकाली गई। रैली के दौरान लोग कई गगनभेदी नारे लगाते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे जहां रैली जनसभा में तब्दील हो गई। वहीं कार्यक्रम का प्रारंभ प्रसिद्ध बौलीवुड टाईटल गायिका मेघा श्रीराम डाल्टन के सुमधुर आदिवासी गानों से किया गया। उन्होंने अपने गीतों के जरिये बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू,नीलांबर-पीतांबर के संघर्षों को जीवंत रखने का आह्वान किया साथ ही कथित सभ्य समाज से आदिवासी जीवन दर्शन को आत्मसात करने की अपील की।

## एक नजर में

### रक्तदान शिविर में 24 युवाओं ने किया रक्तदान


रक्तदान करते लोग।

**चंदवा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्टूडेंट फॉर सेवा के तत्वाधान में बुधवार को चंदवा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में दर्जनों युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया व रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के नेतृत्वकर्ता कुमार नवनीत ने कहा की रक्तदान महादान होता है, रक्तदान एक ऐसा पुनीत कार्य है जिससे हम कई इंसानों में जिंदा रह सकते हैं। शिविर में राजकुमार साहू, रोहित अग्रवाल उर्फ जॉनी, मंटू केसरी, कुमार नवनीत, नीतीश सिन्हा, रवि महतो, मोहनीश कुमार विक्की, महफूज अंसारी, आशीष कुमार महतो, कैसर अंसारी, शुशील प्रसाद गुड्डू, विकास कुमार वर्मा, दीपक कुमार, अजय कुमार, दीपक कुमार साव, आशीष कुमार, निशांत कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, नीरज कुमार सोनी, उज्वल बाला, आदर्श रविराज, अनूप कुमार, संजीव आजाद, रुपेश ठाकुर सहित कुल 24 लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तविरों को उपहार स्वरूप एक एक दीवाल घड़ी भेंट की गई। इस मौके पर एलटी चंदन कुमार सिंह, एलटी हरिशंकर मिश्र, रक्तदान वाहन चालक मो गालिब समेत कई लोग मौजूद थे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस


आदिवासी दिवस मनाते लोग।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर आदिवासी परिवार के सैंकड़ों सदस्यों ने ढोल नगाड़ों के साथ तेतर टोला से लेकर सरयू नीलांबर पितांबर चौक पर नीलांबर-पितांबर के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये प्रखंड कार्यालय तक शोभा यात्रा किया गया। साथ ही प्रखण्ड कार्यालय के प्रांगण में लोगों को संबोधित करते हुवे जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे पुर्वज देश के आजादी के लड़ाई के साथ साथ जल जंगल एवं जमीन के रक्षा के लिए अहम भुमिका निभाया है। जिसको लेकर आज के दिन विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आज कई एसे आदिवासी परिवार हैं जो इस बात से अनभिज्ञ है। हमें जरूरत है अपने आने वाले पीढ़ी को इसके बारे में बताने की। प्रमुख अमिता देवी ने कहा कि बहत ही हर्ष की बात है कि आज सरयू प्रखण्ड में विश्व आदिवासी दिवस का शुभारंभ किया गया है। इस वर्ष की भांति हरेक वर्ष इस क्षेत्र में धुम धाम के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया जायेगा। मुखिया अंकिता देवी ने कहा कि जिस प्रकार से हमारे पुर्वजों ने जल जंगल एवं जमीन के रक्षा के लिए लड़े है। आज हमारा भी कर्तव्य बनता है कि उनके द्वारा प्रारंभ किया गया इस लड़ाई को जारी रखें। इस मौके पर ओपी प्रभारी घनश्याम उरांव, उप प्रमुख सुनील उरांव, मुखिया राजेश सिंह, करम सिंह, पंसस मंजु देवी, सुले बैगा, उल्फन सिंह, अनिल उरांव, कार्तिक उरांव, धनेश्वर सिंह, मनोज उरांव, धिरज कुमार, शम्भु उरांव, बब्लू उरांव, नरेंद्र उरांव, समेत अन्य आदिवासी परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना पुलिस ने लाल वारेंट अभियुक्त को गिरफ्तार के जेल भेज दिया। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने जानकारी देते हुवे बताया लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर बालूमाथ थाना में चलाये जा रहे फरार अभियुक्तों की धर पकड़ के कर्म में करीब 25 वर्षो से फरार चल रहे। अभियुक्त राकेश सिंह पिता रावण सिंह, ग्राम बालू, थाना बालूमाथ को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। उक्त अभियुक्त के खिलाफ बालूमाथ थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

## ट्रेन के ठहराव से लोगों को मिलेगी सहूलियत : प्रकाश राम

- सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रयास के बाद बनारस रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का हुआ लातेहार में ठहराव
- पूर्व विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कोरोना काल से स्टॉपेज किया गया था बंद

**लातेहार।** मंगलवार को लातेहार जिला के तीन प्रमुख स्टेशनों के लिए खुशखबरी का दिन रहा। लातेहार, छिपादोहर और बरवाडीह जंक्शन जहां पिछले तीन वर्षों से कोविड़ प्रकोप के कारण बनारस-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव बंद था। सांसद सुनील कुमार सिंह के अथक प्रयास के बाद जिले के तीनों स्टेशनों में उक्त ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित हुआ। मंगलवार की देर रात लातेहार स्टेशन में पूर्व विधायक प्रकाश राम ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इससे पूर्व ट्रेन के पायलट और सह पायलट को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। प्रकाश राम ने कहा कि इंटरसिटी के ठहराव से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। बनारस और रांची जैसे बड़े शहर जाने में सहूलियत होगी। सांसद इसके लिए बधाई के पात्र है। वही सांसद जिला प्रतिनिधि विनीत मधुकर ने छिपादोहर में तो हरेकृष्ण सिंह ने बरवाडीह में उक्त ट्रेन के पायलट और गार्ड का स्वागत करते हुए हरी झड़ी दिखाकर रवाना किया। मौके पर सुशील अग्रवाल, राजकुमार पाठक,शैलेश सिंह, संजीव सिन्हा, राकेश दुबे,अमित गुप्ता, आदर्श रवि राज, सुनील पांडेय, महताब आलम, लव सिंह समेत कई भाजपाई मौजद थे।


मौके पर मौजूद लोग।

## महुआडांड़ में धुमधाम से मनाया गया युवा कांग्रेस का 63वां स्थापना दिवस

**महुआडांड़।** महुआडांड प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला परिषद (डाक बंगला) के परिसर में युवा कांग्रेस का 63वां स्थापना दिवस बुधवार को पुरे धुमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमीर सोहेल ने किया वहीं कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता अजीत पाल कुजूर ने किया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो. इफ्तेखार अहमद वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रिडोल्फ खलखो प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज, 20सूत्री सदस्य रामनरेश ठाकुर, मुखिया सुषमा कुजूर, उषा खलखो, प्रमिला मिंज, रेणु तिग्गा, रोशनी कुजूर, कमला किण्डो, रीता कुजूर, रानू खान, तनवीर अहमद उर्फ रिंकु, नुरूल अंसारी, शकील अहमद (पपू), नितिन टोप्पो आदि समेत काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आदिवासी समाज द्वारा सांस्कृतिक सह मिलन सामारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# हम सभी संकल्प ले की आदिवासी संस्कृति को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दें: बैद्यनाथ राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**


संबोधित करते विधायक बैद्यनाथ राम।

**लातेहार।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वासाओड़ा लातेहार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विधायक लातेहार बैद्यनाथ राम ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुवे कहा कि आदिवासियों के प्रकृति आधारित विशिष्ट जीवन शैली एवं संस्कृति के संरक्षण एवं आदिवासी समुदाय के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज श्रमजीवी एवं प्रकृति के सामंजस्य स्थापित कर जीवनयापन करने वाला समाज है। आदिवासी समाज में कई अच्छाईयां है जिसे विश्व के अन्य समाज के लोग भी अपना रहे हैं। जिस पर हमें गर्व करना चाहिए। इसके साथ ही जिन कारणों से हम पिछड़ रहे हैं उसे चिन्हित करते हुवे आपस में विमर्श कर उसका समाधान ढूंढने का प्रयास करने की आवश्यकता है। विधायक मनिका रामचंद्र सिंह ने कहा हमें अपनी सभ्यता संस्कृति से सीख लेकर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुवे कहा अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा अवश्य दिलायें। अपने हक-अधिकार के प्रति जागरूक रहें। उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन ने कहा कि आदिवासी पहचान के लिए विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है। आज आदिवासी समाज को अपने संस्कृति, विरासत की रक्षा एवं अपनी प्रगति के लिए आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा आदिवासी समाज प्रकृति की पूजा करने वाला तथा प्रकृति की रक्षा करने वाला है। हमें अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाये रखना है। उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप ने कहा आदिवासी समुदाय के लोग अपने संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों को जानें और अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए प्रयासरत रहें। कार्यक्रम में लातेहार झा.मु.मो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, लातेहार कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष निशा भगत, ज़िला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, बीडीओ मेघनाथ उरांव, जिप सदस्य विनोद उरांव, सेलेस्टिन कुजूर, पूर्व जिप सदस्य रामदेव सिंह, रिंकू कच्छप, लोहरा समाज के जिला अध्यक्ष मोहन लोहरा, विशाल कुमार, विवेक गुप्ता, चन्दन कुमार, डॉ. चद्रमनी बाखला, सुरेंद्र उरांव, समेत हजारों आदिवासी भाई-बहन मुख्य रूप से कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## मतदाता सूची का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन

**कुमारधुबी।** एस एस आर 2024 के तहत मतदाता सूची का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन (पन्ना जांच एवं डोर टु डोर भौतिक सत्यापन) कार्यक्रम के तत्वाधान में प्रखंड विकास पदाधिकारी एग्यारकुंड एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार के द्वारा बुधवार को मैथन क्षेत्र में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 260 ,267, 256 के मतदाताओं के घर-घर जाकर सत्यापन किए। बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार के द्वारा बीएलओ रजिस्टर , पन्नासत्यापन ,मतदाता के घर में स्टीकर, प्रपत्र-6, प्रपत्र-7, प्रपत्र-8 का गहनता से अवलोकन किए।

## विश्व आदिवासी दिवस पर परंपरागत नृत्य प्रस्तुत किया गया

**धनबाद।** टुंडी प्रखंड के सैकयाघुटू आदिवासी गांव में धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में आदीवासी महिलाओं द्वारा परंपरागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह व जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष राशीद रजा अंसारी ने ढोल-नगाड़े भी बजाए। ग्रामीणों के बीच कांग्रेस के भारत जोड़ो अभियान का सदेंश भी दिया गया। आदिवासी ग्रामीणों के बीच धोती, साड़ी, गमछा देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का सर कटा शव

**लोयाबाद।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के बांसजोड़ा रेलवे साइडिंग के समीप बुधवार की अहले सुबह युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। उसका सिर धड़ से अलग था। उसकी पहचान सेंद्रा बस्ती निवासी 27 वर्षीय दिलीप राम पटेल के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक ट्रेन से कटकर युवक की मौत हुई है। मृतक की पहचान उसके परिजनों के द्वारा की गई है।

## बीएसएल की टीम बनी विजेता और प्रथम उपविजेता

**बोकारो।** अखिल भारतीय प्रबंधन संघ द्वारा आयोजित 24वें राष्ट्रीय प्रबंधन क्विज में बोकारो इस्पात संयंत्र की दो टीमों ने दो शीर्ष स्थान पर कब्जा कर बोकारो का मान बढ़ाया है। इस प्रतिस्पर्धा में केपीएमजी, पीडब्ल्यूसी, एनटीपीसी, आईओसीएल, गेल, एनएसपीसीएल, एलएंडटी और एचडीएफसी सहित प्रसिद्ध कॉर्पोरेट घरानों का प्रतिनिधित्व करने वाली 200 से अधिक टीमों ने भाग लिया। दोनों विजेता टीम के सदस्यों ने निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट व अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी, बोकारो स्टील प्लांट अतनु भौमिक से मुलाकात कर अपने अनुभव साझा किए।

## मछियारा व जीतपुर पंचायत का हुआ सर्वे

**धनबाद।** केरल इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन (किला केरल) के प्रतिनिधियों ने आज टुंडी प्रखंड में मछियारा व जीतपुर पंचायत का सर्वे किया। इस संबंध में उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने बताया कि झारखंड सरकार की ओर से टुंडी प्रखंड के मनियाडीह पंचायत, जीतपुर तथा मछियारा पंचायत को मॉडल पंचायत बनाने व आईएसओ सर्टिफिकेशन के लिए चयन किया गया है। इसको लेकर केरल इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा सर्वे किया जा रहा है। इसके तहत मनियाडीह पंचायत सचिवालय में सभी विभागों से जुड़े लोगों की बैठक आयोजित की गयी।

## आदिवासी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है : अजय कुमार

**सिंदरी।** बिरसा समिति प्रांगण में सिंदरी नगर काँग्रेस कमेटी ने विश्व आदिवासी कल्याण दिवस बुधवार को मनाया गया। अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष अजय कुमार ने धरती आबा बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इसकी शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। बिरसा मुंडा सहित कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थी।

# लूट और डकैती कांड के दो अपराधियों को धनबाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

लूट व डकैती कांड

## पुलिस के समक्ष 7 अलग-अलग अपराधों का किया खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद पुलिस के हत्थे चढ़े दो अपराधकर्मी मकबूल अंसारी और अकबूल अंसारी की गिरफ्तारी से पूर्व के लूट व डकैती के 7 अलग-अलग कांड का खुलासा पुलिस ने किया। बुधवार को एसएसपी संजीव कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में मीडिया को बताया कि पिछले दिनों 8 अगस्त को टुंडी थाना अंतर्गत मिडलेंड माइक्रो फिन लिमिटेड के सेंटर ऑफिसर के साथ लुटपाट का प्रयास अपराधियों के द्वारा किया गया था। गांव के लोगों और पुलिस की सक्रियता के कारण अपराधी अपने मंसूबे में कामयाब नही हो सके।पुलिस गिरफ्त में आए अपराधियों से पूछताछ में पूर्व के 7 कांड जिनमे टुंडी थाना क्षेत्र में घटित तीन, बर्वाअड्डा थाना अंतर्गत



एक, एमपीएल ओपी क्षेत्र अंतर्गत दो और राजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक आपराधिक घटना का उदभेदन किया गया। अपराधियों के पास से एक देसी पिस्टल, पांच गोली, एक मोबाईल और लुटकांड में प्रयुक्त बाईक बरामद की गई है। मिडलेंड माइक्रो फिन लिमिटेड के सेंटर ऑफिसर के साथ लुटपाट के प्रयास की घटना पिछले 8 अगस्त की है.सेंटर ऑफिसर मनियाडीह से महिला समूह से पूर्व में प्रदत्त मासिक किशत की राशि 52 हजार रू कलेक्शन करके अपने शाखा मोटरसाईकिल से लौट रहे थे। तभी दो बाईक पर पांच अपराधकर्मी वादी का पीछा करके उन्हें रोकवाया और पिस्टल का भय दिखाकर उनसे पैसे लूटने का प्रयास किया जिसपर वादी हेलमेट से एक अपराधी को धक्का देकर शोर मचाते हुए गांव की तरफ भाग निकले।

इधर अपराधी भी उनका पीछा किया। इसी दौरान पुलिस को भी सूचना मिल चुकी थी, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीण और पुलिस की सक्रियता से उपरोक्त दोनों अपराधी पकड़े गए जबकि शेष तीन अपराधी भागने में सफल रहे। पुलिस उन बाकी अपराधियों की तलाश कर रही है।

# साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राएं हुए शामिल




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** बोकारो जिलांतर्गत बहादुरपुर में महिला कल्याण समिति ढोरी द्वारा ट्राई भारत सरकार के सहयोग से टेलीफोन उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाई स्कूल बहादुरपुर के प्रधानाध्यापक गंगाराम ने कहा कि मोबाइल के द्वारा साइबर ठगी का मामला काफी बढ़ गया है, जिसको रोकने के लिए आम लोगों को जागरूक करना जरूरी है। साथ ही मोबाइल के माध्यम से बच्चों के साथ हिंसा का मामला वर्ग रहा है जिसको रोकने की जरूरत है। सहयोगिनी के निर्देशक गौतम सागर ने कहा कि मोबाइल फोन, टीवी, टैबलेट, कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स बच्चों को वर्चुअल ऑटिज्म का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल का उपयोग जरूरत के लिए किया जाना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी के रवि कुमार राय, प्रवीण कुमार, सूर्यमणि देवी, आशीष रंजन, रविकांत सिंह आदि उपस्थित थे।

# कई संगठनों द्वारा उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नगर विकास समिति, जन संघर्ष मोर्चा, दामोदर बचाओ आंदोलन, बोकारो जिला नागरिक कल्याण मंच एवं चास बोकारो ट्रक ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभय कुमार मुन्ना ने तथा संचालन विक्रम महतो ने किया। इस दौरान उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम 21 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें चास नगर निगम एवं फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स की बेतहाशा बढ़ोतरी को वापस लिये जाने, कम बारिश को देखते हुए बोकारो जिला को सूखाग्रस्त घोषित करने, चास अनुमंडल अस्पताल में निर्मित मर्चरी को अविलंब चालू कराने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। कार्यक्रम को बोकारो जिला के पूर्व सिविल सर्जन डॉ पीएन पांडेय, शिव कुमार सिंह, पंकज भट्टाचार्य, आदि ने संबोधित किया।

## बोकारो स्टील प्लांट को मिला प्रमाण पत्र

**बोकारो।** संसदीय राजभाषा समिति द्वारा रांची मे किए गए बोकारो स्टील प्लांट के निरीक्षण के दौरान संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति के सांसद सदस्यों ने बोकारो इस्पात संयंत्र मे हिन्दी के प्रयोग एवं राजभाषा नियमो के अनुपालन की सराहना की तथा इससे संबन्धित प्रमाण पत्र भी सौंपा। निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट व अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी, बोकारो स्टील प्लांट अतनु भौमिक को ईडी (पी एंड ए) राजन प्रसाद द्वारा संसदीय राजभाषा समिति द्वारा प्रदत प्रमाण पत्र भेंट किया गया।

# पलायन की भेंट चढ़ा साड़म का युवक अजय

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /गोमिया।** बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म नैनाटांड़ का रहने वाला 28 वर्षीय अजय कुमार सिंह बुधवार को पलायन की भेंट चढ़ गया। वो पिछले जून के महीने में घर से काम करने आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम गया हुआ था। लेकिन अचानक उसकी मौत की खबर से परिजनों का तो रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार साड़म के नैनाटांड़ निवासी कुंवर सिंह का बेटा अजय कुमार सिंह आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम स्थित रामबिल्ली में एलएंडटी कम्पनी के अधीन नेवी



प्रोजेक्ट में काम करता था। लेकिन वह बीते मंगलवार को विशाखापत्तनम से ट्रेन पकड़कर वापस अपने घर लौट रहा था। लेकिन झारखंड के गोविंदपुर रेलवे स्टेशन से लगभग चार किलोमीटर की दूरी पर उसका शव रेलवे ट्रैक के किनारे लहूलुहान अवस्था में मिला। वहीं परिजनों के अनुसार वो बीते जून के महीने में आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम गया था, और वहां से वापस घर लौटने के क्रम में बुधवार की सुबह उसकी मृत्यु हो जाने की सूचना मिली. उ उसकी मौत कैसे हुई है, यह जांच का विषय है। वहीं इस संबंध में गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने कहा है कि राज्य की निकम्मी सरकार में आखिर कब तक यहां के युवा पलायन की भेंट चढ़ते रहेंगे।

### लंबोदर महतो ने खूब सुनायी सरकार को खरी-खोटी

लंबोदर महतो ने कहा कि राज्य सरकार के कथनी और करनी में बहुत फर्क है। विगत कई महीनों से लगातार इस तरह की घटनाएं बेरोजगार युवाओं के साथ घट रही हैं। कभी कोई युवा ट्रेन की चपेट में आ जाता है, तो कभी किसी की मौत ट्रेन से गिरकर हो जाती है। कभी किसी की सड़क हादसे में मौत हो जाती है। ऐसा लगता है कि इस तरह की घटना करने में कोई गिरोह कार्य कर रहा है। जो एक जांच का विषय है। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रवासी मजदूर प्रावधान के तहत पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का प्रयास करूंगा।

# धूमधाम से मना आदिवासी दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**देवीपुर।** प्रखंड के मुंडामंडी गांव के विद्यालय में देवघर जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश की अगुवाई में एक समारोह आयोजित कर बड़े ही धूमधाम से आदिवासी दिवस मनाया। समारोह में अतिथियों द्वारा गांव के ग्राम प्रधान मांझी हड़ाम गुड़ा सोरेन तथा बुजुर्ग महिला पुरुषों को अंग वस्त्र एवं पुष्प माला देकर सम्मानित किया गया। वहीं सपहा तथा मुंडामुंडी टीम को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए फूटबॉल का वितरण भी किया गया, मिठाईयां बांटकर एक दूसरे के साथ खुशियां मनाई। कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष मुन्नम संजय ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर देश ही नहीं पूरी दुनियां में सभी जगह कार्यक्रम आयोजित का आदिवासी भाई बंधुओं के साथ उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।आदिवासी लोगों को अपना अस्तित्व,संस्कृति और सम्मान के साथ जल,जंगल और जमीन को बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इस जनजाति को संरक्षण और बढ़ावा देने, इनकी संस्कृति व सम्मान को बचाने के लिए आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। हमारे राज्य के महागठबंधन के हेमंत सोरेन सरकार कांग्रेस के सहयोग से आदिवासियों के उत्थान के लिए एक से बढ़कर एक कार्य कर रहे हैं। वहीं लम्बे अरसे तक भाजपा के शासन में आदिवासियों के साथ धोखा किया गया है, इन्हें छला गया है। जिला अध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने कहा कि आज यहाँ हमलोग आदिवासियों के समाजिक, आर्थिक, राजनैतिक विकास के साथ इनकी संस्कृति एवं सभ्यता को लेकर विश्व आदिवासी दिवस को बड़े ही धूमधाम से मना रहे है।

## बीजीएच में नवजात गहन चिकित्सा इकाई का उद्घाटन

**बोकारो।** बीजीएच में नव पुनर्निर्मित नवजात गहन चिकित्सा इकाई का उद्घाटन निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट व अतिरिक्त प्रभार, निदेशक प्रभारी बोकारो स्टील प्लांट अतनु भौमिक द्वारा किया गया। प्री-टर्म नवजात शिशुओं को स्पेशल केयर प्रदान करने के लिए नवजात गहन चिकित्सा इकाई उपलब्ध कराया गया है। बीजीएच के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीबी करुणामय ने उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा अस्पताल को बोकारो इस्पात संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन द्वारा मरीजों के बेहतर इलाज के लिए हर संभव सुविधा प्रदान करने हेतु अपना आभार प्रकट किया।

# विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य पर भव्य कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य पर झामुमो धनबाद जिला समिति द्वारा एक भव्य कार्यक्रम किया गया। रणधीर वर्मा स्टेडियम में धनबाद जिला के विभिन्न गांव ग्राम से आदिवासी महिला पुरुष हजारों की संख्या में पारम्परिक वेशभूषा में उपस्थित होकर डुगडुगी के धुन पर घंटों पारम्परिक नृत्य कर आदिवासी दिवस मनाया, पुरे कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने किया। झामुमो जिला समिति द्वारा कार्यक्रम में शामिल हो रहे सभी आदिवासी भाई बहनों का गर्मजोशी से स्वागत किया। सामुहिक जुटाना के बाद हजारों की संख्या में





पारम्परिक नृत्य करते हुए एवं डुगडुगी बजाते हुए जिला अध्यक्ष लखी सोरेन जी के नेतृत्व में सभी लोग गोल्फ ग्राउंड से रणधीर वर्मा चौक पहुंचे सभी ने एक दूसरे को आदिवासी दिवस की बधाई दी। मौके पर जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा की विश्व आदिवासी दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज के भाषा, परम्परा, संस्कृति साथ ही सम्मान को संरक्षित करने केलिए मनाया जाता हैं। झारखण्ड में माननीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी ने संघर्ष कर आज आदिवासी समाज को जिस मुकाम तक लेकर गयें हैं उनके लिए पुरा समय गुरु जी का कृतज्ञ हैं और रहेगा,आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार आदिवासी के विकास के लिए कइ एक योजना चला रही हैं, मुख्यमंत्री को आदिवासी समाज की चिंता है, आदिवासियों के हक अधिकार को कोई सरकार संरक्षित ओर सुरक्षित कर सकता है ओर किया हैं वो एक मात्र हेमंत सोरेन हैं, हम सभी गुरु जी के साथ थे हैं और रहेंगे। मौके पर मुख्य रूप से सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो,केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमितेश सहाय,जिला सचिव मन्नु आलम, पूर्व सचिव पवन महतो,केन्द्रीय सदस्य नकुल महतो, कंसारी मंडल, डॉ नीलम मिश्रा, अशोक मंडल,अलाउद्दीन अंसारी, धरनीधर मंडल, राजेश यादव, कृष्णा चौहान, लक्ष्मण चौहान, गुलेल अंसारी, फिरोज अंसारी,सहित हजारों के संख्या में लोग मौजूद थें।

एक नजर में

## उपायुक्त ने की डीएमएफटी के तहत चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज संध्या समाहरणालय के सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए योजनाएं लेने, जिन योजनाओं के लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी हो गई है उसमें शीघ्र कार्य शुरू करने, योजनाओं को समय पर पूरा करने तथा कार्य संपन्न होने के बाद यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट (यूसी) देने का निर्देश दिया। वहीं बिल्डिंग डिविजन की समीक्षा के क्रम में उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट एवं जनरेटर शेड के कार्य में हो रहे विलंब पर नाराजगी प्रकट करते हुए तीव्र गति से कार्य को संपन्न करने का निर्देश दिया।

## समाजसेवी डॉ मधुमाला को एनएसयूआई ने किया सम्मानित

**कतरास।** जी एन एम ग्राउंड के साथ राहुल चौक भगत सिंह चौक एवं भट्ठमुना मोड में लगाए जा रहे हैं हाई मास्ट लाइट के लिए अथक प्रयास करने वाली समाजसेवी डॉक्टर मधुमाला मैडम एवं धनबाद नगर निगम के कनीय अभियंता दीपक कुमार को एनएसयूआई कतरास इकाई द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। एनएसयूआई जिला महासचिव चितरंजन कुमार ने बताया कि समाजसेवी डॉ मधुबाला मैडम समाज के उत्थान एवं कल्याण के लिए निरंतर दिन-रात प्रयत्न करती रहती हैं उनकी मेहनत का ही यह परिणाम है कि हमारे क्षेत्र में हाई मस्ट लाइट लगाया जा रहा है जब डॉ मधुबाला मैडम को हमारे क्षेत्र में हाई मस्ट लाईट एवं स्ट्रीट लाइट की कमी महसूस हुई तो उन्होंने अपने परिश्रम से इस कमी को दूर किया है। मौके पर उपस्थित एनएसयूआई के जिला सचिव आकाश प्रमाणिक,नगर अध्यक्ष साहिल अली,नगर उपाध्यक्ष आर्यन वर्मा,नगर महासचिव प्रगति कुमार,संयूम खान,कतरास कॉलेज कार्यकारी अध्यक्ष तारिक अनवर,महासचिव अमन अंसारी,विशाल तिवारी मौजूद थे।

## वीरों की भूमि झारखंड के कई सपूतों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया : आशुतोष

**सिंदरी।** 90 देशों में 476 मिलियन आदिवासी समाज को जागरूक करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में विश्व आदिवासी दिवस बुधवार को आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि झामुमो केन्द्रीय सदस्य सुखलाल मरांडी ने कहा कि विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतरराष्ट्रीय दिवस विश्व आदिवासी दिवस उनके अधिकारों के रक्षा के लिए मनाया जाता है। प्राचार्य आशुतोष कुमार ने कहा कि झारखंड वीरों की भूमि है और भारत की आजादी की लड़ाई में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस राज्य में धरती आबा बिरसा मुण्डा, वीर बुधु भगत, सिद्धो-कान्हू चाँद भैरव, फूलो-झानो, जतरा भगत, दिवा किशुन समेत अनेक महान विभूति हुए हैं। इन्होंने देश एवं समाज के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। इनका जन्म जनजाति कुल में ही हुआ। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर इन महान सपूतों के साथ अन्य सभी विभूतियों को नमन करता हूँ। हमारे देश की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा जनजातियों का है। सभी जानते हैं कि अति प्राचीन काल से ही आदिवासी समुदाय भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के अभिन्न अंग रहे हैं। इस समुदाय का इतिहास काफी समृद्ध रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आठ सूत्री मांगों को लेकर जीएम को सौपा ज्ञापन

**पुटकी।** नशा उन्मूलन महिला समिति के जिलाध्यक्ष सुंदरी देवी ने ग्रामीणों के आठ सूत्री मांगों को लेकर पी0बी0 एरिया महाप्रबंधक अरुण कुमार को अपने दर्जनों ग्रामीणों के साथ पहुंचकर ज्ञापन सौंप । वही सुन्दरी देवी ने बताया कि हमारे पुटकी बलिहारी क्षेत्रीय मे ईगल इन्फ्रा आउटसोर्सिंग कंपनी यहां कोयला उत्पादन का कार्य करने जा रही है.इस कंपनी में आस पास के ग्रामीणों ओर रैयतों को 75 प्रतिशत योग्यता के अनुसार कार्य देकर काम करे। कई गांवों से जमीन अधिग्रहण बीसीसीएल ने किया, ,मगर अभी तक लोगो को ना तो नियोजन मिला और ना तो मुआवजा दिया गया ।

## पेज 3 का शेष

### अस्तित्व बचाने को एकजुट हो...

आदिवासी अपनी पहचान के लिए इतिहास में की गयी अपेक्षा के खिलाफ बोलता है, तो उन्हें चुप कराने की साजिश रची जा रही है। हमें टुकड़ों में बांटकर देखने का प्रयास किया गया है। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ किया। इस देश को गढ़ने में आदिवासी समाज की पुनर्व्यवस्था की जानी चाहिए। बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में आयोजित इस कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत सखुआ का पौधा और अंगवस्त्र देकर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने किया।

**आदिवासी स्वाभिमानी कौम है :** सीएम ने कहा कि आदिवासी समाज स्वाभिमानी कौम है, यह किसी से भीख नहीं मानता। हम इस देश के मूल वासी हैं। हमारे पूर्वजों ने जंगल बचाया, पहाड़ बचाया है। हमें जंगल में गरीब के रूप में ना देखें। विकास की पूरी कहानी हमारे पूर्वजों के पास है। जरूरत है कि आदिवासी समाज के प्रति सम्मान और सहयोग पैदा किया जाये।

**ये लोग बने समारोह के गवाह :** समारोह में मंत्री चंपई सोरेन, विधायक विनोद सिंह, राजेश कच्छप, जयमंगल सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, वंदना दादेल, विनय कुमार चौबे, राजीव अरूण एक्का, रणेंद्र कुमार समेत कई आला अधिकारी मौजूद थे। इसके पहले कार्यक्रम की शुरूआत से पहले मणिपुर हिंसा में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी। एक मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम में एक साथ 35 पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। इसमें कई तरह के रिसर्च और महत्वपूर्ण किताबें हैं। आदिवासी महोत्सव के मौके पर एक खास डाक टिकट का भी लोकार्पण किया गया है। समारोह की शुरुआत दिन के 12.10 बजे रीझ रंग रसिका रैली से हुई। इसमें 32 जनजातीय समूह पारंपरिक वाद्य यंत्रों का वादन करते हुए करमटोली चौक से समारोह स्थल तक पहुंचे।

### अविश्वास आपको हो सकता है...

नेहरू की भूल को मोदी ने सुधारा : श्री शाह ने कहा, कश्मीर में बदलाव लाने वाले नरेंद्र मोदी हैं। जवाहरलाल नेहरू की भूल धारा 370 को खत्म करने वाले नरेंद्र मोदी हैं। हम ना हुर्रियत से और ना पाकिस्तान से चर्चा करेंगे। हम चर्चा सिर्फ घाटी के युवाओं से करेंगे।

एक नेता 13 बार लॉन्च किये गये : अमित शाह ने राहुल गांधी का बगैर नाम लिए हमला बोला। उन्होंने कहा, सदन में ऐसे एक सदस्य हैं... जिसे 13 बार लॉन्च किया गया और हर बार फेल हुए। जिसके घर वो भोजन करने गये...। उस कलावती के घर तक सभी सुविधाएं देने वाला पीएम मोदी ही है।

**मणिपुर हमारा अभिन्न अंग : स्मृति** - केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मणिपुर देश का अभिन्न अंग है और रहेगा। राहुल गांधी ने भारत माता की हत्या की बात की है। मणिपुर खंडित ना था न है और ना होगा। स्मृति ईरानी ने कहा, भारत मां की हत्या की बात करने वाले कभी भी मेज नहीं थपथपाते हैं। कांग्रेसियों ने बैठकर मां की हत्या के लिए मेज थपथपाई है, यह गंभीर बात है।

**मणिपुर में मेरी मां की हत्या हुई : राहुल** - प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करते हुए राहुल गांधी ने कहा, आपने मणिपुर में भारत की हत्या की है। आप भारत माता के हत्यारे हो। आपने भारत माता की हत्या की है। मैं मणिपुर में मां की हत्या की बात कर रहा हूं।

## स्पीड न्यूज

### बीजिंग में भारी बारिश से 33 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन में कई दिनों से हो रही भारी बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अकेले राजधानी बीजिंग में आठ अगस्त तक बाढ़ और भूस्खलन से 33 लोगों की मौत हो चुकी है। पानी के सैलाब में बहे 18 लोग अभी भी लापता हैं। हालांकि बीजिंग के दक्षिण-पश्चिम शहर जुओझोउ में बाढ़ का पानी कम होने लगा है। इस आपदा ने लगभग 1.29 मिलियन लोगों को प्रभावित किया है। 59,000 घर ढह गए हैं और 147,000 घर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हेबेई प्रांत में शरद ऋतु की फसल प्रभावित हुई है।

### नेपाल की संसद में विपक्ष का हंगामा

**काठमांडू।** एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले की जांच के लिए संसदीय समिति के गठन की मांग पर अड़े प्रमुख विपक्षी दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) के सदस्यों के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही लगातार बाधित हो रही है। बुधवार को विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### जी-20 में रूस-यूक्रेन युद्ध पर होगी चर्चा : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि सितंबर में भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में रूस और यूक्रेन युद्ध चर्चा के शीर्ष विषयों में से एक होगा। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में राष्ट्रपति जो बाइडन सहित जी-20 देशों के नेता हिस्सा लेने वाले हैं। मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दुनियाभर के सहयोगियों के साथ बातचीत में हम यूक्रेन में चल रहे युद्ध पर चर्चा करते रहते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि जी20 में भी यह शीर्ष विषयों में से एक होगा।

### नेपाल में बस खाई में गिरी, चार की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के रोल्पा जिले में मंगलवार देरशाम एक बस खाई में गिर गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। यह बस परिवर्तन नगरपालिका के बागमारा से दांग जिला के घोराही जा रही थी। बस में 25 यात्री सवार थे। यह बस सड़क से करीब 150 मीटर नीचे खाई में गिर गई थी। चालक फरार हो गया है। घायलों को घोराही के जिला अस्पताल में भेजा गया है।

### अलीगढ़ में वकील की दिनदहाड़े हत्या

**अलीगढ़।** शहर के सिविल लाइंस इलाके में बुधवार को एक वकील की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने बताया कि अधिवक्ता अब्दुल मुगीस (48) आज दोपहर मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे, तभी रास्ते में सिविल लाइंस क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोका और बेहद करीब से गोली मार दी।

### केरल की सर्वोच्च महिला पुजारी उमा का निधन

**अलप्पुझा।** केरल के मन्नारसाला स्थित प्रसिद्ध नागराज मंदिर की सर्वोच्च महिला पुजारी उमा देवी अंतरजनम का उम्र संबंधी समस्याओं के कारण बुधवार को निधन हो गया। वह 94 वर्ष की थीं। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। अंतरजनम मंदिरों में पूजा और अनुष्ठान कराने वाली केरल की कुछ महिला पुजारियों में सबसे वरिष्ठ थीं।

### मुंबई : लेखक हरि नारके का निधन

**मुंबई।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखक हरि नारके का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद निधन हो गया। उनके पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि नारके ने यहां एक निजी अस्पताल में सुबह लगभग 10 बजे आखिरी सांस ली। वह 60 साल के थे।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में खुला जनजातीय अध्ययन केंद्र

## विश्व आदिवासी दिवस पर विवि ने की घोषणा, एक शासी निकाय किया गठित

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने भारत केंद्रित परिप्रेक्ष्य के जरिए जनजातीय प्रथाओं, संस्कृति,, धर्म, अर्थव्यवस्था, समानताओं और प्रकृति के साथ संबंधों की विविधता को समझने के उद्देश्य से जनजातीय अध्ययन केंद्र (सीटीएस) की स्थापना की घोषणा की। विश्वविद्यालय ने विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर यह घोषणा की। विश्वविद्यालय ने कहा कि यह जनजातीय अध्ययन केंद्र मौजूदा समय में और आने वाले भविष्य में

**▸▸ अध्यक्ष होंगे प्रोफेसर प्रकाश सिंह होंगे, पायल मागो, रत्नाबलि व नेगी बने सदस्य**

जनजातीय समुदाय के संपूर्ण विकास और कल्याण से संबंधित समकालीन मुद्दों को हल करने और उनके जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। इस संबंध में एक शासी निकाय गठित कर दिया गया है, जिसके अध्यक्ष दिल्ली विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस के निदेशक प्रोफेसर प्रकाश सिंह होंगे और उनके साथ




कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग की निदेशक शिक्षाविद प्रोफेसर पायल मागो, विधि संकाय के प्रोफेसर के. रत्नाबलि और भूगोल विभाग के प्रोफेसर वी. एस. नेगी सदस्य के रूप में काम करेंगे।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक, दिल्ली विश्वविद्यालय के जनजातीय अध्ययन केंद्र को केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय आंध्र प्रदेश के कुलपति प्रोफेसर टीवी कट्टीमनी और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के जनजातीय अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रोफेसर चंद्र मोहन परशीरा बाहरी विशेषज्ञ के तौर पर शैक्षणिक जानकारी प्रदान करेंगे। विश्वविद्यालय के मुताबिक, यह जनजातीय अध्ययन केंद्र (सीटीएस) उन जनजातियों को सशक्त बनाने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण का एक सटीक प्रमाण है, जो भारत की कुल आबादी में आठ प्रतिशत से अधिक की भागीदारी रखती हैं। विश्वविद्यालय ने मानव विज्ञान विभाग के प्रमुख, प्रोफेसर सौमेंद्र मोहन पटनायक को जनजातीय अध्ययन केंद्र के निदेशक के रूप में और मानव विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अविटोली जी. झिमो को संयुक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

### खुले बाजार में 50 लाख टन गेहूं, 25 लाख टन चावल बेचेगी सरकार

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि वह बढ़ती कीमत पर अंकुश लगाने के लिये केंद्रीय पूल से अतिरिक्त 50 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन चावल खुले बाजार में बेचेगी।खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि हाल में गेहूं और चावल की कीमतों में तीव्र वृद्धि हुई है। सरकार ने 50 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन गेहूं खुला बाजार बिक्री योजना के तहत बेचने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि यह कुछ महीने पहले घोषित खुला बाजार बिक्री योजना के तहत 15 लाख टन गेहूं और पांच लाख टन चावल की बिक्री के अलावा है।

# अविश्वास प्रस्ताव पर जुबानी जंग

## देशप्रेमी नहीं, देशद्रोही है भाजपा : राहुल गांधी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को भाजपा को देशद्रोही करार दिया और कहा कि इस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने मणिपुर को विभाजित किया और वहां भारत मां की हत्या की है। श्री गांधी ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दूसरे दिन पहले वक्ता के रूप में अपने लंबे और तीखे भाषण में अपनी भारत जोड़ो यात्रा की कहानी और अनुभवों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत एक आवाज है, किसानों और गरीबों की आवाज है। आपने इस आवाज की मणिपुर में हत्या की, इस तरह आपने वहां भारत माता की हत्या की है।

उन्होंने सत्ता पक्ष के कई मंत्रियों और सदस्यों की टोकाटोकी के बीच कहा कि आप देशप्रेमी नहीं हो, आप देशद्रोही हो। आप भारत माता के रखवाले नहीं हैं, भारत माता के हत्यारे हैं। मेरी एक मां यहां बैठी है, मेरी एक मां भारत माता है। इस दौरान अध्यक्ष ओम बिरला ने श्री गांधी को मर्यादाओं का ध्यान दिलाते हुए कहा कि आप वरिष्ठ सदस्य हैं ,आप सदन में उचित भाषा का उपयोग करें। श्री गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला



करते हुए कहा कि रावण केवल दो लोगों मेघनाद और कुम्भकर्ण की सुनता था और श्री मोदी भी केवल दो व्यक्तियों अमित शाह और अडानी की सुनते हैं।

इस दौरान उन्होंने श्री मोदी के साथ उद्योगपति गौतम अडानी के चित्र भी दिखाये। श्री गांधी ने कहा कि लंका को हनुमान ने नहीं जलाया, रावण के अहंकार ने जलाया। राम ने रावण ने नहीं मारा, रावण को उसके अहंकार ने मारा। उन्होंने सत्ता पक्ष की ओर से इशारा करते हुए कहा कि आपने मणिपुर में केरोसिन फेंकी। आप पूरे देश में आग लगाना चाहते हो।

**आमने-सामने**

## खून से सना है कांग्रेस का इतिहास : ईरानी



नयी दिल्ली। लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दूसरे दिन बुधवार को पक्ष और विपक्ष के बीच तीखे आरोप प्रत्यारोप के बीच विपक्ष की ओर से प्रमुख वक्ता राहुल गांधी ने जहां सरकार को मणिपुर पर घेरते हुए भाजपा को देशद्रोही बताया वहीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि कांग्रेस के इतिहास खून से सना है। ईरानी ने अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि मणिपुर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। मणिपुर में महिलाओं के साथ अत्याचार करने वाले गिरफ्तार किये जा रहे हैं और ऐसी घटनाओं की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो - सीबीआई कर रहा है। उन्होंने राजस्थान में बालिका के साथ बलात्कार की घटना का भी जिक्र किया और कहा कि कांग्रेस कभी उन घटनाओं का जिक्र नहीं करेगी। कांग्रेस सदस्यों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि इनके यहां पावर का बिंदु एक परिवार था, हमारे यहां सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अडानी और सरकार के बीच कथित संबंधों पर राहुल गांधी की टिप्पणी पर कहा कि अडानी पर भी बोल देती हूं और एक चित्र दिखाते हुए कहा कि जीजा उसके साथ क्या कर रहे हैं। अडानी को संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के कार्यकाल में 72 हजार करोड़ रुपये का कर्ज क्यों दिया गया, अडानी को पोर्ट का काम क्यों दिया गया। छत्तीसगढ़ में अडानी का क्या काम। इससे पहले गांधी ने अपने भाषण के दौरान सरकार तथा अरब पति उद्यमी के बीच संबंध को लेकर एक चित्र सदन में दिखाया था। ईरानी ने कहा कि कांग्रेस का मकसद है कि बेटा कितना सेट होगा, दामाद को कितना भेंट होगा। उन्होंने केन्द्र की कई उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में शत-प्रतिशत घरों में शौचालय उपलब्ध करवाये गये हैं।

## चंद्रमा की तीसरी कक्षा में पहुंचा चंद्रयान-3




**नयी दिल्ली। चंद्र मिशन चंद्रयान-3 बुधवार को चांद की सतह के एक और कदम नजदीक पहुंच गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो ) ने बुधवार को ट्वीट करके यह जानकारी दी। चंद्रयान -3 और चंद्रमा की दूरी अब 174 किमी X 1437 किमी रह गई है। कक्षा बदलने की प्रक्रिया अब 14 अगस्त को की जाएगी। इसरो ने ट्वीट करते हुए कहा कि चंद्रयान-3 चंद्रमा की तीसरी कक्षा में पहुंच गया है। वह चांद के और करीब आ गया है। आज की गई प्रक्रिया के बाद चंद्रयान-3 की कक्षा घटकर 174 किमी X 1437 किमी रह गई है। अगला ऑपरेशन 14 अगस्त को 11.30 -12.30 बजे की जाएगी। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपण यान मार्क-3 के जरिए लॉन्च किया गया था।**

# लोकसभा में राहुल ने किया फ्लाइंग किस

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** एनडीए की महिला सांसदों ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की शिकायत की है। उनका कहना है कि राहुल गांधी ने भाजपा सांसद स्मृति ईरानी के प्रति अनुचित इशारे किए हैं। उन्होंने मांग की है कि सदन में अभद्र व्यवहार के खिलाफ उनपर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पहली बार है जब हमने सदन में किसी सांसद का ऐसा व्यवहार देखा है। उन्होंने सदन में महिला सांसदों पर फ्लाइंग किस का इशारा किया...यह अस्वीकार्य है। हमने स्पीकर से शिकायत की है

**एनडीए की महिला सांसदों ने अध्यक्ष से की शिकायत**

कि वे इसके खिलाफ कार्रवाई करें।

**महिलाओं का किया अपमान :** वहीं भाजपा नेता एवं केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष की ओर से लाये प्रस्ताव के विरोध में संबोधन के दौरान आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण के अंत में फ्लाइंग किस किया जो महिला सांसदों का अपमान है। श्रीमती ईरानी ने कहा कि जिन्हें मुझसे पहले बोलने का मौका दिया गया था , उन्होंने जाने से पहले अभद्रता की है। इस तरह का अमर्यादित व्यवहार देश की संसद में इससे पहले कभी नहीं देखा गया।

## पीएम मोदी को बम से उड़ाने की धमकी



**पुणे।** पुणे में रहने वाले एक व्यक्ति को ई-मेल के जरिए धमकी का मैसेज मिला है। एमए मोखीम नाम के इस शख्स ने भारत में कई जगहों पर बम धमाके करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बम से उड़ाने की धमकी दी है। ई-मेल भेजने वाले मोखिम ने कहा है कि वह कई आतंकी संगठनों को फंडिंग करता हैं। भारत से हिंदू महिलाओं और हिंदुओं को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। मोखीम ने भारत में अलग-अलग जगहों पर बम धमाके करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री को भी बम से उड़ाने की धमकी दी है। यह ई-मेल मिलने के बाद पुणे शहर पुलिस बल के नियंत्रण कक्ष को इस बारे में सूचित किया गया है। पुणे के अलंकार पुलिस थाने में इस बारे में मामला दर्ज किया गया है। पुणे में पिछले कुछ दिनों से आतंकी गतिविधियों में तेजी आई है। शहर में छिपे कुछ आतंकी गिरफ्तार हुए हैं। एनआईए और आयबी जैसी एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। ऐसे में इस धमकी के ई-मेल को लेकर पुलिस हरकत में आई है।

# साइबर अटैक से बचायेगा 'माया'

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** साइबर अटैक और राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर रक्षा मंत्रालय अपने सभी कम्प्यूटरों में माइक्रोसॉफ्ट विंडोज के स्थान पर स्वदेशी रूप से विकसित एक सुरक्षित ऑपरेटिंग सिस्टम माया ओएस स्थापित करेगा। इस साल के अंत तक पूरे मंत्रालय के कम्प्यूटरों में स्वदेशी ऑपरेटिंग सिस्टम लागू किये जाने से साइबर सुरक्षा बढ़ेगी और विदेशी सॉफ्टवेयर पर निर्भरता कम होगी। भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना भी माया ओएस को अपनाने के लिए तैयार हैं। दरअसल, 2021 में भारत की रक्षा प्रणालियों को कई साइबर हमलों का सामना करना पड़ा था।

इसी के बाद रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी माया ओएस का विकास शुरू किया। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डीएसी) और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) सहित

**रक्षा मंत्रालय ने विकसित की स्वदेशी विंडोज, साल के अंत तक सभी कंप्यूटरों से हटेगा माइक्रोसॉफ्ट**



विभिन्न सरकारी एजेंसियों के विशेषज्ञों की एक टीम ने ओपन-सोर्स उबंटू प्लेटफॉर्म पर माया ओएस को छह महीने में विकसित किया गया। टीम ने ओएस का परीक्षण और सुधार करने के लिए भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ भी सहयोग किया। अब सॉफ्टवेयर तैयार होने के बाद माइक्रोसॉफ्ट विंडोज को बदलने का निर्णय लिया गया है। मंत्रालय का कहना है कि ओपन-सोर्स उबंटू पर आधारित माया ओएस साइबर खतरों से बचाकर इंटरफेस पेश करता है। रक्षा मंत्रालय को अपने सभी कम्प्यूटरों पर माइक्रोसॉफ्ट के विंडोज की जगह स्वदेशी रूप से विकसित ऑपरेटिंग सिस्टम माया ओएस स्थापित करने से साइबर हमलों से बचने की उम्मीद है। इस ऑपरेटिंग सिस्टम को जल्द ही सशस्त्र बलों के कम्प्यूटरों में भी अपनाया जाएगा।

इस साल के अंत तक रक्षा मंत्रालय के सभी कम्प्यूटरों में माया ओएस स्थापित होने की उम्मीद है। ओपन-सोर्स उबंटू प्लेटफॉर्म पर आधारित इस विंडोज का लक्ष्य माइक्रोसॉफ्ट विंडोज के समान इंटरफेस और कार्यक्षमता प्रदान करके साइबर खतरों के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा प्रदान करना है। माया ओएस चक्रव्यूह नामक एक फीचर के साथ आता है, जो एक एंड-पॉइंट एंटी-मैलवेयर और एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर है, जो हैकर्स को संवेदनशील डेटा तक पहुंचने से रोकता है।

# 'डॉन 3' में रणवीर सिंह होंगे नए डॉन

**मुंबई।** अभिनेता रणवीर सिंह फिल्म निर्माता फरहान अख्तर की लोकप्रिय एक्शन फ्रेंचाइजी डॉन के तीसरे भाग में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।फरहान और उनके करीबी मित्र रितेश सिधवानी के बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर डॉन के मुख्य किरदार में अभिनेता का फर्स्ट लुक वीडियो पोस्ट करते हुए यह खबर साझा की। बैनर ने इंस्टाग्राम पर लिखा एक नए दौर की शुरूआत, डॉन-3। रणवीर डॉन 3 में सुपरस्टार शाहरुख खान की जगह यह किरदार निभाएंगे। शाहरुख ने फरहान की 2006 में आई फिल्म डॉन और 2011 में इसी फिल्म के अगले भाग डॉन 2 में डॉन की भूमिका निभाई थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा जोनास भी थीं। डॉन फ्रेंचाइजी की शुरूआत अख्तर और रितेश सिधवानी के बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा अमिताभ बच्चन अभिनीत, 1978 की इसी नाम की फिल्म के अधिकार खरीदने के बाद हुई। अमिताभ अभिनीत फिल्म की पटकथा अनुभवी लेखक जोड़ी जावेद अख्तर और सलीम खान ने लिखी थी। रणवीर के डॉन 3 में काम करने की यह खबर फरहान द्वारा आधिकारिक तौर पर इस फिल्म की घोषणा



करने के एक दिन बाद आई है।जोया अख्तर की 2015 की फिल्म ह्यदिल धड़कने दोह्य में एक साथ अभिनय करने के बाद फरहान और रणवीर अब एक बार फिर डॉन 3 में एक साथ आएंगे। फरहान ने विक्रम वेधा के पटकथा लेखक पुष्कर और गायत्री के साथ मिलकर डॉन 3 की पटकथा लिखी है। फिल्म के लिए संगीत शंकर एहसान लॉय, शंकर महादेवन, एहसान नूरानी और लॉय मेन्डोन्सा देंगे।

### पवन सिंह का एक और गाना काशी में शिव शंकर रिलीज



**मुंबई।** सावन में पावर स्टार पवन सिंह के गानों की धूम चारों ओर देखने को मिल रही है। इसी बीच पवन सिंह का एक और नया बोलबम गाना काशी में शिव शंकर रिलीज हो गया है। इस गाने को महज 6 घंटे में 1 मिलियन से अधिक लोगों ने देख लिया है और यह तेजी वायरल हो रहा है। इस गाने में पवन सिंह ने काशी में शिव शंकर की महिमा का बखान किया है। इस गाने को यू-ट्यूब चैनल सारेगामा हम भोजपुरी पर रिलीज किया गया है। इस गाने के जरिए पवन सिंह ने शिव भक्तों को इसके धुन पर झूमने को मजबूर कर दिया है। इस गाने को लेकर पवन सिंह ने कहा कि भोले बाबा का आशीर्वाद है कि हमारे गाने को श्रद्धालु और भोजपुरी संगीत प्रेमी खूब पसंद कर रहे हैं। यह गाना मेरे दिल के करीब है और इस गाने की मेकिंग भी भव्य पैमाने पर की गई है।

### अदालत ने इमरान खान को सजा पर तत्काल रोक लगाने से किया इनकार

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सजा पर तत्काल रोक लगाने से बुधवार को इनकार कर दिया। हालांकि अदालत ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी याचिका पर चार से पांच दिन में फैसला लिया जायेगा। इस्लामाबाद की निचली अदालत ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में शनिवार को खान को तीन साल के कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद पंजाब पुलिस ने लाहौर में खान के आवास से उन्हें गिरफ्तार किया था। तोशाखाना मामले में उन पर सत्ता में रहते हुए कीमती उपहार बेचकर मुनाफा कमाने का आरोप है। फिलहाल अटक जेल में बंद खान ने मंगलवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर करके तीन साल की जेल की सजा पर रोक लगाने की अपील की।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवायें और योजना



मृत्युंजय प्रसाद

**हालाँकि** 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या 10,42,81,034 है, जो कि देश की जनसंख्या की 8.6 प्रतिशत है, भारत में जनजातीय समुदाय अत्यंत विविध एवं विजातीय है। बोली जाने वाली भाषाओं, जनसंख्या का आकार, रहन-सहन के ढंग को लेकर इनमें बहुत प्रकार की विविधताएँ हैं। भारत में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जातियों के रूप में अधिसूचित विशिष्ट समूहों की संख्या 705 है। उत्तर-पूर्वी राज्य अपनी स्वयं की विविधताओं के कारण सजातीय खंड नहीं हैं। वहां लगभग 220 जातीय समूह है तथा उतनी ही संख्या में भाषा एवं बोलियाँ हैं। यह समूह मोटे तौर पर तिब्बती-बर्मन, माँन-खमेर तथा भारतीय-यूरोपी नामक तीन मुख्य समूहों में वगीर्कृत किये जा सकते है।

जनजातीय समूहों में कुछ जनजातियाँ अपनी अत्यधिक दुर्बलता के कारणवश विशेष रूप से अति संवेदनशील जनजातीय समूह पी. वी. टी. जीद्ध पहले प्राचीन जनजातीय समूह के रूप में जाने जाने वालीद्ध की श्रेणी में रखी गई हैं। वर्तमान में पी.वी.टी.जी. में 75 जनजातीय समूह शामिल हैं जिनकी पहचान इस रूप में निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर की गयी है। 1)वन आश्रित आजीविका, 2) कृषि पूर्व जीवन स्तर, 3) स्थिर एवं घटती जनसंख्या, 4)निम्न साक्षरता दर तथा 5) जीविका आधरित अर्थ व्यवस्था। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इन 75 पी. वी. टी. जी. की कुल जनसंख्या का अधिकांश भाग छह राज्यों महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, उड़ीसा, आन्ध्रप्रदेश एवं तमिलनाडू में रहता है। जनजातियों में पी.वी.टी.जीस. पर उनकी संवेदनशीलता के कारण मुख्य रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है।

स्वतंत्रता तक जनजातीय जनसंख्या राष्ट्रीय परिदृश्य से अपेक्षाकृत एकांत में रही तथा सुदूर व विषम जंगली क्षेत्रों में प्रायः आत्मनिर्भर जीवन व्यतीत किया। भारत में उप निवेशक प्रशासनिक तंत्र का जनजातियों से संपर्क मुख्य रूप से अधिकार वादी व शोषक प्रकृति के रूप में हुआ। वे उनको पृथक छोड़ने में तथा राष्ट्रीय जीवन की मुख्य धारा से न जोड़ने में विशेष रूप से रुचि थे।

स्वतंत्रता के पश्चात, भारतीय संविधान ने जनजातीय लोगों को विशेष दर्जा देने के लिए बहुत से प्रावधान अपनाया तथा संसद में विभिन्न रक्षात्मक कानून बनाकर उनके हितों को सुरक्षित रखने हेतु सजग प्रयास किये। राष्ट्रीय योजना आयोग ने विकास हेतु कदम उठाते हुए जनजातीय उप योजना पद्धति को अपनाया तथा पंचायती राज संस्था के अंतर्गत पंचायत पंचायत के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1966 (पेसा) (पी.ई.एस ए.) कानून बनाया।

अनुसूचित जनजाति का मानव विकास सूचकांक (एच. डी. आई.) बाकी जनसंख्या की तुलना में बहुत कम है। साक्षरता दर में अंतर अधिक है। गरीबी रेखा के नीचे अन्य समुदायों की अपेक्षा अनुसूचित जनजातीय परिवार अधिक हैं। आरक्षण के प्रावधान के बावजूद सरकारी नौकरियों में उनका प्रतिशत उनकी जनसंख्या के अनुपात में नहीं है। इस प्रकार उनकी दशा बाकी जनसंख्या की अपेक्षा बहुत खराब है तथा वे विकास के परिकल्पित स्तर पर पहुँचने में अक्षम हैं जहाँ से वे तेजी से बढती अर्थ व्यवस्था द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे अवसरों का लाभ उठा सकें।इसी पृष्ठभूमि में नालसा ने जनजातीय लोगों के लिए योजना बनाने की आवश्यकता महसूस की। इसे सरल बनाने हेतु, मामले का अध्ययन करने के लिए व सुझाव प्रस्तुत करने के लिए एक समिति गठित की गयी थी। समिति ने दिनांक 09.08.2015 को विश्व जनजातीय दिवस पर माननीय कार्यपालक अध्यक्ष, नालसा को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। यह योजना उसी रिपोर्ट पर आधरित है। यह योजना नालसा (आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाऐं) योजना, 2015 कहलाएगी।



योजना आयोग के एक अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है कि 43.6 पुनरुद्धारित बंधुआ मजदूर अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं। ये इसका संकेत देता है कि कई जनजातीय परिवार बंधुआ मजदूरी में फंसाएं जाते है। बंधुआ मजदूरी का मुख्य कारण जो बताया गया है ऋण ग्रस्तता एवं आहार है।

**योजना का उद्देश्य**

योजना का लक्ष्य भारत में जनजातियों तक न्याय की पहुँच को सुनिश्चित करना है। न्याय तक पहुँच की अपने तमाम अर्थो में अर्थात अधिकारों तक पहुँच, लाभ, विधिक सहायता, अन्य विधिक सेवाएँ, इत्यादि को सुगम बनाता है ताकि संविधान के सामाजिक आर्थिक एवं राजनैतिक एवं न्याय को सुनिश्चित करने के वचन का देश में जनजातियों द्वारा भी अर्थ पूर्ण रूप से अनुभव कर सके क जनजातियों को कई विधिक अधिकार दिए गए है।

**अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006**

**अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, अधिनियम,1989**

**नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा (आरटीई) अधिनियम, 2009**

**भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013**

**पंचायत के प्रावधान अनुसूची क्षेत्रों में विस्तारद्ध अधिनियम, 1996 ।**

# न्यायालयों के चक्कर से भयभीत जनजाति समाज

जनजातियों में साक्षरता की कमी एक मुख्य समस्या है। परिणाम स्वरूप जनजातियाँ अपने मौलिक विधिक एवं संवैधानिक अधिकारों से अवगत नही रहतीं। वे अपने कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलाये गए कल्याणकारी योजनाओं का ज्ञान भी नहीं रखते जिसके चलते वे उनमें शामिल भी नहीं होते।

कई सशस्त्र विवाद भी समकालीन भारत में केन्द्रीय क्षेत्र से लेकर उत्तर-पूर्व तक जनजाति क्षेत्रों के बड़े भागों को प्रभावित करते है जिसके चलते विधिक एवं लाभकारी योजनाओं को लागू करने में जटिल समस्याएँ उत्पन्न होतीं है।तत्कालीन वर्षो में राज्य पुलिस एवं अर्ध्दसैनिक बल पर जनजातीय क्षेत्रों में कथित झूठे मुठभेड़ एवं बलात्कार को सम्मलित करते हुए गंभीर मानव अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगे हैं।

बहुत सारे जनजातीय लोग कथित रूप से नक्सली कहकर जेल के अंदर डाले गये हैं। कई मामले ऐसे हुए हैं जिनमें कई दिनों तक लोग जेलों में रहे हैं और चालान में उनका नाम भी नही रहा है। जमानत नही दी जाती क्योंकि मुकदमें गंभीर होते हैं जैसे भारत के विरुद्ध युद्ध छेड़ना, राजद्रोह और इसी प्रकार के । अपरिचित न्यायिक कार्यवाहियां जनजातियों को न्यायालय से भयभीत करती हैं यद्यपि वो स्वयं अराजकता से पीड़ित रहते हैं। वो महसूस करते हैं कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम), 1989 जैसा कानून जनजातियों की सुरक्षा हेतु नही होतीं।

प्रवासी जनजातियाँ सरकार द्वारा चलायी गयी कल्याणकारी योजनाओं तक पहुँचने में कठिनाइयाँ झेलती हैं। कुछ तो पूर्ण रूप से बिल्कुल पहुँच ही नहीं रखते। ऐसे पी.वी.टी.जी की आदिमता एवं पिछड़ेपन के सन्दर्भ में ये पूर्व परिकल्पित भ्रम अथवा धरणाएँ होतीं हैं। सरकारी निकायों के लिए यह आवश्यक है कि वह जनजातियों के पिछड़ेपन एवं बरबरियत तथा इन समुदायों की परम्पराओं और संस्कृति के अवमूल्यन की धरणाओं को दूर करें।

कई पी.वी.टी.जी एवं अनुसूचित जनजातियाँ वनवासी होतीं हैं और अपने जीवन हेतु भूमि एवं वन संसाधन पर अधिकांशतः निर्भर होतीं हैं। समय के साथ-साथ उनके निवास आरक्षित वन, सुरक्षित वन घोषित कर दिए गये हैं और उन्हें बिना मुआवजा वहां से हटा दिया जाता है और बेदखल कर दिया जाता है।पी.वी.टी.जी. की सूची में समस्त जनजातियाँ अनुसूचित जनजातियों का दर्जा नही प्राप्त कर सकी हैं जिसके चलते इन जनजातियों की दुर्बलता बढ़ गई है और उन्हें पांचवी अनुसूची एवं पंचायत के प्रावधान (अनुसूची क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996 के प्रावधानों द्वारा दिए गये अधिकार एवं सुरक्षा नही मिलते।

पी.वी.टी.जी. हेतु एफ.आर.ए. बहुत कमजोर अंदाज में लागू किया गया है क्योंकि उनके पास अधिकार स्पष्ट रूप सेवन विभाग द्वारा परिभाषित नहीं हैं और समझे नही जाते। पी. वी.टी.जी. के अधिकार हेतु प्रावधानों को लागू करने और विशेष रूप से एफ.आर.ए. के अंतर्गत वास अधिकार पर कोई अलग-अलग सूचना एवं आंकड़े राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध नहीं हैं।

उत्तरी-पूर्वी राज्य भूटान, चीन, बर्मा एवं बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा के बड़े क्षेत्र रखते है जिसके चलते वहां सीमा पार आतंकवाद, ड्रग तस्करी, शस्त्रा-तस्करी, घुसपैठ, इत्यादि हेतु बहुत उचित बन जाता है।अन्य समस्या जो गंभीर चिंता का विषय है वह मानव तस्करी है। मध्य भारत एवं असम की जनजातियाँ विशेष रूप से तस्करी से ग्रस्त प्रतीत होती हैं।अन्य समस्या यह है कि अभी तक कार्य पालिका एवं न्याय पालिका का विभाजन नहीं हो सका है। छठी अनुसूची के अंतर्गत स्थापित संस्थाएं पारंपरिक विधियों को लागू करती है जिनकी अपनी समस्याएँ होती हैं क्योकि वो संहिताबद्ध नही हैं । उत्तर पूर्व में विद्रोह एवं कानून-व्यवस्था समस्याओं के चलते व्यवस्था पर से विश्वास उठ गया है।

जनसमूह में विधि को अपने हाथों में लेने की रूचि पाई जाती है जिसके चलते भीड़-न्याय होती है जिसके कारणवश संदिग्ध / आरोपी व्यक्तियों के घर नष्ट/बर्बाद कर दिए जाते हैं और उनके परिवार को समाज से अलग कर दिया जाता है जिससे गंभीर सामाजिक समस्याएँ पैदा होती है। अभी तक डायन प्रथा में विश्वास रखती है।

# वन एवं भूमि संबंधी समस्याएं




**वन** एवं पहाड़ियाँ जनजातीय पहचान के मुख्य स्त्रोत है। इसी संदर्भ में वन तक नहीं पहुँचने एवं उनकी अपनी भूमि से जबरदस्ती हटा दिए जाने के कारण जनजातियों के जीवन की क्षति समझी जानी चाहिए। जन जातीय समुदायों को उनकी भूमि, वास, जीविका,राजनैतिक व्यवस्था, सांस्कृतिक, मूल्यों एवं पहचान से वंचित करके प्रत्यक्ष रूप से भी बेदखली होती है एवं विकास के लाभों और उनके अधिकारों को न देने के रूप में अप्रत्यक्ष रूप से भी होती है।

पुनर्वास एवं पुनुरुद्धार (पी.आर.ए.आर) कार्यक्रम के अंतर्गत भूमि नहीं बदली जाती और पुनः जीविका न्यूनतम ही लगाई जाती है। लगभग समस्त आर एवं आर कालोनियां उचित स्वास्थ्य सुविधाओं, सुरक्षित पीने के पानी, बाजार, विद्यालय एवं यातायात के साधनों से वंचित होती हैं। अदल-बदल की खेती बाड़ी, फल और फूल, छोटे शिकार, दवा हेतु कंद, चारा, खाना, घर बनाने के लिए सामग्री, पारंपरिक कला, हुनर के लिए खाम सामग्री, जलावन, पत्ता तश्तरी, फल इत्यादि की बिक्री से आय के रूप में वन निर्भरता महतवपूर्ण है। इस कमी कि क्षतिपूर्ति बेदखली के कारण नही हो पाती और ये खाद्य सुरक्षा को भी प्रभावित करती है।

भूमि का एक बड़ा भाग वन क्षेत्रों में आता है। दूर-दराज क्षेत्र की अधिकतर जनजातियाँ उन जमीनों में बिना किसी अधिकार, हक, एवं हित के वन भूमि पर रहती हैं और उन बेघर जनजातियों हेतु अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अंतर्गत उनके अधिकारों की सुरक्षा एवं प्रवृति हेतु कोई विधिक प्रावधान नहीं है।

जनजातियों के साथ एक अन्य बड़ी समस्या विकास परियोजनों अर्थात बाँधें का बनाना, वन्य शरण स्थान, खान्य कार्यकलाप, इत्यादि का परिणाम है। यह विकास जन जातियों से भिन्न लोगों की इन क्षेत्रों में रोजगार हेतु आवागमन बढा देता है व परिणाम स्वरूप वो जनजातियों को वहां से निकल जाने पर मजबूर करते है। इस प्रकार जनजातियाँ विकास परियोजनाओं का लाभ नही उठा सकी हैं।

भूमि वियोजन एवं जनजातियों की बेदखली हेतु बड़े महत्वपूर्ण कारणों में से एक बढ़ती हुई ऋण ग्रस्तता है। जनजातियों की ऋणग्रस्तता (वो अधिकतर अत्यधिक ब्याज के साथ ऋण स्वीकार करने के लिए बहकाए जाते हैं) अधिकतर उन्हें बंधुआ मजदूरी की परिस्थितियों में धकेल देती है। आगे, पी.ई.एस.ए. (पेसा) के उल्लंघन भी हुए हैं जो ग्राम सभा को अनुसूचित क्षेत्रों में भूमि वियोजन रोकने एवं अनुसूचित जनजातियों की अवैध वियोजित भूमि को लौटाने हेतु अर्थात कार्य करने की शक्ति से सशक्ति करती है। वन भूमि के अभिग्रहण के मामले में, प्रभावित क्षेत्र की ग्राम सभा से परामर्श करना एवं उनकी स्वतंत्र सहमति प्राप्त करना आवश्यक है। तथापि, अधिकतर ग्राम सभाओं को न तो परामर्श हेतु नोटिस भेजा जाता है व न ही उनकी सहमती हेतु हस्ताक्षर लिए जाते है।

भूमि अभिग्रहण, पुनरुद्धार एवं पुनर्वास में उचित मुआवजे एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 के अंतर्गत जनजातियों को दिया गया मुआवजा कम होता है एवं पुनर्वास पर प्रदान की गयी जीवन परिस्थितियां बहुत घटिया होती हैं।

जनजातियों के साथ एक अन्य समस्या यह है कि भूमि में एकल अधिकार की जगह वो समुदाय अधिकार में विश्वास रखते है और इस प्रकार भूमि संबंधित मुकदमेबाजी के मामलो में उनके पास स्वामितव का लिखित प्रमाण उपलब्ध नही होता। इस सन्दर्भ में जनजातियों के दावे अधिकतर मौखिक साक्ष्य पर आधरित होते हैं परिणाम स्वरूप उनके वैयक्तिक अधिकार स्थापित करने में कठिनाइयाँ उत्पन्न होती हैं।

# जनजातियों की कूननी जटिलता

**जनजातियों द्वारा झेली गई विधिक समस्याएँ निम्न हैं -**

संरक्षित क्षेत्रों से विस्थापन से पूर्व जनजातियों के अधिकारों की मान्यतापूर्ण नही होती। जनजातियाँ एफ.आर.ए. के अंतर्गत प्रमाणीकरण एवं दावे के निपटारे से पूर्व ही बेदखल कर दी जाती हैं। इसके चलते उनकी आर्थिक स्थिति और उनके पारंपरिक वन प्रथाओं में कमी आई है।

एफ.आर.ए. के सन्दर्भ में वन विभाग द्वारा असत्य धरणाएं उनको विधिक अधिकारों के उल्लंघन तक पहुंचाती हैं। उदाहरण स्वरुप, कुछ वन विभाग एफ.आर.ए. की धारा 4(2) के प्रावधानों के विरुद्ध ये विश्वास करते हैं कि संरक्षित क्षेत्रों (पी.ए.एस) में अधिकारों का दावा एफ.आर.ए. के अंतर्गत नहीं किया जा सकता और यह कि एफ.आर.ए. सिंह अभ्यारण्य में लागू नही होता।

वास अधिकारों का दावा करने में जनजातीय समुदायों के समक्ष जो समस्याएँ पैदा होती है उनमे से कुछ निम्न प्रकार हैं -

अंतनिर्हित वास अधिकार की परिभाषा एवं स्पष्टीकरण में स्पष्टता की कमी,वास का अर्थ समझने में बहुल्यता, विशेष रूप से जब उसी विशेष क्षेत्र में शामिल अन्य पी.बी.टी.जी. समूह से अन्य लोगों के प्रयोग अधिकार उसमे शामिल हो,

यदि पी.बी.टी.जीस. की पारंपारिक वास सीमाएँ वन जीवन वास से मिलते जुलते हो, एवं ऐसे समुदायों में जागरूकता की कमी कि किन शब्दों में ऐसे दावों को व्यक्त करें।

महिलाओं के अंदर दावा करने, प्रामाणिकता और उससे संबंधित एफ.आर.ए. के अंतर्गत दिए गये प्रावधान से संबंधित नियमों के विषय में जागरूकता लाने में स्पष्ट रूप से बहुत कम प्रयास किया गया है। एफ.आर.ए. के अंतर्गत जनजातियों द्वारा दाखिल किये गए दावे बिना किसी कारण बताए रद्द कर दिए जाते हैं अथवा अन्य पारम्पारिक वनवासी की परिभाषा एवं निर्भरता खंड के गलत स्पष्टीकरण पर आधरित हैं, अथवा केवल साक्ष्य की कमी के कारणवश अथवा जी.पी.एस. सर्वेक्षण की अनुपस्थिति के कारणवश (एक कमी जिससे केवल यह अपेक्षित होता है कि दावा निम्न स्तरीय निकाय को वापिस निर्देशित कर दिया जाये) अथवा इस कारण कि भूमि गलत ढंग से गैर वन्य भूमि समझी जाती है अथवा केवल इसलिए कि वन अपराध पावती ही केवल पर्याप्त साक्ष्य समझी जाती है।

दावेदारों को रद्द किये जाने की सूचना नहीं दी जाती और उनके अपील करने का अधिकार उन्हें नहीं समझाया जाता और न ही इसका प्रयोग किया जाता है।

(जनजातियों के बीच जागरूकता की आवश्यकता है ताकि वे ऐसी कार्य प्रणालियों के विरुद्ध अपने विधिक अधिकारों को सुरक्षित कर सकें)।

यह पाया गया है कि 2005 व 2012 के बीच 95 प्रतिशत से अधिक मुकदमें बेबुनियाद थे और दोषमुक्ति में समाप्त हुए। अभ्यासिक अपराधी अधिनियम, 2000 के कारणवश गैर–अधिसूचित जनजातियों से संबंध रखने वाले लोग निरंतर पक्षपात, हिंसा एवं पुलिस अत्याचार का अनुभव करते है।

विकास परियोजनाओं के चलते बिना किसी उचित मुआवजे के अवैध रूप से स्थानांतरित अथवा बेदखल किये गये लोगों के अधिकार के सन्दर्भ में एफ.आर.ए. की धारा (31) (एम) बिल्कुल ही लागू नहीं की गयी है। ग्राम सभाओं से प्रभावी परामर्श एवं खेती हर उपज में उनको मालिकाना अधिकार की मान्यता की कमी।

**अन्य विधिक समस्याएँ**

जनजातियों और कुछ स्थितियों में भूमि ग्रहण और इस प्रकार विकास-जनक परियोजनाओं की स्थापना के विरुद्ध विरोध करने वाले अन्य लोगों के विरुद्ध भी छल-कपट के साथ अपराधिक आरोप लगाये जाते हैं। यह पाया गया है कि 2005 व 2012 के बीच 95% से अधिक मुकदमें बेबुनियाद थे और दोषमुक्ति में समाप्त हुए।

अभ्यासिक अपराधी अधिनियम, 2000 के कारणवश गैर-अधिसूचित जनजातियों से संबंध रखने वाले लोग निरंतर पक्षपात, हिंसा एवं पुलिस अत्याचार का अनुभव करते है।

अंडमान निकोबार में, जरावा जनजाति यौन-शौषण की घटनाएँ भी झेलती है। यहां तक कि जनजाति के लोगों से डी.एन.ए. टेस्टिंग के लिए ब्लड सैंपल बिना उनकी सूचित सहमति के देने के लिए कहा जा चुका है।

## स्वतंत्रता का अधिकार क्या है?



सोनाली

**अनुच्छेद 19**

अनुच्छेद 19 छह स्वतंत्रताओं की गारंटी देता है। वे हैं:

बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रताः राज्य भारत के प्रत्येक व्यक्ति को बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। हालाँकि, राज्य देश की अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता, विदेशी राष्ट्रों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों, सार्वजनिक व्यवस्था के हित में, मानहानि, अपराध के लिए उकसाने या अदालत की अवमानना ??के संबंध में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगा सकता है। . बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बारे में यहां और पढ़ें ।

एकत्र होने की स्वतंत्रताः राज्य प्रत्येक व्यक्ति को बिना हथियार के शांतिपूर्वक एकत्र होने की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। हालाँकि, जैसा कि ऊपर बताया गया है, देश की संप्रभुता और अखंडता और सार्वजनिक व्यवस्था के हित में उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

संघ/संघ/सहकारी समितियाँ बनाने की स्वतंत्रताः फिर, राज्य देश की अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता, विदेशी राष्ट्रों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों, सार्वजनिक व्यवस्था के लिए, मानहानि, अपराध के लिए उकसाने या के संबंध में प्रतिबंध लगा सकता है। न्यायालय की अवमानना। यह स्वतंत्रता श्रमिकों को ट्रेड यूनियन बनाने का अधिकार देती है, जो इस प्रकार एक मौलिक अधिकार है।

पुलिस बल (अधिकारों का प्रतिबंध) अधिनियम, 1966 पुलिस कर्मियों को ट्रेड यूनियन बनाने से रोकता है।

संविधान संसद को सशस्त्र बलों, खुफिया ब्यूरो, दूरसंचार प्रणाली में कार्यरत व्यक्तियों के राजनीतिक संघ बनाने के अधिकार को प्रतिबंधित करने वाला कानून पारित करने की भी अनुमति देता है।

स्वतंत्र रूप से घूमने की स्वतंत्रताः भारत का नागरिक भारत के पूरे क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से घूम सकता है। लेकिन इस अधिकार को सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या अनुसूचित जनजातियों के हितों की रक्षा के आधार पर प्रतिबंधित भी किया जा सकता है ।

निवास की स्वतंत्रताः भारत के नागरिकों को देश के किसी भी हिस्से में निवास करने का अधिकार है। हालाँकि सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या अनुसूचित जनजातियों के हितों की रक्षा के आधार पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

पेशे की स्वतंत्रताः सभी नागरिकों को कोई भी व्यापार या पेशा/व्यवसाय करने का अधिकार है, बशर्ते वह व्यापार या व्यवसाय अवैध या अनैतिक न हो। साथ ही, कानून राज्य को व्यवसाय या व्यापार करने के लिए आवश्यक तकनीकी या व्यावसायिक योग्यता से संबंधित कानून बनाने से नहीं रोकता है।



**भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19**
**भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रताः खंड(1)**
**सभा की स्वतंत्रताः खंड (1)**
**संघ की स्वतंत्रताः खंड (1)(ए)**
**भ्रमण की स्वतंत्रताः खंड (1)(बी)**
**निवास और निपटान की स्वतंत्रताः खंड(1)(सी)**
**पेशे, उपजीविका, व्यापार या कारोबार की स्वतंत्रताः खंड (1)(डी )**
**भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध**
**भारत की संप्रभुता (सॉवरेग्निटी) और अखंडता**
**राज्य की सुरक्षा**
**एक विदेशी राज्य के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध (फ्रेंडली रिलेशन)**
**लोक व्यवस्था**
**शालीनता और नैतिकता (डिसेंसी एंड मॉरलिटी)**
**न्यायालय की अवमानना**
**मानहानि**
**अपराध के लिए उकसाना**
**भारतीय संविधान का अनुच्छेद 20**
**कार्योत्तर कानूनों का निषेध**
**दोहरे दंड से उन्मुक्ति (इम्यूनिटी)**
**आत्म-दोष से सुरक्षा**
**भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21**
**अनुच्छेद 21 का विस्तृत दृष्टिकोण**
**भारतीय संविधान का अनुच्छेद 22**
**गिरफ्तार व्यक्ति के अधिकार**
**निवारक निरोध क्या है?**
**निष्कर्ष**
**2. अनुच्छेद 19 के तहत छह स्वतंत्रताएं क्या हैं?**
**3. अनुच्छेद 21 क्या है?**
**4. अनुच्छेद 20 के तहत क्या अधिकार दिए गए है।**

**स्वतंत्रता** शब्द का अनिवार्य रूप से अर्थ है किसी भी अर्थ में प्रतिबंधित नहीं होना। स्वतंत्रता की यह अवधारणा पश्चिमी राजनीतिक विचारकों के बीच बहुत लोकप्रिय है, जिनमें से एक ब्रिटिश दार्शनिक यशायाह बर्लिन हैं, जिन्होंने अपने निबंध द कॉन्सेप्ट्स ऑफ लिबर्टी में नकारात्मक और सकारात्मक स्वतंत्रता का विचार दिया था। उन्होंने नकारात्मक स्वतंत्रता को किसी भी बाहरी बाधाओं से मुक्ति और बिना किसी सीमा के, जो कुछ भी करना पसंद है उसे करने की स्वतंत्रता के रूप में परिभाषित किया। जबकि सकारात्मक स्वतंत्रता से तात्पर्य किसी के जीवन और जीवन के निर्णयों पर आत्मनिर्णय और आत्म-शासन से है। दोनों के बीच अंतर यह है कि नकारात्मक स्वतंत्रता कुछ भी करने या न करने की स्वतंत्रता को दशार्ती है जबकि सकारात्मक स्वतंत्रता स्वयं के विचार को संदर्भित करती है जो दूसरों द्वारा प्रतिबंधित या नियंत्रित नहीं है।

इसलिए, स्वतंत्रता में व्यक्ति के विभिन्न अधिकार जैसे आंदोलन का अधिकार, भाषण और आत्म-अभिव्यक्ति (सेल्फ एक्सप्रेशन) का अधिकार, धर्म का अधिकार, यात्रा का अधिकार, व्यवसाय का अधिकार, आत्म-पहचान का अधिकार, संपत्ति का अधिकार आदि शामिल हैं। किसी व्यक्ति को ये अधिकार प्रदान करने के लिए, राज्य को किसी व्यक्ति के मामलों में कम हस्तक्षेप करना चाहिए। इसे न्यूनतम राज्य के रूप में कार्य करना चाहिए। प्रत्येक लोकतांत्रिक राज्य इन स्वतंत्रताओं के रूप में अपने व्यक्ति को आवश्यक स्वतंत्रता प्रदान करता है। भारत जैसे लोकतांत्रिक राज्य में भी संविधान में इन स्वतंत्रताओं को मौलिक अधिकारों के रूप में प्रदान किया है।

**(लेखिका उच्च न्यायालय झारखंड की अधिवक्ता हैं।)**

स्पीड न्यूज

## आयुक्त ने किया उत्कृष्ट अंक लाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत

**सिमरिया।** प्रखंड के जबड़ा आश्रम विद्यालय के वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाले विद्यार्थियों को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने सम्मानित किया है। सम्मान समारोह में उत्तरी छोटा नागपुर के उपनिदेशक और जिला कल्याण पदाधिकारी भी मौजूद थे। समारोह में उत्कृष्ट अंक लाने वाली नीलम कुमारी, प्रिया कुमारी और पुष्पा कुमारी को तथा हिंदी में 98 अंक लाने वाली अरुणा मरांडी, पुष्पा कुमारी और प्रिया कुमारी को पुरस्कृत किया गया। समारोह में विद्यालय की प्राचार्य जामवंती मिश्रा को हिंदी विषय की श्रेष्ठ प्राचार्य के रूप में स्मृति चिन्ह और शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय के बच्चों को पुरस्कृत किए जाने से बच्चे पसंद है और उनका उत्साह बढ़ा है। इस पुरस्कार से विद्यार्थियों में बेहतर से बेहतर करने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने इस सम्मान के लिए अधिकारियों के प्रति आभार जताया और बच्चों को शुभकामनाएं दी।

## आदिवासियों का योगदान अविस्मरणीय : रविंद्र

**कोडरमा।** आदिवासियों का भारतवर्ष के इतिहास में अविस्मरणीय योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। जब दुनिया में आधुनिक जीवन शैली पैदा नहीं हुआ था, तब से आदिवासियों ने दुनिया को इस धरती पर जीने का सबक सिखाया, प्रकृति के नियमों को समझाया। उनके पास कोई किताब नहीं थी, वह प्रकृति से सीखकर सामाजिक पारंपरिक जीवन की संरचना किया, प्रकृति ही उनके गुरु थे, जंगलों में पहाड़ पर्वत धरना नदी पेड़ पशु आदि में उनकी आत्माएं बसती है।

## राज्य कर्मचारी बीमा निगम के स्थानीय समिति के अध्यक्ष बने रामरतन महर्षि

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की अनुशंसा पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम क्षेत्रीय कार्यालय झारखंड द्वारा जिला स्तर पर गठित किए गए कमेटी में राम रतन महर्षि को कोडरमा जिले के स्थानीय समिति में बतौर नियोजक प्रतिनिधि नामित किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की सुविधा लाभुकों को कैसे ज्यादा से ज्यादा मिले एवं नियोक्ताओं की समस्या का समुचित समाधान हो इसके लिए मैं प्रयास करूंगा। मौके पर प्राचार्य रमेश कुमार उपाध्याय, सुभाष वर्णवाल, जयंती सेठ, ड वीरेंद्र कुमार सिंह, अश्विनी तिवारी, धर्मेंद्र सिंह ने अध्यक्ष बनाये जाने पर शुभकामनाएं दी है।

## दर्जनों छात्रों ने अभाविप का ली सदस्यता

**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने मंगलवार को जिले के विभिन्न स्कूल एवं कोचिंग संस्थानों में सदस्यता अभियान चलाया। जिसमें दुमका से लगभग 700 नए छात्र-छात्रा जुड़े। सदस्यता अभियान की अध्यक्षता नगर मंत्री अभिषेक गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यक्रम सदस्य लखीराम मंडल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद दुनिया का सबसे बड़ा एकमात्र छात्र संगठन है। इसका मुख्य उद्देश्य शैक्षिक परिवार के द्वारा राष्ट्र पुनर्निर्माण करना है। अभाविप एकमात्र छात्र संगठन है, जो दलगत राजनीतिक से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद पर विचार करती है एवं किसी व्यक्ति विशेष की पूजा नहीं कर राष्ट्र की पूजा करता है। परिषद एक बात में छात्र संगठन है। जो महापुरुषों को अपना आदर्श मानती है।

## एसकेएमयू के बीएड सेमेस्टर-4 की परीक्षा 22 अगस्त

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन मंगलवार को बीएड सेमेस्टर-4 के लिए परीक्षा तिथि घोषित कर दिया। यह परीक्षा 22 से 28 अगस्त के बीच द्वितीय पाली में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा संबंधित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह के आदेश से परीक्षा नियंत्रक डॉ राजीव रंजन सिन्हा ने जारी कर दिया। परीक्षा कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

विश्व आदिवासी दिवस पर कन्वेंशन सेंटर में आदिवासी पारंपरिक नृत्य संगीत, कला का बेहतरीन प्रदर्शन

# पर्यावरण एवं प्रकृति की रक्षा करने में आदिवासियों का रहा अहम योगदान: आयुक्त

### ट्राइबल फैशन शो, पारंपरिक वेशभूषा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### समाज को नशापान से मुक्त कराने में युवा निभाये भूमिका: डीआइजी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** विश्व आदिवासी दिवस पर कन्वेंशन सेंटर में जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संताल परगना के प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सुदर्शन प्रसाद मंडल, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, जिप अध्यक्ष जॉयस बेसरा, वन प्रमंडल पदाधिकारी सात्विक, उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा एवं उपाध्यक्ष सुधीर मंडल रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसे पूर्व कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पारंपरिक परिधान एवं वाद्य यंत्रों के साथ परांपरिक लोटा पानी से किया गया। इस अवसर पर अतिथियों को पौधा देकर एवं पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आयुक्त श्री डाडेल ने कहा कि आदि का अर्थ है प्राचीन। आदिवासी प्राचीन व मूल निवासी है। जंगलों, पहाड़ों, प्राकृतिक सम्पदाओं की रक्षा आदिवासी समुदाय के लोग प्राचीन काल से ही करते आ रहे है। पर्यावरण एवं प्रकृति की रक्षा करने में आदिवासियों का अहम योगदान रहा है। भारत की जनसंख्या का लगभग 9 प्रतिशत जनसंख्या आदिवासियों का है। आदिवासियों की देशज ज्ञान परम्परा काफी समृद्ध है। आदिवासियों के पास श्री डी डिजास्टर, डिफेंस और डेवलपमेंट का अदभूत ज्ञान है। अंडमान के जरवा आदिवासी सुनामी जैसी भयानक प्राकृतिक आपदा में इसका उदाहरण प्रस्तुत कर चुके हैं। आजादी के आंदोलन में आदिवासियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। चाहे धरती आबा, बिरसा मुंडा की शहादत हो या वीर सिदो-कान्हू, फूलो-झानो या तिलका मांझी। उन्होंने कहा कि आदिवासी दिवस के अवसर पर संकल्प लेना होगा कि आने वाले पीढ़ी को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित बनाये। ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रह सकें। सरकार आपके अधिकारों के प्रति दृढ़ संकल्पित है एवं कई लाभकारी योजनाऐं आदिवासियों के हितों के संरक्षण के लिए चलाई जा रही है।



द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि, स्टॉल का निरीक्षण करते अतिथि, नृत्य-संगीत प्रस्तुत करते युवक-युवतियां, फैशन प्रतियोगिता में भाग लेते युवक एवं युवतियां

पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मंडल ने कहा कि आज पूरे विश्व में आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। आदिवासी समाज का हमारी धरोहर को संरक्षित रखे में बड़ा योगदान रहा है। आदिवासी संस्कृति को संजोए रखने, स्वाभिमान को जागृत करने और जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए हमेशा एकत्रित होकर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नशापान की वजह से कई सारी घटनाएं प्रायः होती रहती है। समाज को नशापान से मुक्त कराने में भी अपनी सहभागिता देना सुनिश्चित करें। समाज के तमाम महिला-पुरूष एवं युवा वर्ग संकल्प लें कि अपनी सामाजिक व्यवस्था को विकास की दिशा में अग्रसर रखने के लिए बच्चों को उच्च शिक्षा अवश्य दें। जिप अध्यक्ष जॉयस बेसरा ने कहा कि आदिवासी समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अत्यधिक आवश्यक है। तभी हम अपने समाज को आगे ले जा पाएंगे और एक अच्छे नागरिक बन पाएंगे। इस दौरान विभिन्न संथाली सांस्कृति कार्यक्रम, ट्राइबल फैशन शो, पहाड़िया सांस्कृतिक नृत्य, पहाड़िया समुदाय के प्रतिनिधि द्वारा अपने समाज के बारे में परिचय जैसे कार्यक्रम आयोजित की गये। ट्राइबल फैशन शो के माध्यम से आदिवासी समाज के रहन सहन,परंपरा एवं संस्कृति का विस्तृत चित्रण किया गया।

## सात लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज व जुर्माना



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** बिजली चोरी के रोकथाम को लेकर चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र व देवगांव में विभाग ने छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र के 5 व देवगांव के 2 लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाया गया। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ चक्रधरपुर थाने में भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। इसके अलावा दोषियों पर आर्थिक दंड भी लगाया गया है। सभी 7 दोषियों पर लगभग 108310 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। कार्यपालक अभियंता अमित खलखो एवं कनीय अभियंता अजय हंस के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में मानव दिवस कर्मी शालोम जार्ज टोप्पो, गौतम महतो, गणेश सिरका आदि शामिल रहे। छापेमारी में नागेन्द्र नगर निवासी कमलेश मुखी पर जुमार्ना 10125 रुपए, चांदमारी निवासी मोजेश एंथोनी पर जुमार्ना 6125 रुपए, आरपी कॉलोनी निवासी भुवनेश्वर मुण्डारी पर जुमार्ना 15150 रुपए, गैलेन भट्टी निवासी गुरू मंडल पर जुमार्ना 15250 रुपए, शीतला मंदिर निवासी अमरजीत साव पर जुमार्ना 35050 रुपए, केंदो देवगांव निवासी राजेश तांती पर जुमार्ना 4050 रुपए व निवासी सुकांत प्रधान पर जुमार्ना 22560 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है।

## भवनाथपुर में मना विश्व आदिवासी दिवस

भवनाथपुर। नीलाम्बर पीताम्बर आदिवासी संघ भवनाथपुर के तत्वावाान में बुावार को राजकीय त उच्च विद्यालय के स्टेडियम में विश्व आदिवासी दिवस ाूमााम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ जयपाल महतो, थाना प्रभारी रामेश्वर उपायाय, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, उप प्रमुख पिंटू टोपनो, समाजसेवी अजय वर्मा को आदिवासी समुदाय के लोगों ने ढ़ोल नगाड़े मांदर बजा कर, स्वागत गीत गाकर एवं अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने सयुंक्त रूप से नीलाम्बर पीताम्बर एवं बिरसा मुड़ा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुवात किया। कार्यक्रम के पूर्व सांसतिक रैली के साथ सामूहिक नृत्य करते हुए समाज के लोगों ने कर्पूरी चौक, बाजार होते प्रखंड कार्यालय भ्रमण करते हुए स्टेडियम ग्राउंड पहुंचे। इस दौरान आदिवासी संसति की मनमोहक छटां बिखेरते हुए रंगारंग सांसतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मौके पर बीडीओ ने कहा कि आजादी के इतने दिन बीत जाने के बाद भी देश की मूल आबादी आदिवासियों को आज भी संघर्ष करना पड़ रहा है।

## मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत चक्रधरपुर प्रखंड के केंदों एवं आसनतलिया पंचायत में पौधारोपण किया गया। इस दौरान पंचायत के अमृत वाटिका में पौधे लगाए गए एवं पंच प्राण के तहत भारत को विकसित देश बनाने की शपथ ली गई। बुधवार को प्रखंड के केंदों एवं आसनतलिया में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, पंचायती राज पदाधिकारी मनोज सिन्हा एवं अन्य कर्मियों ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ भाग लिया। इसके साथ ही पंचायतों में बनाए गए अमृत वाटिका में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। अभियान के तहत गुरूवार को पंचातयों से मिट्टी लेकर पंचायत प्रतिनिधि प्रखंड कार्यालय पहुंचेंगे। बीडीओ संजय सिन्हा ने बताया कि यह मेरी माटी, मेरा देश के तहत अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। दोनों पंचायत के कार्यक्रम में केंदों मुखिया शांति देवी, आसनतलिया मुखिया कैरी बोदरा, जंगल सिंह गागराई, सोमनाथ कोया, मेलानी बोदरा, समीना गागराई, पिंकी जोंको, आंति सामाड, कृषि पदाधिकारी दिलीप महतो, मनरेगा बीपीओ निरंजन मुखी, कनीय अभियंता प्रकाश रंजन गुप्ता, आदिल ए फरमान, प्रशिक्षु पंचायत सचिव राजकुमार सिन्हा, मंटू गागराई आदि शामिल रहे।

# नहीं पहुंच पा रहे हैं भाई के घर, तो श्रीकृष्ण को बांधे राखी : पं. चेतन पाण्डेय

### रक्षाबंध : 31 अगस्त को भोर में 4:30 बजे से प्रातः 7:45 बजे तक होगा राखी बांधने का सबसे सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त

## रक्षाबंधन पर इस बार भद्रा का अड़ंगा, निशा काल से शुरू होगी शुभ मुहूर्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** श्रावणी पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला भाई बहन के प्रेम का प्रतीक का महापर्व रक्षाबंधन इस बार दो दिन मनाई जाएगी। चूंकि श्रावणी पूर्णिमा इस बार 2 दिन 30 और 31 अगस्त को पड़ रहा है। हालांकि कई लोगों में इस महापर्व को लेकर संशय है कि आखिर रक्षाबंधन किस दिन मनाना सही होगा। ऐसे में अधिसंख्य लोग दुविधा में हैं। कि आखिर यह पर्व कब मनाएं। जबकि वैसा नहीं है। इस पर्व को लेकर पंचांगों में स्पष्ट कर दिया गया है। हां इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का ग्रहण लग रहा है। भद्रा होने के कारण इस बार राखी बांधने के लिए आपको अधिक समय नहीं मिलेंगे। श्री हृषीकेश पंचांग के अनुसार इस बार श्रावणी पूर्णिमा 30 अगस्त को दिन में 10:13 बजे प्रारंभ हो रहा है जो अगले दिन 31 अगस्त को प्रातः काल 7:45 बजे तक भोग करेगा। वहीं 30 अगस्त को प्रातः 10:12 बजे से रात्रि 8:58 बजे तक भद्रा भोग कर रहा है। शास्त्रों के अनुसार भद्रा में रक्षाबंधन नहीं मनाना चाहिए। ऐसे में रक्षाबंधन करने का शुभ मुहूर्त 30 अगस्त की रात भद्रा काल के बाद रात्रि 8:58 बजे के बाद ही शुरू होंगे। जो अगले दिन 31 अगस्त को प्रातः काल 7:45 बजे तक रहेगा। वैसे रक्षाबंधन का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त 31 अगस्त को ब्रह्म मुहूर्त भोर में 4:30 बजे से प्रातः 7:45 बजे तक होगा। 31 अगस्त को ही श्रावणी स्नान-दान की पूर्णिमा तिथि का मान होगा। इसी दिन संस्कृत दिवस व श्रावणी उपाकर्म



मनाएं जाएंगे। रक्षाबंधन पर इस बार कई शुभ और दुर्लभ संयोग बन रहे हैं। जो काफी लाभप्रद होंगे। रक्षाबंधन पर इस बार सुकर्मा योग का संयोग बनेगा। इस दिन ग्रहराज सूर्य सिंह राशि में केंद्रित रहेंगे तो वहीं चंद्रमा कुम्भ राशि में स्थित रहेंगे। रक्षाबंधन के दिन बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं।

**भद्रा में राखी नहीं बांधनी चाहिए :** राखी बांधने के समय भद्रा नहीं होनी चाहिए। कहते हैं कि रावण की बहन ने उसे भद्रा काल में ही राखी बांध दी थी। इस कारण रावण का विनाश हो गया। भद्रा काल और राहू काल को शुभ कार्यों के लिए अशुभ समय माना जाता है। इसलिए जितने घंटे यह योग रहता है, उतने समय शुभ काम नहीं करना चाहिए। इस दौरान राखी बांधने या अन्य कोई शुभ या मांगलिक कार्य करने का शुभ फल नहीं मिलता है।रक्षाबंधन का त्योहार बहन भाई के लिए खास होता है।

**नहीं पहुंच पा रहे हैं भाई के घर, तो श्रीकृष्ण को बांधे राखी :** जो बहने किसी कारण वश अपने भाई के घर राखी बांधने के लिए नहीं पहुंच पाती हैं उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा में राखी बांधनी चाहिए। भगवान श्री कृष्ण की बाल स्वरूप की विधिवत पूजा कर उन्हें राखी बांधने और फिर अपने भाई की सलामती व तरक्की की कामना करें।

**वैदिक रक्षा सूत्र अपनाएं :** उन्होंने बताया कि लोगों को बाजार से राखी खरीदने के बजाय घरों में वैदिक राखी बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि दूर्वा, अक्षत, केसर, चंदन, सरसों के दाने को रेशम के कपड़े में बांधकर सिलाई करें और कलावा में पिरो दें। यह सबसे बेहतर सुरक्षा कवच साबित होता है। आप रुद्राक्ष और मोती से भी घर पर ही राखी बना सकते हैं।

एक नजर में

## मांदर बजा कर मंत्री मिथिलेश ने किया आदिवासी नृत्य

**गढ़वा।** विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर गढ़वा के उत्सव गार्डेन में आयोजित आदिवासी महोत्सव के दौरान गढ़वा विाायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मांदर बजा कर आदिवासी नृत्य किया। इस दौरान कई आदिवासी नेताओं ने भी मंत्री के साथ मांदर बजा कर नृत्य किया। इस कार्यक्रम में आदिवासी परंपरा के अनुसार मंत्री श्री ठाकुर का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों की कई टोलियों ने आदिवासी नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। मंत्री श्री ठाकुर ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले टोलियों को उपहार स्वरूप दो-दो मांदर दिया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी आदिवासियों को उपहार में धोती एवं साड़ी प्रदान किया।

## झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गढ़वा में

**गढ़वा।** गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के तत्वावाान में बुावार को परिसदन भवन में संघ के अयक्ष आलोक मिश्रा की अयक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 17 अगस्त से आयोजित स्व. कौशल कुमार ठाकुर गढ़वा जिला फुटबल प्रतियोगिता को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही सिंतबर माह में झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबल प्रतियोगिता आयोजित कराने को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। मौके पर संघ के पदाधिकारियों के बताया कि फुटबल प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीम को नगद राशि देने का निर्णय लिया गया है। विजेता टीम को 21 हजार रुपये नगद और उपविजेता टीम को 11 हजार रूपये नगद दिया जाएगा। फाइनल के दोनों टीमों के खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। टीम का पंजीयन शुल्क दो हजार रूपया रखा गया है। प्रतियोगिता की पंजीयन की आखिरी तारीख 14 अगस्त होगी। इस प्रतियोगिता में जिले की 20 क्लब को शामिल किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना मेंयुवक की मौत

**मेराल।** थाना गेट के सामने एनएच 75 पर बुावार को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मेराल थाना गेट के सामने एक बाइक सवार को दूसरे बाइक सवार ने पीछे से ाक्क मार दिया। जिससे अगला बाइक सवार सड़क पर गिर गया, इसी दौरान तेज गति से आ रही तीसरी अज्ञात बाइक सवार ने उसे अपनी चपेट मे ले लिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नीतीश कुमार अविलंब घटनास्थल पर पहुंचे तथा घायल युवक को उठाकर मेराल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मेराल थाना क्षेत्र के अरंगी पंचायत के सेमरदोहरी गांव निवासी रामचंद्र राम के 30 वर्षीय पुत्र विनय राम के रूप में की गई। पहचान के बाद इसकी सूचना मेराल थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों को दी। परिजनों के अनुसार विनय राम राजमिस्त्री का काम करता था। दोपहर में वह मेराल बस स्टैंड स्थित बैंक से पैसा निकासी करने गया था। जहां से वह घर वापस लौट रहा था कि मेराल थाना गेट के पास बाइक दुर्घटना हो गई। थाना पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा दिया।

## बीसीआई से मान्यता को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन गंभीर: कुलपति

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विष्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित लॉ कालेजों को बार कौंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से मान्यता दिलाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन गंभीर है। इस बाबत विश्वविद्यालय में प्रशासनिक स्तर पर कवायद शुरू कर दी गई है। ज्ञात हो एसकेएमयू के अंतर्गत दो कॉलेजों में लॉ की पढाई होती है। जिसमें एसपी लॉ कॉलेज, दुमका एवं देवघर लॉ कॉलेज है। उक्त कॉलेजों को वर्ष 2009 में सेल्फ फाइनेंस के तहत बार कौंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त कर कोर्स प्रारंभ हुई थी। वर्ष 2009 में बार कौंसिल ऑफ इंडिया ने उक्त दोनों कॉलेजों में कुछ शर्तों के साथ तीन सत्र तक एलएलबी प्रोग्राम में नामांकन लेने की अनुमति विश्वविद्यालय को दिया था। उसके बाद वर्ष 2012 में विश्वविद्यालय को पुनः बार कौंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता लेना था। लेकिन अपरिहार्य कारणों से नहीं मिल पाया।

## हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात, दहशत में ग्रामीण

**जयनगर (कोडरमा)।** हाथियों का आतंक एक बार फिर देखने को मिला। बताते चलें कि बीते दिन कटिया पंचायत एवं घरौंजा के गांव में हाथियों के झुंड के द्वारा किये गये क्षतिग्रस्त से ग्रामीण पूरी तरह से बाहर नहीं निकले कि ताजा मामला प्रखंड के ग्राम पंचायत गडगी से सामने आया, जहां हाथियों के झुंड ने जम कर उत्पात मचाया और कई घरों की दीवार एवं सरकारी शौचालय तोड़ दिया और कई एकड़ में लगे फसल को भी तहस नहस कर दिया। वहीं लोगों ने बताया कि बीती रात करीब 12 बजे 14 हाथियों का झुंड गांव में उत्तरवाहिनी नदी के तरफ से प्रवेश किया और जागेश्वर यादव का कच्चा मकान को तोड़ दिया। वहीं परमेश्वर यादव का सरकारी शौचालय को पुरी तरह से ध्वस्त कर दिया। वहीं पूर्व पंसस श्रीकांत यादव, चेतन महतो, प्रकाश साव के खेत में लगे फसल बिया को भी तहस नहस कर दिया। वही सभी ग्रामीण ने काफी मशक्कत से हाथियों को खदेड़ कर भगाया। वही ग्रामीणों ने वन विभाग पर आरोप लगाया है कि वन विभाग को सूचना देने पर भी मौके पर कोई पदाधिकारी या कर्मी नहीं पहुंची, वहीं हाथियों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने खबर मन्त्र के अखबार के माध्यम से वन विभाग से सोलर लाइट की मांगी किया है। वहीं मुखिया फरीदा खातून ने हाथियों द्वारा किये गये नुकसान को लेकर मुआवजा की मांग की है।

## ग्रिजली कालेज ऑफ एजुकेशन में अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस मना

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं महाविद्यालय के कर्मचारी जॉन मुर्मू एवं सुसमीना मुर्मू ने फलदार पौधों को लगाये। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व आदिवासी दिवस सम्पूर्ण विश्व के लोगों को आदिवासी आबादी के अधिकारों के लिए जागरूक करता है। वहीं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संजीत कुमार ने कहा कि आदिवासी समुदाय हमेशा प्रकृति संरक्षण के लिए जागरूक रहते हैं।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में विविध प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** आदिवासी दिवस के अवसर पर सेक्रेड हार्ट स्कूल में बुधवार को विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड की संस्कृति पर आधारित पेंटिंग, मॉडल, पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता शामिल है। प्रतियोगिता में सभी वर्गों से लगभग 100 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। वहीं बच्चों ने झारखंड की कला संस्कृति को अपने कैनवास में उतारा जो काफी आकर्षक था। वहीं प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा की झारखंड की अपनी अलग संस्कृति और प्रकृति है। यहां का खानपान, भाषा, रंग-रूप, पहनावा देश भर में विख्यात है, यहां के लोग बहुत सीधे-साधे, भोले-भाले और अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान होते हैं।